4 रायपुर संभाग
आयुष्मान भारत,गुणवत्ता स्वास्थ्य कार्यक्रम में किया गया राष्ट्रीय...

6 अभिमत
लोकसभा अध्यक्ष नेतृत्व में निरंतरता

09 विविध
अवैध रूप से उर्वरक का भंडारण करने पर कृषि केन्द्रों...

10 संस्कारधानी
अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम सिर्फ एक तमगा... बदहाली ऐसी कि ...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 30 जून 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-308 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### विशेष अदालत ने केजरीवाल को 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत भेजा



**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने शराब घोटाले से जुड़े मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को केंद्रीय जांच ब्यूरो की ओर से दर्ज मुकदमे में शनिवार को 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। राऊज एवेन्यू स्थित अवकाशकालीन विशेष न्यायाधीश सुनैना शर्मा ने सीबीआई की ओर से केजरीवाल की हिरासत बढ़ाने की मांग नहीं करने और 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने के आग्रह के बाद यह आदेश पारित किया।

### एनआई ने आधा दर्जन गावों में दी दबिश, 2 गिरफ्तार

**रायपुर।** भाजपा नेता रतन दुबे हत्याकांड की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने नक्सल प्रभावित कांकेर जिले के आधा दर्जन गावों में छापा मारा। एजेंसी ने शुक्रवार देर रात छापे मारे। इस दौरान एनआईए ने 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही आपत्तिजनक दस्तावेजों के साथ कई मोबाइल फोन, एक प्रिंटर और 39,100 रुपये की नकदी जब्त की गई। एनआईए ने कांकेर जिले के सुदूर गांवों मुजालगोंडी, कलमुचे, आमाबेड़ा और जिवलामारी में छापा मारा। एजेंसी 2 लोगों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। बात दें कि एनआईए बीजेपी नेता रतन दुबे की हत्या के मामले की जांच कर रही है।

# भारत विजयी

## टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में चला कोहली का बल्ला







वार्ता ◀ बारबाडोस
www.dailypioneer.com

टी 20 वर्ल्ड कप फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से हरा कर 2024 टी 20 वर्ल्ड कप अपने नाम कर लिया है। भारत अब टी 20 क्रिकेट का नया चैंपियन बन गया है। भारतीय टीम ने 17 साल बाद टी 20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 176 रन बनाए। विराट कोहली (76) की सूझबूझ भरी अर्धशतकीय पारी और अक्षर पटेल (47) के साथ 72 रनों की महत्वपूर्ण भागीदारी की मदद से भारत ने आईसीसी टी 20 विश्वकप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले खेलते हुये सात विकेट पर 176 रनो का स्कोर खड़ा किया। लगभग पूरे टूर्नामेंट में खामोश रहने वाला विराट का बल्ला खिताबी मुकाबले में जम कर दहाड़ा। विराट ने मार्को जानसन के पहले ओवर में तीन चौके लगाकर अपने इरादों का इजहार किया। भारत ने पहले ओवर में 15 रन जुटाये, उस समय लग रहा था कि इस पिच पर 200 से ऊपर का स्कोर खड़ा हो सकेगा मगर दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने जबरदस्त वापसी करते हुये पहले पावर प्ले में ही भारत के तीन महत्वपूर्ण विकेट रोहित शर्मा (9), ऋषभ पंत (0) और सूर्यकुमार यादव (3) का विकेट झटक कर नीली जर्सी वाली टीम को बैकफुट पर धकेल दिया और मैदान पर सन्नाटा छा गया। रोहित और ऋषभ के विकेट केशव महाराज ने निकाले जबकि सूर्य कुमार कैसिगो रबाडा की गेंद को पुल करने के प्रयास में डीप स्कैवयर लेग पर धरे गये। इस कठिन समय पर विराट का साथ देने आये अक्षर ने संयमित बल्लेबाजी करते हुये भारत के स्कोरबोर्ड को चलाया और दोनो बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिये अहम 72 रन जोड़े। विस्फोट के साथ पारी की शुरुआत करने वाले विराट ने सूझबूझ का परिचय देते हुये बाउंड्री की बजाय विकेट के बीच दौड़ लगाने को प्राथमिकता दी जबकि आखिरी के ओवर में उन्होने गियर बदलते हुये अपने चिरपरिचित अंदाज में दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों की बखिया उधेड़ कर रख दी। वह पारी के 19वें ओवर में मार्को यानसन का शिकार बने जब मिडिल और लेग में बैक आफलेंथ गेंद को पुल करने के प्रयास में गेंद का बल्ले से संपर्क ठीक से नहीं हो सका और रबाडा ने दौड़ कर उनका कैच लपक लिया। उन्होने 59 गेंद खेल कर छह चौके और दो छक्के लगाये जबकि चौथे विकेट के रुप में रन आउट होने से पहले अक्षर ने 31 गेंद की पारी में एक चौका और चार छक्के जड़े। आखिरी के ओवर में शिवम दुबे (27) रन गति बढाने के प्रयास में अनरिख़ नॉर्खिये को अपना विकेट थमा बैठे। रविंद्र जडेजा (2) भी नार्खिये का शिकार बने। पांड्या पांच रन बनाकर नाबाद लौटे। 177 रनों का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने एक समय 15 ओवर में 4 विकेट पर 147 रन बना लिए थे। यहां से उनकी जीत पक्की लग रही थी, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने उनके जबड़े से जीत छीन ली। बूमराह और हार्दिक पण्ड्या की शानदार बोलिंग ने भारत को विजय दिलाई।

# टैंक दुर्घटना में पांच सैनिकों की मौत

## इसी जगह पर 2020 में भारत और चीन की सेनाओं के बीच झड़प हुई थी



वार्ता ◀ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास सेना का एक टैंक दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से पांच सैनिकों की मौत हो गयी। सूत्रों के मुताबिक घटना लद्दाख के दौलत बेग ओल्डी इलाके के मंदिर मोड़ पर उस समय हुई, जब एक बख्तरबंद टैंक अभ्यास के तहत नदी पार कर रहा था। टैंक में पांच सैनिक थे , जो पानी में फंस गये और उनकी मौत हो गयी। सेना की ओर से इस घटना पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। दौलत बेग ओल्डी लद्दाख का सबसे उत्तरी छोर है और यह गलवान घाटी में संपर्क का पहला बिंदु है, जहां 2020 में भारत और चीन की सेनाओं के बीच झड़प हुई थी।

### राजनाथ ने सैनिकों की मौत पर दुख व्यक्त किया



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख में सैन्य अभ्यास के दौरान पांच सैनिकों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। इन सैनिकों की लद्दाख के दौलत बेग ओल्डी क्षेत्र में नदी से टैंक को पार कराने के अभ्यास के दौरान हुए हादसे में मौत हो गई। सिंह ने शनिवार को सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में लिखा,' लद्दाख में टैंक को नदी के पार ले जाने के अभ्यास के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण घटना में हमारी सेना के पांच बहादुर सैनिकों की मौत से गहरा दुख पहुंचा है। हम राष्ट्र के प्रति अपने बहादुर जवानों की असाधारण सेवा को कभी नहीं भूल पाएंगे। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना है। संकट की इस घड़ी में समूचा राष्ट्र उनके साथ खड़ा है।' रक्षा सूत्रों के अनुसार यह हादसा नदी में अचानक पानी का स्तर बढ़ जाने के कारण हुआ। सेना ने बताया है कि यह हादसा शुक्रवार की रात उस समय हुआ जब सैन्य अभ्यास के बाद टैंक पर सवार सैनिक श्योक नदी से टैंक को बाहर ले जा रहे थे। अचानक नदी में पानी का का स्तर बढ़ने से ये जवान वहां फंस गए। उन्हें बचाने के लिए बचाव टीमों को तुरंत रवाना किया गया।

# दिल्ली में संगठन के नेताओं के साथ सीएम साय की हुई चर्चा

## बीएल संतोष, शिवप्रकाश, जामवाल समेत सभी सांसद रहे मौजूद

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर /नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



सीएम विष्णुदेव साय सांसदों की डिनर में हिस्सा लेकर रायपुर लौट आए है। जानकारी अनुसार दिल्ली में राजनांदगांव के सांसद संतोष पाण्डेय ने अपने सरकारी निवास पर सभी सांसदों का डिनर रखा था। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ ही महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष, संगठन महामंत्री शिवप्रकाश और छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, संगठन मंत्री पवन साय, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव को भी आमंत्रित किया गया था। शाम को संतोष पाण्डेय के निवास पर सांसदों का डिनर प्रारंभ हुआ। डिनर के दौरान शीर्ष नेताओं के बीच क्या बात हुई, ये अभी बाहर नहीं आ पाई है। खबरों के अनुसार इस दौरान कई पार्टी से जुड़े कई गंभीर मामलों पर चर्चा हुई। संगठन को कैसे मजबूत किया जाए। समझा जाता है कि शीर्ष नेताओं के बीच मंत्रिमंडल विस्तार पर भी चर्चा हुई होगी। बैठक में छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित सभी 10 सांसद मौजूद थे। सुबह रायपुर लौटे सीएम साय ने एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा में बताया कि शुक्रवार को दिल्ली में प्रदेश के सांसदों के साथ मुलाकात हुई। यह एक परिचयात्मक बैठक थी। इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और प्रदेश अध्यक्ष किरण देव भी मौजूद थे।

> पत्रकारों से मंत्रिमंडल के विस्तार का सवाल सुनते ही सीएम सीएम मुस्कुराते हुए यह कह कर सवाल को टाल दिया कि जब समय आएगा तब मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा।






# हमारे विद्यालय नवाचार और शोध के केन्द्र बनें: योगी

पायनियर संवाददाता ◀ लखनऊ
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि कोई भी विद्यार्थी शिक्षा से वंचित न रहे। प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, हमें यह कर्तव्य अवश्य निभाना चाहिए, क्योंकि यह देश की सबसे बड़ी सेवा है। श्रीमद्भागवत गीता में किसी को शिक्षित करना सबसे पवित्र कार्य माना गया है। लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने यूनिफॉर्म, जूते, मोजे, स्वेटर, स्टेशनरी और स्कूल बैग खरीदने के लिए प्रति छात्र 1200 रुपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके माता-पिता या अभिभावकों के बैंक खातों में हस्तांतरित करने की भी शुरुआत की। शिक्षकों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, आप इस पवित्र कार्य में लगे हैं।
आपका आचरण समाज के मार्गदर्शक जैसा होना चाहिए, न कि केवल सरकारी अधिकारी जैसा। उन्होंने विद्यालयों को नवाचार और शोध के नए केन्द्र के रूप में स्थापित करने और विद्यार्थियों को कठिन चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने के महत्व पर बल दिया। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु के लिए इससे बड़ा सम्मान और कोई नहीं हो सकता कि उसके बताए हुए विद्यार्थी देश, प्रदेश और जिले में ऊंचे पद पर पहुंचें। उन्होंने कहा, इन कार्यक्रमों के माध्यम से हम अपने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर रहे हैं और उन्हें नई पीढ़ी के सामने आदर्श के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं, जिससे पता चलता है कि यदि वे भी कड़ी मेहनत करेंगे तो उन्हें सम्मान मिलेगा। विद्यार्थियों के साथ अपनी सफलता का मंत्र साझा करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जीवन में वे चाहे कोई भी क्षेत्र चुनें, कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा, जीवन में शॉर्टकट अपनाने वाला व्यक्ति कभी अपनी मंजिल तक नहीं पहुंच सकता इसलिए आपको जीवन में यथासंभव कड़ी मेहनत करनी चाहिए। जिन विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत की है, वे मेरिट सूची में शामिल हुए हैं। सफलता इस बात की पुष्टि करती है कि हम सही रास्ते पर हैं और हमें एकाग्र और निडर रहना चाहिए। योगी ने कहा कि यहां यूपी माध्यमिक शिक्षा, यूपी माध्यमिक संस्कृत शिक्षा बोर्ड, भारतीय विद्यालय प्रमाण पत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) नई दिल्ली और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) नई दिल्ली के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की मेरिट सूची में 112 लड़कियों और 58 लड़कों समेत कुल 170 छात्रों ने जगह बनाई है। यह सफलता दर्शाती है कि हमारी बेटियों ने महत्वपूर्ण प्रगति की है, और उनकी शिक्षा और विकास पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। यूपी माध्यमिक शिक्षा हाईस्कूल परीक्षा की मेरिट सूची में कुल 17 छात्रों में से 4 लड़के और 13 लड़कियों को बाहर कर दिया गया। उन्होंने कहा, इंटरमीडिएट की मेरिट सूची में 36 छात्रों में 14 लड़के और 22 लड़कियां थीं। यूपी माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की हाईस्कूल परीक्षा के लिए, 11 छात्रों में 2 लड़के और 9 लड़कियां सूचीबद्ध थीं। इसके अलावा इंटरमीडिएट की 11 छात्रों की मेरिट सूची में 1 लड़का और 10 लड़कियां हैं। सीबीएसई की 10वीं की मेरिट सूची में यूपी के 26 छात्रों में 11 लड़के और 15 लड़कियां हैं। सीबीएसई की 10+2 की मेरिट सूची में 22 छात्रों में 3 लड़के और 19 लड़कियां हैं। आईसीएसई के 30 छात्रों में 18 लड़के और 12 लड़कियां हैं, जबकि आईसीएसई 10+2 श्रेणी में 17 छात्रों में 5 लड़के और 12 लड़कियां हैं। योगी ने जोर देकर कहा कि सरकार इन सभी मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र, टैबलेट और 1 लाख रुपये नकद दे रही है। इसके अलावा, उन्होंने घोषणा की कि जिन गांवों या बस्तियों में ये छात्र रहते हैं, वहां की सड़कों का नाम उनके नाम पर रखा जाएगा या सरकार उनके सम्मान में सड़क निर्माण परियोजनाएं शुरू करेगी। उन्होंने कहा, उन्हें विधायक और सांसद के साथ इन पहलों का शिलान्यास करने का भी अवसर मिलेगा।

# नक्सलियों पर नियंत्रण से बालाघाट जिला हुआ सामान्य: सीएम यादव

पायनियर संवाददाता ◀ बालाघाट
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि नक्सलियों पर नियंत्रण से राज्य का सर्वाधिक समस्याग्रस्त बालाघाट जिला फिर से सामान्य हुआ है। डॉ. यादव यहां पुलिस प्रशासन के 'आउट ऑफ टर्न' प्रमोशन कार्यक्रम में शामिल हुए।
इस दौरान उन्होंने 28 जवानों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के दुश्मनों की कमर तोड़ने में सशस्त्र बल सक्षम हैं। उन्होंने इसी क्रम में प्रसन्नता जताते हुए कहा कि जवानों को प्रमोशन दिया गया है। बालाघाट के सभी प्रकार के सशस्त्र बलों में जिला पुलिस बल, एसएएफ के जवानों ने सक्रिय भूमिका अदा की है। भारत सरकार की सीआरपीएफ की तीन बटालियन की 18 कंपनियां यहां पर है। इसके साथ ही उन्होंने सभी को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने नक्सलियों के आत्मसमर्पण की नीति बनाई है। उस दिशा में काम हो रहा है। यही कारण है कि नक्सलियों पर काफी नियंत्रण किया है और सर्वाधिक समस्याग्रस्त जिला बालाघाट फिर से सामान्य हुआ है।

## यादव से प्रभात सिंह ने की भेंट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से गोकलदास एक्सपोर्ट्स के कार्यकारी संचालक प्रभात सिंह ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सौजन्य भेंट की। आधिकारि जानकारी के अनुसार परिधान निर्माण क्षेत्र में कार्यरत कंपनी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अपनी द्वितीय इकाई के भूमि पूजन के लिए आमंत्रित किया। उल्लेखनीय है कि गोकलदास एक्सपोर्ट्स ने सरकार की गारमेंट पैकेज नीति से प्रेरित होकर अचारपुरा भोपाल में अपनी पहली परिधान निर्माण इकाई आरंभ की जिसमें 1500 से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया जा रहा है। इसमें 1200 से अधिक महिला कर्मचारी हैं। कंपनी की चरणबद्ध रूप से 5 हजार व्यक्तियों को रोजगार देने की योजना है।

# टनकपुर–चंपावत एनएच एक जुलाई से रात में वाहनों के लिये रहेगा बंद

एजेंसी ◀ चंपावत/नैनीताल
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड के चंपावत जिला प्रशासन की ओर से मानसून काल में सुरक्षा की दृष्टि से राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-09 को आगामी एक जुलाई से अगले आदेश तक रात में यातायात के लिये बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

चंपावत के जिलाधिकारी नवनीत पांडे की ओर से जिला सड़क सुरक्षा समिति की शनिवार को आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में तय किया गया कि आगामी एक जुलाई से चंपावत से घाट तक शाम को छह बजे से सुबह छह बजे तक यातायात पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसी प्रकार चंपावत से टनकपुर तक शाम सात बजे से सुबह छह बजे तक वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। साथ ही ककराली गेट से चंपावत तक शाम छह बजे से सुबह छह बजे तक वाहनों के आने जाने पर प्रतिबंध रहेगा। एनएच-09 चंपावत और पिथौरागढ़ जिले के लोगों की लाइफलाइन है और इस निर्णय से पिथौरागढ़, चंपावत और लोहाघाट जाने वाले हजारों लोग प्रभावित होंगे। यह भी कहा गया कि आदेश की नाफरमानी करने वाले चालकों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई अमल में लायी जायेगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य के लिये आगामी 15 सितम्बर तक भारतोली और सूखीढांग विश्राम गृह में तत्काल अस्थायी पुलिस चौकियां स्थापित की जायेंगी। यह भी कहा गया कि वाहन दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये जिले में प्रवर्तन की कार्यवाही हेतु अभियान चलाया जायेगा।

# डाटा संकलन व उसके उपयोग के लिए प्रशिक्षण अत्यंत जरूरी: बैरवा

एजेंसी ◀ धर्मशाला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा है कि सभी विभागीय अधिकारियों तथा कर्मचारियों को अपने अपने विभागों में कार्यक्रमों एवं योजनाओं को कारगर तरीके से संचालन के लिए डाटा के संकलन तथा उसके उपयोग को लेकर प्रशिक्षण अत्यंत जरूरी है। शनिवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बैरवा ने कहा कि सार्वजनिक सेवाएँ किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होती हैं, और डाटा का लाभ उठाकर इसकी वितरण और दक्षता में काफी सुधार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि डाटा विश्लेषण से उपलब्ध जानकारी सरकार को महत्वपूर्ण मुद्दों की पहचान करने, नीतिगत हस्तक्षेपों को प्राथमिकता देने और विभिन्न नीति विकल्पों के संभावित परिणामों का आकलन करने में सक्षम बनाती है। डाटा विश्लेषण के आधार पर ही योजनाओं का सही आकलन किया जा सकता है तथा उसमें सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि डाटा संकलन सभी विभागों के लिए अत्यंत जरूरी है तथा इसी दिशा में सांख्यिकी विभाग के माध्यम से सभी विभागीय अधिकारियों के नियमित तौर पर प्रशिक्षण की व्यवस्था करनी चाहिए। इस अवसर पर सांख्यिकी के जनक पीसी महालेनोबिस के योगदान पर भी चर्चा की गई। इससे पहले सांख्यिकी विभाग के आर्थिक सलाहाकार विनोद राणा ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए निर्णय लेने में डाटा के उपयोग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। जिला अनुसंधान अधिकारी स्वर्ण लता शर्मा ने सभी प्रतिभागियों का कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आभार व्यक्त किया।

# पिकअप पलटने से दो वर्षीय बच्चे की मौत, सात घायल

**भरतपुर।** राजस्थान के भरतपुर जिले में आगरा-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 पर सेवर थाना क्षेत्र के लुधावई टोल प्लाजा के पास शनिवार को पिकअप पलटने से एक बालक की मौत हो गयी तथा सात लोग घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे का शिकार परिवार पिकअप में अजमेर ख्वाजा शरीफसे जियारत कर कल रात अपने घर आगरा के लिए लौट रहा था, लेकिन शनिवार तड़के करीब पांच बजे लुधावई टोल प्लाजा के पास अचानक पिकअप का टायर फट गया जिससे पिकअप बेकाबू हो गई और सड़क किनारे जाकर पलट गयी, जिससे दो साल के अंशु की मौत हो गयी। भरतपुर के आरबीएम अस्पताल में भर्ती घायलों में हजारा (32), रीना (32), सूरज (36), इशाक (36), बन्नू (20), समीरा (25), विजय (25) शामिल हैं। मृतक अंशु के शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

## गोबिंद सागर झील में डूबा वृद्ध व्यक्ति, मौत

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना में गोविंद सागर झील के लठियाणी घाट पर शनिवार को बड़सर के एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। डूबने वाला व्यक्ति बड़सर में सब्जी की दुकान चलाता था। झील के घाट पर मछलियों को गोलियां डालने के लिए आया था कि अचानक उक्त व्यक्ति का पैर फिसल गया जिससे व्यक्ति झील में डूब गया। जानकारी के मुताबिक बड़सर कस्बे का प्रदीप कुमार (60) उर्फ मक्खन पुत्र लक्ष्मी चंद शनिवार दोपहर गोबिंद सागर झील के लठियाणी घाट पर मछलियों के लिए गोलियां डालने आया था। गोलियां डालते हुए पैर फिसलने से उक्त व्यक्ति झील में डूब गया। स्थानीय लोगों ने व्यक्ति को डूबते हुए देख लिया लेकिन जब तक उक्त व्यक्ति को झील के पानी से बाहर निकाला गया तो उसकी मौत हो गई थी।



## अमरनाथ यात्रियों का दूसरा जत्था रवाना

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार को अमरनाथ यात्रा का दूसरा जत्था पवित्र गुफा के लिये रवाना हुआ। इस जत्थे में 4029 तीर्थयात्री शामिल हैं, जो 200 वाहनों से भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से दक्षिण कश्मीर के पहलगाम और उत्तर कश्मीर के बालटाल के मार्गो से पवित्र गुफा के दर्शन करने पहुंचेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 2179 तीर्थयात्रियों में से 1670 पुरुष, 332 महिलाएं, दो बच्चे, 144 साधु और 31 साध्वियां शामिल हैं जो 96 वाहनों से पहलगाम आधार शिविर के लिए रवाना हुए। इस बीच, बालटाल में 1850 तीर्थयात्रियों में से 1264 पुरुष, 448 महिलाएं, 19 बच्चे, 87 साधु और 31 साध्वियां शामिल हैं। तीर्थयात्री 'हर हर महादेव' और 'बम बम भोले' का नारा लगाते हुए सुरक्षाकर्मियों के काफिले के साथ बेस कैंप से रवाना हुए। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को पारंपरिक पूजा-अर्चना के बाद तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को यहां से रवाना किया।

## चाकू के बल पर आटो लूटने के प्रयास में तीन लुटेरे गिरफ्तार

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के वैदपुरा इलाके में चाकू के बल पर ऑटो लूटने के प्रयास में तीन लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वैदपुरा इलाके में ऑटो लूटने का प्रयास करने वाले तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया गया है। वादी ऑटो चालक धर्मेंद्र कुमार ने पुलिस को एक प्रार्थना पत्र दिया था जिसमें बताया था कि वह ऑटो चलाने का काम करता है। 27 जून को वह अपने ऑटो में सवारियों को बैठाने के लिए उनका इंतजार कर रहा था तभी एक बाइक पर तीन युवक सवार होकर आते हुए दिखाई दिए जिन्होंने ऑटो को बुक करने की बात कही। ऑटो चालक उनके साथ में चला गया और रास्ते में जाने के बाद ऑटो में मौजूद दो लुटेरों ने चाकू के बल पर ऑटो लूटने का प्रयास किया। इसी दौरान पुलिस की गाड़ी आता देख ऑटो चालक भागने की कोशिश करने लगे जिसमे से ऑटो चालक ने एक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

# डिजिटल मीडिया के नाम पर कोई भी समाचार और विचार परोसा जा रहा है, लेकिन यह पत्रकारिता नहीं है: के.जी. सुरेश

**नारद जयंती के उपलक्ष्य पर हुआ आयोजन, मुख्य अतिथि के रूप में जनसंपर्क आयुक्त मयंक श्रीवास्तव ने भी रखे अपने विचार**

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com






पूरा विश्व पैंडेमिक की तरह इंफोडेमिक से भी जूझ रहा है। कई बार डिजिटल मीडिया के माध्यम से त्रुटिपूर्ण सूचनाएं, गलत तथ्यों को लेकर फैलाई जा रही सूचनाएं और तोड़ मरोड़ कर पेश की जाने वाली सूचनाओं से जो भ्रम फैलता है उससे समाज को काफी नुकसान पहुंचता है। यद्यपि डिजिटल मीडिया में रचनात्मकता के लिए बहुत संभावनाएं हैं। इससे उपजी चुनौतियों से निपटने कारगर कदम उठाये जाएं, राष्ट्रीय मीडिया साक्षरता अभियान चलाएं जाएं ताकि फेक न्यूज आदि से निपटा जा सके तो डिजिटल मीडिया हमारे समाज के लिए प्रभावी भूमिका निभा सकती है। यह बात नारद जयंती पर आयोजित देवऋषि नारद पत्रकारिता सम्मान के मौके पर माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय भोपाल के कुलपति के.जी. सुरेश ने डिजिटल क्रांति के समय पत्रकारिता विषय पर अपने संबोधन में की। इस मौके पर जनसंपर्क विभाग के आयुक्त मयंक श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर देवर्षि नारद सम्मान से बीएस टीवी के ब्यूरो चीफ डॉ. अवधेश मिश्र, वरिष्ठ छायाकार भूपेश केशरवानी को स्वर्गीय रमेश नैयर सम्मान एवं वरिष्ठ पत्रकार भोलाराम सिन्हा को स्वर्गीय बबनप्रसाद मिश्र सम्मान से पुरस्कृत किया गया। सुरेश ने कहा कि जिस तरह वर्ष प्रतिपदा और गुरुपूर्णिमा को आयोजन होते हैं वैसे ही नारद जयंती के दिन भी आयोजन होना चाहिए। जब वर्ष प्रतिपदा कहते हैं तो वैसा ही सात्विक भाव मन में आता है जो न्यू ईयर के विचार में नहीं आता। हमें भारतीय परंपरा के अनुसार नारद जयंती के दिन पत्रकारों के लिए, पत्रकारों हेतु और पत्रकारों द्वारा आयोजन करना चाहिए। उपनिषद में जो निर्भीकता का भाव होता है, वैसा ही भाव देवर्षि नारद हमें सिखाए हैं। पत्रकार की सादगी उनसे सीख सकते हैं। उन्होंने लोककल्याण के लिए सूचना का संचार किया। त्रस्त प्रजा के समाचार देवताओं तक पहुंचाए इसलिए भगवत गीता में भगवान कृष्ण ने कहा है कि मैं ऋषियों में देवऋषि नारद हूँ। डिजिटल मीडिया के सकारात्मक पक्षों के बारे में उन्होंने बताया कि पहले मीडिया सूचनाएं देता था, अब न्यू मीडिया फीडबैक भी देता है। मीडिया का लोकतांत्रिकीकरण हो गया है। इसके कारण डिजिटल मीडिया की ताकत बढ़ी है। सोशल मीडिया अब समाज को प्रभावित कर रहा है, दुनिया भर में कई बड़े आंदोलन खड़ा करने में डिजिटल मीडिया ने भूमिका निभाई। लेकिन डिजिटल मीडिया तभी प्रभावी है जब जमीन पर आंदोलन मजबूत हो। डिजिटल मीडिया के नाम पर कोई भी समाचार और विचार परोसा जा रहा है, लेकिन यह पत्रकारिता नहीं है। इस क्षेत्र में अनेक एक्टिविस्ट उतर आए हैं जबकि पत्रकार को फैक्टिविस्ट होना चाहिए, तथ्यों के आधार पर पत्रकारिता होना चाहिए। इन्हीं कारणों से डिजिटल मीडिया के नाम पर पत्रकारिता की विश्वसनीयता कम हुई है। पत्रकारिता में स्वतंत्रता जरूरी है लेकिन स्वच्छंदता नहीं होनी चाहिए। पत्रकारिता में परीक्षण आवश्यक है लेकिन अधिकांशतः डिजिटल मीडिया में कोई परीक्षण नहीं हो रहा है, गलत प्रसारित हो जाने के बाद उसे हटा लेना आसान है इसलिए उसकी विश्वसनीयता अच्छी नहीं होती। डिजिटल मीडिया की सबसे बड़ी चुनौती विश्वसनीयता है। दूसरी चुनौती फेक समाचारों का है, कहीं का फोटो या वीडियो लेकर कुछ भी समाचार परोसा जा रहा है। सामान्य जनता ऐसे गलत समाचारों पर भी विश्वास करते हैं, इससे समाज गुमराह हो रहा है। ऐसी समाचारों के कारण भारत में पढ़े लिखे लोग भी कोविड का टीका नहीं लगवा रहे थे। यह देश के लिए भी खतरा है। इस फेक न्यूज की पहचान करना जरूरी है। जरूरत है नागरिकों को इस खतरे के प्रति जागरूक करने की है, मीडिया साक्षरता अभियान शुरू करने की आवश्यकता हैं। डिजिटल मीडिया की ताकत का उपयोग करके सकारात्मक और रचनात्मक विषयों को जनता तक पहुंचाने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि मयंक श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि नारद ब्रह्मांड के पहले पत्रकार थे, वे रामायण और महाभारत जैसी रचना के प्रेरणास्त्रोत भी थे। भागवत पुराण में देवऋषि नारद के प्रसंग आते हैं, जिससे पता चलता है कि वे कितनी तेजी से सूचनाएं प्रस्तुत करते थे। नारद संवाददाता थे, केवल समस्या नहीं बताते थे बल्कि समस्याओं का समाधान भी देते थे। आयुक्त जनसंपर्क श्रीवास्तव ने बताया कि लोग बहुत जिज्ञासु होते हैं। ऐसे में बहुत जरूरी है कि संचार के माध्यम उन्हें समग्र तस्वीर से परिचित कराएं। समाज में बहुत कुछ बुरा घट रहा है तो बहुत कुछ अच्छा भी हो रहा है। इस सकारात्मकता से परिचित कराना बहुत जरूरी है, जिससे लोगों के मन में आशावादिता विकसित हो, वे बेहतर समाज के निर्माण में जुट पाएं। संबोधन के बाद अतिथियों को स्मृति चिन्ह आयोजन समिति के संयोजक आर. कृष्णा दास ने दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका कौशल ने किया और आभार प्रदर्शन आशुतोष मंडावी ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र के प्रचार प्रमुख कैलाश जी, प्रांत के प्रचार प्रमुख संजय तिवारी समेत काफी संख्या में पत्रकारगण उपस्थित रहे।

## रोडवेज बस ने ऑटो में मारी टक्कर, 4 की मौत दो घायल

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार को हरदोई की ओर से आ रही अनियंत्रित रोडवेज बस ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ऑटो के परखच्चे उड़ गये। इस घटना में ड्राइवर सहित चार लोगों की मौत हो गयी, वहीं 02 अन्य गंभीर रूप से घायल है। सीओ बांगरमऊ अरविंद कुमार ने बताया बांगरमऊ कोतवाली इलाके में गंजमुरादाबाद के निकट हरदोई की ओर से आ रही रोडवेज बस ने उन्नाव हरदोई मार्ग पर ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचकर जांच करी गई। जांच के दौरान प्रकाश में आया घटना के समय ऑटो में ड्राइवर सहित 6 लोग सवार थे। इस घटना में दो लोगों की मौके पर और तीसरे की सीएचसी में मौत हो गई थी जबकि चौथे ड्राइवर की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। घायलों को बांगरमऊ सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया था। रोडवेज बस को कोतवाली भेज दिया गया है।

## चार दिन से लापता व्यक्ति का नहीं मिला कोई सुराग, परिजन परेशान

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के नगर परिषद मैहतपुर के तहत वार्ड नंबर चार का एक व्यक्ति पिछले चार दिनों से लापता है। मामले को लेकर लापता की मां ने मैहतपुर पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रानी निवासी वार्ड नंबर चार मैहतपुर ने बताया कि मेरा बेटा संजय कुमार (42) गत 26 जून को घर से बिना बताए कहीं चला गया। सगे संबंधियों सहित अन्यों से बेटे संजय कुमार के बारे काफी पता किया, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। ऐसे में मां ने मैहतपुर पुलिस के पास बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

## सतना में कार के ऊपर ट्रक पलटा, तीन की मौत

**सतना।** मध्यप्रदेश के सतना जिले में आज एक दुर्घटना ग्रस्त कार के ऊपर ट्रक के पलट जाने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार उचेहरा थाना क्षेत्र के पथरहटा गांव के निकट पहले एक कार पलट गई उसी दौरान बगल से गुजर रहा ट्रक उसी दुर्घटना ग्रस्त कार के ऊपर पलट गया। इस हादसे में कुलदीप द्विवेदी, रुचि द्विवेदी और ग्यारह वर्षीय गोपाल द्विवेदी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो साल गौरी द्विवेदी सकुशल बच गई।




# न्यायाधीश संविधान के सेवक हैं, स्वामी नहीं: न्यायमूर्ति चंद्रचूड़

एजेंसी ◀ कोलकाता
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि न्यायाधीश संविधान के सेवक हैं स्वामी नहीं ,उन्हें न्यायपूर्ण तरीके से अपना फैसला सुनाना चाहिए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यहां टाउन हॉल में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, न्यायाधीश संविधान के सेवक हैं, स्वामी नहीं। जब मुझे बताया जाता है कि यह न्याय का मंदिर है, तो मैं थोड़ा संकोची हो जाता हूं। एक गंभीर धारणा है कि हमें मंदिर में देवताओं के रूप में देखा जाता है। मैं न्यायाधीशों की भूमिका को लोगों के सेवक के रूप में फिर से परिभाषित कर रहा हूँ। ऐसा करके आप दूसरों के बारे में निर्णय लेने में करुणा और सहानुभूति की भावना लाते हैं, लेकिन दूसरों के बारे में निर्णयात्मक नहीं होते। उन्होंने कहा, न्यायिक प्रणाली में कई बाधाएं हैं, लेकिन तकनीक की मदद से आम लोगों के लिए अंग्रेजी से सैकड़ों क्षेत्रीय भाषाओं का अनुवाद किया जा सकता है। तकनीक हम सभी को कुछ जवाब दे सकती है। ज्यादातर फ़ैसले अंग्रेज़ी में लिखे जाते हैं। तकनीक ने हमें उनका अनुवाद करने में सक्षम बनाया है। हम 51 हजार से अधिक फ़ैसलों का दूसरी भाषाओं में अनुवाद कर रहे हैं। इनमें बंगाली और उड़िया में फ़ैसले भी शामिल हैं। उन्होंने जमानत आवेदनों की सुनवाई में सुस्ती पर चिंता व्यक्त की और कहा कि यह न्यायिक प्रणाली का मॉडल नहीं है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालयों को यह भी निगरानी करनी चाहिए कि किसी व्यक्ति को जमानत देने के उनके आदेश का क्रियान्वयन हुआ या नहीं, क्योंकि नौकरशाही प्रणाली आदेश के त्वरित निपटान को प्रभावित करती है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि आपराधिक मामले में किसी को भी सजा सुनाते समय भी न्यायाधीशों को करुणा की भावना के साथ ऐसा करना चाहिए, क्योंकि अंत में एक इंसान को ही सजा सुनाई जा रही है। उन्होंने कहा, संवैधानिक नैतिकता की ये अवधारणाएं केवल शीर्ष अदालत या उच्च अदालत के न्यायाधीशों के लिए ही नहीं बल्कि जिला न्यायपालिका के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

# भोंगापाल से बड़गई और कुलानार से बड़गई के बीच सड़क निर्माण की मिली स्वीकृति

## विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगा यह क्षेत्र : विधायक नीलकंठ टेकाम

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com







नारायणपुर जिले की सीमा पर स्थित फरसगांव विकासखण्ड के दुरस्थ ग्राम बड़गई में जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। यहां 398 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर विधायक, कलेक्टर, एसपी सहित जनप्रतिनिधियों ने वृक्षारोपण भी किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर क्षेत्रीय विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार जनता की समस्याओं के निदान के लिए प्रतिबद्ध है तथा इसी कड़ी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रख सके, इसके लिए अच्छा अवसर है। मुख्यमंत्री साय स्वयं भी प्रति सप्ताह जनता की समस्याओं के समाधान के लिए जनदर्शन आयोजित कर रहे हैं। इसके साथ ही मेरे द्वारा भी प्रति दो सप्ताह में जनदर्शन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जनसमस्याओं का निराकरण है। टेकाम ने कहा कि जनता की मांग पर आज इस शिविर में भोंगापाल से बड़गई कुलानार से बड़गई के बीच सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही बारदा नदी के किनारे विद्युतीकरण हेतु स्वीकृत कार्य पर भी तेजी से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बारदा और कोनगुड़ के बीच सीमा विवाद तथा दुगली में भूमि संबंधी विवाद का भी शीघ्रता से समाधान किया जाएगा।। उन्होंने इस अवसर पर लोगों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के साथ ही वृक्षों की रक्षा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह अंचल कुछ वर्षो पूर्व अतिसंवेदनशील माना जाता था, किन्तु कुछ ही समय में इस क्षेत्र में बहुत बदलाव दिख रहा है। यह क्षेत्र अब अच्छी कृषि के लिए जाना जाता है। उन्होंने इस क्षेत्र को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह क्षेत्र अब तेजी से आगे बढ़ेगा।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा सुशासन की ओर कदम बढ़ाया जा रहा है। इसी कड़ी में दुरस्थ अंचलों में जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहते हैं। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा दिए गए आवेदनों के निराकरण पर स्वयं के द्वारा निगरानी की जा रही है, जिससे लोगों की समस्याओं का समाधान हो। उन्होंने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र के आरंभ के साथ ही शालाएं खुल गई हैं। शालाओं में शिक्षा के साथ ही पोषक आहार भी प्रदाय किया जाएगा, जिससे कोंडागांव जिले में सभी पोषित एवं स्वस्थ हों। उन्होंने सभी बच्चों को आयु अनुसार अवश्य स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र भेजने की अपील की। उन्होंने इसके साथ ही गर्भवती माताओं तथा किशोरी बालिकाओं से भी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि जन समस्याओं के निदान के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के अध्यक्ष देवचंद मातलाम ने भी संबोधित किया और इस दुरस्थ अंचल में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जनता की समस्याओं के शीघ्र निराकरण की आशा व्यक्त की। इस अवसर पर विधायक टेकाम तथा कलेक्टर दुदावत द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा शिशुओं का अन्नप्रासन्न कराया गया। इसके साथ ही ई-श्रमिक कार्डधारियों को राशन कार्ड किसानों को कृषि विभाग की योजना के तहत बीज, उद्यानिकी विभाग की योजना के तहत मुनगा ओर पपीते के पौधे, संकर सब्जी बीज, राजस्व विभाग द्वारा ऋण पुस्तिका एवं बी-1, स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकलसेल जेनेटिक कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण का वितरण किया गया। जनसमस्या निवारण शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 140 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। इसके साथ ही यहां 11 आयुष्मान कार्ड एवं 10 सिकलसेल जेनेटिक कार्ड बनाए गए। ग्रामीणों की मांग पर यहां स्वास्थ्य कार्यकर्ता को भी नियुक्त किया गया। वहीं खाद्य विभाग द्वारा नए राशनकार्ड बनाने व राशन कार्ड में नाम जोड़ने और नाम हटाने की कार्यवाही की गई। सहकारिता विभाग द्वारा यहां किसानों के केसीसी कार्ड बनाए गए। इस अवसर पर फरसगांव नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश दुग्गा, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अनुविभागीय दण्डाधिकारी अश्वन पुसाम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीएल चुरेन्द्र सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## नए भारत का नया कानून पर हुई परिचर्चा

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व मार्गदर्शन पर कोंडागांव पुलिस द्वारा लोगों को नए कानून की जानकारी प्रदान की जार रही हैं, जो 1 जुलाई से शुरू होने वाली हैं। इस नए भारत का नया कानून का बदलाव होने से 1 जुलाई में प्रभावशील होने वाले तीन नवीन कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में लोगों को जागरूक करने व्यापक प्रचार प्रसार हेतु थाना जिले के केशकाल के ग्राम गारका में जन चौपाल लगाया गया, जिसमें केशकाल थाना के थाना प्रभारी विकास बघेल द्वारा नए कानून के विभिन्न बदलाव के साथ-साथ साइबर अपराध महिला संबंधी अपराध अभिव्यक्ति अप नशा मुक्ति और यातायात के संबंध में विशेष जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत के सरपंच पंच एवं अन्य स्थानीय नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम के दरमियान बैठक पर उपस्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाखा केशकाल के प्रभारी प्रति धारक अधिवक्ता न्यायालय से मिलने वाली विधिक सहयोग एवं महिला संबंधी जानकारी विस्तार से अवगत कराई।

## लोगों की समस्यायें सुनने विधायक विक्रम मंडावी लगायेंगे जनदर्शन



**बीजापुर।** बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी है कि बीजापुर जिले के लोगों की समस्याओं को सुनने और समस्याओं के समाधान के लिए अब जिला मुख्यालय बीजापुर के विधायक कार्यालय में आगामी प्रति सोमवार सुबह 10:30 बजे से सायं 5:00 बजे तक जनदर्शन लगाया जायेगा। जनदर्शन में जिले के लोग अपनी-अपनी समस्याओं को लिखित में या फिर मौखिक रूप से विधायक बीजापुर के समक्ष रख सकते है। विधायक विक्रम मंडावी ने अपने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि जनदर्शन में प्राप्त होने वाले समस्याओं को तत्काल निराकरण की कोशिश की जाएगी ताकि शासन की योजनाओं का लाभ आम लोगों को मिले। विधायक विक्रम मंडावी ने जिले के आम जनता और पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से भी अपील की है कि इस जानकारी को लोगों में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने में सहयोग देने, ताकि जनता के समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके।

## बड़ेराजपुर में शाला प्रवेशोत्सव, कराया गया न्योता भोज : सीएल मरकाम

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिले के बडेराजपुर ब्लॉक में स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बडेराजपुर में शाला प्रवेशोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राचार्य सी.एल. मरकाम से मिली जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने सारी तैयारियां सुनिश्चित करते हुए विभिन्न चरणों में शाला प्रवेश उत्सव मनाना सुनिश्चित किया है। शाला प्रवेश उत्सव के अंतर्गत आज सेजेस बडेराजपुर में पूरे हर्षोल्लास के साथ विद्यार्थियों, शिक्षकों व प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की छायाचित्र पर द्वीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुआ उसके बाद नवप्रवेश लिए छात्र छात्राओं को शिक्षकों द्वारा फूल माला पहनाकर व तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया तथा पाठ्यपुस्तक भी पुस्तक प्रदान किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि शाला प्रवेश उत्सव को प्रतिवर्ष मनाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि स्कूलों में सभी व्यक्ति चाहे विद्यार्थी हो पालक हो या शिक्षक सभी को व्यक्तिगत रुचि लेते हुए इसे सभी स्तर पर सफल बनाना है ताकि शत-प्रतिशत बच्चों को शाला में प्रवेश एवं ठहराव सुनिश्चित करते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर समग्र शिक्षा की लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके। इस अवसर पर शाला परिवार की ओर से नवप्रवेशित बच्चों, पलकों तथा जनप्रतिनिधियों को न्योता भोज भी कराया गया। इस अवसर पर पालक गण तथा समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

## नारंगी नदी पुल के नीचे मिली अज्ञात लाश





पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 30 पर स्थित नारंगी नदी पुल के नीचे 29 जून की सुबह एक अधेड़ अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से नगर में सनसनी फैल गई हैं। इस घटना के बाद पुल पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई थी। जैसे ही इस घटना की जानकारी कोंडागांव पुलिस को मिली तुरंत ही एसडीओपी रूपेश कुमार और सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस ने मृतक की पहचान की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन स्थानीय लोगों ने मृतक की पहचान कोंडागांव थाना क्षेत्र के डोंगरीगुड़ा निवासी मनीराम सोरी के रूप में की है। फिलहाल अज्ञात व्यक्ति की लाश को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल के शव घर भेजा गया हैं और घटना की जांच की जा रही है। निरीक्षक सौरभ उपाध्याय सिटी कोतवाली थाना कोंडागांव ने बताया कि, पुलिस को जैसे जानकारी मिली तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन कर रहे है। फिलहाल लाश की पहचान नहीं हो पाई हैं।

## संकुल पेंड्रावन में मनाया गया संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिला अन्तर्गत बड़ेराजपुर के संकुल पेंड्रावन संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि, नव आगंतुक विधार्थी का स्वागत सतकार बाजे-गाजे के साथ पुष्पगुच्छ व तिलक वंदन के साथ किया गया, साथ ही साथ मुंह मीठा कराते हुए निःशुल्क गणवेश और निःशुल्क पाठ्य पुस्तक प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच पिटेचुवा विजय कुमार नेताम विशिष्ट अतिथियों के रूप में भवन वैध, सतीश नेताम, तुलसी नेताम, फकीर राम नेताम, अहिल्या नेताम व अन्य जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में धुमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच विजय कुमार नेताम ने अपने अभिवादन में बच्चों का स्वागत कर शिक्षा गुणवत्ता की बात रखी,वहीं उनके द्वारा बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित कर समुदाय को सहयोग हेतु सामने आने की बात भी कही। अमीर लाल नेताम प्रधान अध्यापक माध्यमिक शाला पिटेचुवा व अगरचन्द नाग व्याख्याता ने भी अपने उद्बोधन में शाला प्रवेश उत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों में भयमुक्त वातावरण निर्माण करने, बच्चों को शाला से जोड़ने पर जोर दिया वहीं। संकुल समन्वयक बिन्देश कुमार माला ने अपने उद्ब्रोधन के साथ आभार व्यक्त करते हुए समस्त प्रधान पाठक प्राथमिक माध्यमिक शाला व सभी शिक्षक-शिक्षिका साथियों को उनके सहयोग व कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। अपने अभिभाषण में बच्चों को नियमित पाठशाला आने, कड़ी मेहनत करने, बड़ों का सम्मान करने, अपने गुरुजनों के कहे अनुरूप कार्य करने को कहा। इसके अलावा उपस्थित कर्मचारियो को अपने कार्य को ईमानदारी पूर्वक करने व शासन के उद्देश्यों को प्राप्त करने, अपने कर्तव्य का निर्वाहन करने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में प्रवेश उत्सव को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किए समस्त शिक्षकों कर्मचारियों व अपना अमूल्य समय देने के लिए जनप्रतिनिधियों गामीणजन, स्व सहायता समूह के सदस्यों शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किए। कार्यक्रम के सफल संचालन में राजेन्द्र नेताम, जगदीश साहू, रेश्मी मरकाम, मोनिका सोनी, अनीता नागेश, देव कुमार नेताम, कविलाश ध्रुव, दिनेश गर्ग, तोरण लाल सोनकर, विदेश्री नेताम और ओमप्रकाश नेताम प्रधान अध्यापक का विशेष योगदान रहा।

## सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षा पर शिक्षकों की कार्यशाला हुआ संपन्न

# सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षा पर प्रशिक्षक हुए शिक्षक

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com




कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद के सफल मार्गदर्शन मे जिला प्रशासन, यूनिसेफ एवं छत्तीसगढ़ एग्रीकाँन समिति के संयुक्त तत्वाधान में बीजादूतीर अंतर्गत आयोजित एस सी एल सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षा 'पंथक' पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों का बीजापुर जिला पंचायत सभा कक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल के बच्चों के सामाजिक एवम भावनात्मक समझ को शिक्षक अनुभव कर पाएं ताकि बच्चों के दिन चर्चा और पढ़ाई के दौरान बच्चों को भावनात्मक रूप से समझने में आसानी हों। छत्तीसगढ़ एग्रीकान समिति के राज्य समन्वयक सह मास्टर ट्रेनर दानिश के हुसैन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। चर्चा के दौरान शिक्षकों ने बताया की बीजापुर जिले में वर्तमान स्थिति में काफी बच्चें शाला त्यागी है शाला त्यागी होने के कारण जानने पर चर्चा हुई। इसी कड़ी में शिक्षकों ने बताया की बच्चें आर्थिक स्थिति के कारण पढ़ाई में मन ना लगना, पालक व शिक्षक भावनात्मक रूप से बच्चें को ना समझ पाना एवं पालक शिक्षा के महत्व को नही समझना अन्य कारणों पर सभी शिक्षकों ने पर अपनी प्रतिक्रिया दी।इन सभी कारणों को कैसे दूर करें कार्य करने की समझ विकसित की गयी। बच्चों में आत्म जागरूकता मे व्यक्तिगत विकास, भावनात्मक जागरूकता स्वयम को जानना, दूसरों की भावनाओं की पहचान, अनुभूति करना, भावनात्मक नियंत्रण, विकासशील मानसिकता, स्थिर मानसिकता, बच्चों के मन मे स्कूल आने व शिक्षकों आदि से डर एवं तनाव से बाहर निकालना, सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षा पर विस्तृत चर्चा की गयी। बच्चों की स्थिर मानसिकता को दूर करके बच्चें शाला त्यागी ना बने, पढ़ाई में मन लगे इस विकासशील मानसिकता व सकारात्मकता को लाने पर लक्ष्य बनाया गया। इस प्रशिक्षण में राज्य समन्वयक सह प्रशिक्षक दानिश के हुसैन, बीजादूतीर जिला समन्वयक अशोक पांडेय, ब्लॉक समन्वयक हर्षिता पंडा, भारत कारम सहित 30 से अधिक शिक्षक एवं बीजादूतीर स्वयं सेवक उपस्थित थे।

# एएम/एनएस इंडिया ने महिला समूह को प्रदान किया रसोई के बर्तन और टेंट सामग्री



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

एएम/एनएस इंडिया के द्वारा अपने सीएसआर पहल के तहत मिश्रा कैंप किरंदुल में सामुदायिक रसोई के लिए बर्तन और टेंट सामग्री का वितरण किया गया।एएम/एनएस इंडिया कम्पनी द्वारा यह क़दम स्थानीय लोगों को सामुदायिक कार्यक्रमों,बैठकों और वैवाहिक कार्यक्रमों में आने वाली दिक्कतों को दूर करने के उद्देश्य से उठाया गया। मां बम्लेश्वरी महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) मिश्रा कैंप किरंदुल के सदस्यों ने नवनिर्मित सामुदायिक भवन में विभिन्न सामुदायिक समारोह के दौरान उपयोग के लिए टेंट सामग्री, सामुदायिक रसोई के लिए बर्तन, और टेबल आदि की आवश्यकता को महसूस करते हुए इनकी उपलब्धता का अनुरोध किया।गांव वालों के इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए एएम/एनएस इंडिया द्वारा सामुदायिक भवन को रसोई के बर्तन और टेंट सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर मृणाल रॉय(अध्यक्ष, नगर परिषद किरंदुल), राजू कुंजाम (प्रतिनिधि, वार्ड 18), एएम/एनएस इंडिया किरंदुल से रामचंद्र (वरिष्ठ प्रबंधन), श्रीनिवास और डॉ.तेज प्रकाश (सीएसआर) सहित सभी एसएचजी सदस्य उपस्थित रहे। एएम/एनएस इंडिया कम्पनी की यह पहल सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने और लोगों की जीवनशैली को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।कंपनी निरन्तर अपने प्रयासों के माध्यम से सामुदायिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इस प्रकार की पहलों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास लगातार करती आ रही है।

# आयुष्मान भारत,गुणवत्ता स्वास्थ्य कार्यक्रम में किया गया राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ की टीम का सम्मान

## गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र ससहा को किया गया राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित आयुष्मान भारत, गुणवत्ता स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के बलौदाबाजार भाटापारा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर ससहा व जिला चिकित्सालय कोंडागांव का दिल्ली में सम्मान किया गया। विदित हो कि स्वास्थ्य सेवाओं के गुणवत्ता पूर्ण प्रदायगी व राष्ट्रीय स्तर के कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र जारी किए जाते हैं।आयुष्मान भारत, गुणवत्ता स्वास्थ्य कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री,स् वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,अनुप्रिया पटेल द्वारा सम्मान प्राप्त सभी राज्यों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन संचालक डॉ. जगदीश सोनकर, उप संचालक गुणवत्ता आश्वासन डॉ डी. के. तुर्रे, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक आनन्द साहू, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ अभ्युदय शक्ति तिवारी, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक शहरी स्वास्थ्य डॉ प्रदीप टंडन, राज्य सलाहकार आयुष्मान आरोग्य मंदिर डॉ नरेंद्र सिन्हा, राज्य सलाहकार गुणवत्ता आश्वासन डॉ विक्रम शर्मा, राज्य सलाहकार ब्रिज कार्यक्रम अंकिता तिवारी के साथ -साथ आयुष्मान आरोग्य मंदिर ससहा के गौतम साहू, राजेन्द्र मरकाम एवं रेखा साहू सम्मिलित हुए । सीएमएचओ डॉ एम पी महिस्वर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा के अनुसार राष्ट्रीय स्तर के इस मानक प्रमाण पत्र के लिए दी जा रही सेवाओं का कई बिंदुओं पर परीक्षण किया जाता है। इसमें सेवाओं की गुणवत्ता,रिकॉर्ड का संधारण,मरीजों की संतुष्टि,स्टाफ के ज्ञान के आधार पर मूल्यांकन होता है। यह मूल्यांकन बाहर से निरीक्षण के लिए आई हुई टीम ने किया था। उससे पूर्व जिला और ब्लॉक टीम द्वारा केंद्र का लगातार दौरा कर तैयारी में सहयोग किया गया।बलौदाबाजार में विकासखंड पलारी के आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी गौतम साहू के अनुसार यह उपलब्धि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर,जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा और खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बी एस ध्रुव के मार्गदर्शन और सहयोग से हो पाई है। उन्होंने बताया यह केंद्र चार गांवों के 8 हज़ार 5 सौ की जनसंख्या को सेवा देता है.यहाँ सीएचओ के अलावा दो अन्य ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक राजेन्द्र मरकाम तथा रेखा साहू पदस्थ हैं। साहू के अनुसार इस प्रमाण पत्र हेतु दी जारी 12 सेवा की पॉलसी,108 प्रकार के रजिस्टर, 14 प्रकार की सुविधा, विभाग वार प्रचार-प्रसार का प्रदर्शन किया गया। सिटीजन चार्टर,नाक-कान -गला, गायनिक, लेबर रूम के आवश्यक उपकरण की व्यवस्था ब्लॉक तथा जिला कार्यालय की मदद से की गई । रोज की रूटीन सेवा देते हुए मरीज को संतुष्ट करते हुए सारे दस्तावेज पूर्ण किये गए । साफ-सफाई के साथ-साथ सभी के लिए अलग-अलग बायो मेडिकल वेस्ट का प्रबंधन,फायर से बचाव हेतु व्यवस्था की गई। मरीज तथा समुदाय आधारित संतुष्टि पत्र भरे गए। इस पूरी तैयारी से स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं का स्तर और गुणवत्ता बेहतर हुई जिसके मूल्यांकन में प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ।

### कलेक्टर दीपक सोनी ने दी बधाई

कलेक्टर दीपक सोनी ने इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा की यह पुरुस्कार बिना टीम वर्क के संभव नही है. हमे हमेशा आम जनता को अच्छी और गुणवत्ता युक्त बेहतर सेवा मिले इसके लिए नित नए प्रयास करते रहना चाहिए. आने वाले दिनों में अलग अलग स्तर में हॉस्पिटल का चिन्हांकन कर पुरुस्कार हेतु नामित करने के दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत बताई है।

# कलेक्टर ने अनुविभाग स्तर में की राजस्व विभाग की कामकाज की समीक्षा, बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारी होंगे पुरस्कृत

## मैदानी कर्मचारियों को समय-सीमा में कार्य करने एवं सूचना तंत्र को मजबूत करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने सिमगा नगर स्थित सांस्कृतिक भवन में अनुविभाग सिमगा अंतर्गत राजस्व संबंधित कामकाज की विस्तृत समीक्षा की है। बैठक में विशेष रूप से सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, पटेल एवं ग्राम कोटवार भी उपस्थित रहें। सोनी ने सभी मैदानी कर्मचारियों को आम जनता का कार्य समय-सीमा के भीतर प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने सूचना तंत्र को मजबूत एवं आपसी समन्वयता पर जोर बढ़ाने की बात कही है। सोनी ने कहा कि राजस्व का मामला आम आदमी से सीधा जुड़ा हुआ होता है। इन प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार का विलंब नही होना चाहिए। सभी प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के भीतर ही होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने नामांतरण, अविवादित बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, भू-अर्जन, भू-भाटक, सीमांकन जैसे प्रकरणों का विस्तृत समीक्षा किए। उन्होंने कहा की सभी रिकार्ड को अनिवार्य रूप से दुरूस्त एवं सभी प्रकरणों को शत प्रतिशत ई कोर्ट में दर्ज करने के निर्देश दिए है। जनदर्शन में सीमाकंन एवं ऋण पुस्तिका हेतु अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होते है। इसके लिए सभी तहसीलदारों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व निरीक्षक का अब बरसात के बाद एक विशेष अभियान चलाकर शत-प्रतिशत सीमांकन के कार्य को पूर्ण करें। साथ ही कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि जो कर्मचारी बेहतर कार्य करेंगे अथवा रिकार्ड अच्छे से दुरूस्त करेंगे। उन्हें आने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य मंच से सम्मानित किया जाएगा।साथ ही साथ सभी तहसीलदारों को नियमित रूप से पटवारी एवं कोटवार की बैठक लेने एवं अधिक संख्या में फील्ड में जाने के निर्देश दिए है। इस दौरान ग्राम पटेल एवं पटवारी के द्वारा भी होने वाले परेशानियों के बारे में सोनी को अवगत कराया। जिस पर सोनी ने शीघ्र निराकरण करने के आश्वासन दिए है। इस मौके पर एसडीएम अंशुल वर्मा, तहसीलदार नीलमणि दुबे सहित राजस्व विभाग के अधिकारी- कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

# गौरव विद्या मंदिर के शिक्षक शिक्षिकाओं को सौंपा दायित्व

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

गौरव विद्या मंदिर के संचालक तेज कुमार पंडा के सानिध्य में तथा प्राचार्य दिनेश सतपथी तथा प्रधानाचार्य रामचंद्र बॉईल के निर्देशन में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की एक बैठक रखी गई। जिसमें विद्यालय के सफल संचालन के लिए वार्षिक कार्य योजनानुसार सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को विभिन्न दायित्व सौंपा गया जो निम्नानुसार है। कार्यालय प्रमुख छत्रेश, परीक्षा प्रमुख दास, माधुरी, विज्ञान प्रमुख रोहित साहू, पुस्तकालय प्रमुख मंजू,जाति- निवास-आय प्रमुख तेजराज डनसना एवं हितेश, स्काउट क्रीड़ा एवं किशोर भारती प्रमुख प्रफुल्ल बारीक, गाइड प्रमुख श्वेता, अनुशासन प्रमुख सविता प्रधान एवं डनसेना प्रार्थना प्रमुख रोहित प्रधान एवं सरवरी, कन्या भारती प्रमुख जानकी, सुनीता, खोया पाया प्रमुख दिव्या, स्वास्थ्य प्रमुख डनसेना, स्वच्छता प्रमुख हितेश, बागवानी प्रमुख शांति एवं जल एवं सास्कृतिक प्रमुख अंजली, विद्युत विभाग प्रमुख रोहित प्रधान एवं वाहन प्रमुख डनसेना को दिया गया है। अंत में समस्त दायित्व प्रभारियों को विद्यालय के संचालक तेजकुमार पंडा ने संबोधित करते हुए कहा एक समय में एक काम करो ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा को डाल दो और बाकी सब कुछ भूल जाओ तथा जब तक जीना है तब तक सीखना है, अनुभव ही विश्व में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है। ऐसे ही ओजस्वी वक्तव्यो से शिक्षकों को प्रेरित किया गया। उक्त जानकारी विद्यालय की मीडिया प्रभारी सरवरी एवं माधुरी मैम ने दिया।

# महाप्रभु जगन्नाथ के स्नान के साथ रथ यात्रा महोत्सव का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com





रथ यात्रा का सभी को बेसब्री से इंतजार रहता है। शनिवार को महाप्रभु का विधि विधान से स्नान कराया गया। इसके साथ ही रथ यात्रा महोत्सव का शुभारंभ हो चुका है। 7 जुलाई को रथ यात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए जगदीश मंदिर ट्रस्टी द्वारा घूम घूम कर लोगों को आमंत्रण कार्ड भी वितरण किया जा रहा है। धमतरी में रथ यात्रा पर्व की परंपरा पिछले 106 सालों से चली आ रही है जो आज भी कायम है। महोत्सव का आरंभ 29 जून से हो गया है। शनिवार को विधि विधान से महाप्रभु का स्नान कराया गया। पंडित बालकृष्ण के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ उनके पुत्र गौरव शर्मा ने विधि विधान से स्नान कराया जिसमें समुद्र से लाया हुआ जल के साथ सभी सामग्री था। स्नान के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इसके साथ ही भगवान परंपरा अनुसार बीमार हो जाएंगे और फिर काढ़ा वितरण किया जाएगा। इस दौरान धमतरी श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष किरण कुमार गाँधी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण राठी, प्रकाश गाँधी सचिव और मोहन अग्रवाल सह सचिव, ट्रस्ट का कोषाध्यक्ष लखमशी भानुशाली, ट्रस्टी श्यामसुंदर अग्रवाल, डॉ, हीरा महावर, श्याम अग्रवाल, हर्षद मेहता, गोपाल शर्मा, लक्ष्मीचंद बाहेती, किरण कुमार गांधी, अजय अग्रवाल, बिपिन पटेल, मदनमोहन खंडेलवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, प्रकाश गांधी, रमेश लाट, भरत सोनी, बालकृष्ण महाराज, गोविंद शर्मा, अनिल मित्तल, दिलीप राज सोनी, राजेंद्र शर्मा, योगेश गांधी, मुन्ना शर्मा, कीर्ति शाह, सुबोध ठाकुर, तपन यादव आदि उपस्थित थे । ट्रस्ट के अध्यक्ष किरण गांधी ने बताया कि शनिवार को सुबह 10:30 बजे से महाप्रभु जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का महा स्नान कराया गया। 15 दिवसीय रथयात्रा महोत्सव का आरंभ हो गया स्नान के बाद महाप्रभु बीमार पड़ेंगे। इस बीच 2 जुलाई से 5 जुलाई तक रोजाना सुबह 7: 30 बजे काढ़ा का वितरण किया जाएगा। 6 जुलाई को महाप्रभु की दोबारा प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसके बाद 7 जुलाई को भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी।

### चित्रकारी के लिए उड़ीसा से आ रहे हैं पीढ़ी दर पीढ़ी

स्नान के बाद प्रतिवर्ष भगवान को पुनः मूल स्वरूप में लाया जाता है। इसके लिए कालाहांडी उड़ीसा से एक ही परिवार के लोग पीढ़ी दर पीढ़ी पहुंच रहे हैं। इस वक्त पहुंचे वि म ने बताया कि सबसे पहले उनके नाना देवी प्रसाद और उनके भाई आया करते थे। उसके बाद उनके पिता उसो लाल चित्रकार आए। अब वह 1993 से लगातार प्रतिवर्ष यहां पर आकर चित्रकारी कर रहे हैं। इसमें लगभग तीन दिन का समय लग जाता है। यह कच्चा रंग होता है जो प्रतिवर्ष पुनः लाया जाता है। स्नान के बाद भगवान को मूल स्वरूप में चित्रकारी के माध्यम से लाते हैं।

# मिनिस्ट्री ऑफ जल शक्ति भारत सरकार के वेबीनार में धमतरी जिले को मिला स्थान

## वेबीनार को जिले की 370 ग्राम पंचायतों सहित 06 नगरीय निकायों के लोगों ने उत्साहपूर्वक देखा

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com





देश की राजधानी नई दिल्ली से मिशन डायरेक्टर, नेशनल वाटर मिशन, मिनिस्ट्री ऑफ जल शक्ति, भारत सरकार अर्चना वर्मा ने वेबीनार के माध्यम से जल संरक्षण की दिशा में सराहनीय कार्य करने वाले देश के तीन आईएएस अधिकारियों से चर्चा की और उनके कार्यों के बारे में बारी.बारी से जानकारी ली। इनमें छत्तीसगढ से धमतरी जिला का भी चयन वेबीनार के लिए किया गया। जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिले में जल संरक्षण व संवर्धन के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। मिशन डायरेक्टर अर्चना वर्मा ने जिले में जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को सराहा और इस कार्य को सतत् रूप से संचालित करने की बात कही। एनआईसी कक्ष में आयोजित इस वेबीनार में सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, नगरनिगम आयुक्त विनय पोयाम,डीआईओ उपेन्द्र चंदेल सहित अन्य उपस्थित रहे। वहीं जिले की 370 ग्राम पंचायत और 06 नगरीय निकायों से बडी संख्या में लोग उत्साहपूर्वक वेबीनार को देखा।

वेबीनार में कलेक्टर नम्रता गांधी ने बताया कि जिले में भू.जल स्तर में हो रही लगातार गिरावट को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये गये। इन कार्यो को जिलेवासियों ने जल जगार उत्सव के रूप में सहर्ष अपनाया भी है। इसके साथ ही जिला स्तरीय अधिकारियों और निजी हास्पीटल, रेस्टोरेंट के संचालकों की कार्यशाला, रैली, दीवार लेखन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, रूफ टाप स्ट्रक्चर, बोर वाटर रिचार्ज सिस्टम और वेस्ट वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, पीकु की सीरीज,नुक्कड नाटर, साथी संस्था, जल जगार उत्सव,जल प्रहरी वाटर हीरो नीरज वानखेडे द्वारा जल सरंक्षण एवं विभिन्न स्ट्रक्चर का निर्माण, परसतराई में किसानों द्वारा अपनाये गये फसल चक्र, पुराने वृक्षों को रक्षासूत्र, बेटियों के नाम पर वृक्षारोपण, गांव की बहू बेटियां को उपहार स्वरूप पौधा प्रदान करना, संदर्भ केन्द्र मटियाबहारा, पीपरहीभर्री में कमारों द्वारा निर्मित किये गये तालाबए डबरीए डाईक, नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्त्रोतां की साफसफाई, जिला मुख्यालय के तालाबों एवं नालियों की सफाई हेतु एनआईटी टीम द्वारा सर्वे, अमृत सरोवरों की सफाई, जिले में स्थित उद्योगों में जल संरक्षण एवं बनाये गये स्ट्रक्चर और लगाये गये वाटर फ्लो मीटर, जिले की सभी सरकारी इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण सहित अन्य कार्य शामिल है। उन्होंने कहा कि जिले के नागरिक जल संरक्षण की दिशा में स्वप्रेरित होकर आगे आ रहे हैं और जल संरक्षण की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर कलेक्टर ने भविष्य में धमतरी जिले में जल संरक्षण की दिशा में किए जाने वाले कार्यों की पॉवर प्वाईंट प्रजेंटेशन के जरिए प्रस्तुति दी।

भारत सरकार द्वारा आयोजित इस वेबीनार को देखने जिलेवासियां में खासा उत्साह देखने को मिला। जिले के 370 ग्राम पंचायतों, सहित 06 नगरीय निकायों, साथी संस्था के सदस्यां, आंगनबाडी केन्द्रों, ग्राम पंचायतों, आजीविका महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त करने आयी महिलाओं, ग्रीन आर्मी की दीदियों, स्कूली विद्यार्थियों, स्व सहायता समूह की महिलाएं, बुजुर्ग, गणमान्य नागरिक, वनांचल क्षेत्र नगरी विकासखंड के लोग, अधिकारी, कर्मचारियों ने बडे ही उत्साह के साथ इस पूरे संवाद को देखा।

# अर्जुनी पुलिस एवं सायबर टीम ने अवैध गांजा तस्करी कर रहे दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

## धमतरी पुलिस द्वारा अवैध गांजा तस्करों पर लगाम कसने लगातार की जा रही है कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com







धमतरी पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था एवं अपराधो के नियत्रंण एवं रोकथाम करने के साथ साथ, समय समय पर पुलिस को आसूचना तंत्र को मजबूत करते हुए एवं संदिग्ध आचरण के व्यक्तियों पर सतत् निगरानी रखी जा रही है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी अर्जुनी को मुखबिर से सूचना मिली की श्याम तराई बाई पास रोड से मादक पदार्थ गांजा रखके दो व्यक्ति काले रंग बजाज पल्सर में जगदलपुर से धमतरी की ओर आ रहे हैं की सूचना पर तत्काल प्रभारी अर्जुनी एवं सायबर पुलिस टीम द्वारा ग्राम श्याम तराई के पास नाकाबंदी कर मुखबिर द्वारा बताए बजाज पल्सर वाहन को रोककर जांच कार्यवाही की गई एक काले रंग के बजाज पल्सर एन एस 200 वाहन बिना नंबर को चेक किया गया, जिसमें एक व्यक्ति पल्सर चला रहा था एक व्यक्ति पीछे सीट में बैठा था जिससे नाम पूछने पर अपना. नाम नागेश्वर कश्यप पिता आसमन कश्यप उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम कुम्हली थाना भानपुरी जिला बस्तर छग, मंगलू राम बघेल पिता खेजा राम बघेल उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम कुम्हली थाना भानपुरी जिला बस्तर छग। जप्त सामान.एक पिट्ठू बैग जिसके अंदर 01 पैकेट में 07 किलो 141 ग्राम एवं दूसरे पैकेट में 05 किलो 140 ग्राम कुल मात्रा 12 किलो 281 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कुल जुमला किमती 1,22,000 रुपये, एक प्रयुक्त बजाज पल्सर एनएस 200 बिना नंबर प्लेट के किमती 1,80,000 रूपये कुल जुमला 3,00,200रूपये जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध थाना अर्जुनी में अपराध कमाक 207/24 धारा 20(बी)द्वद्ध बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अर्जुनी निरीक्षक सन्नी दुबे, उनि एलएस मंडलेश्वर, सउनि राजेंद्र सोरी, प्रआर, आर यादव, लोकेश नेताम आरक्षक अनिल साहू, कमलेश कुमार, कुलदीप राजपूत एवं अर्जुनी थाना स्टॉफका विशेष योगदान रहा।

# नजूल शिविर में 5 लाख 95 हजार 168 रूपये की गई वसूली



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार धमतरी नगर क्षेत्र के अंतर्गत नजूल प्रकरण फ्री होल्ड, नवीनीकरण, शिकायत आवेदन के सबंध मेंद्ध नजूल भू-भाटकए पर्यावरण उपकर, अधोसंरचना उपकर, पिछला बकाया व अर्थदण्ड की राशि की वसूली, नजूल से संबंधित आरआरसी की वसूली अन्य विविध वसूली के लिए प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शिविर आयोजित किया जा रहा है। नजूल अधिकारी ने बताया कि 28 जून को पुराना मंडी सुंदरगंज वार्ड में आयोजित शिविर में 5 लाख 95 हजार 168 रूपये की वसूली की गई। इस शिविर में बठेना वार्ड, औद्योगिक वार्ड, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड, आमापारा वार्ड, मोटर स्टैंड वार्ड,बनियापारा और सदर उत्तर वार्डवासी शामिल हुए।

# सामान्य सभा और सामान्य प्रशासन स्थाई समिती की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com






जिला पंचायत अध्यक्ष कांति सोनवानी की अध्यक्षता, उपाध्यक्ष नीशू चन्द्राकार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव की उपस्थिति में सामान्य प्रशासन स्थायी समिति एवं सामान्य सभा बैठक सम्पन्न हुआ। सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक में एजेंडा अनुसार खनिज विभाग, विद्युत विभाग, खाद्य विभाग के कार्यों की तथा सामान्य सभा की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग, खनिज विभाग, स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा माननीय सदस्यों द्वारा की गई। बैठक में उपाध्यक्ष नीशू चन्द्राकार ने जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत क्लस्टर खरेंगा एवं दोनर के ग्राम पंचायत में हितग्राहियों को सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत पात्र अपात्र की श्रेणी में निराकरण करने कहा। शाला उत्सव कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की महती योजनांतर्गत कार्यक्रमों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को प्राथमिकता के साथ आमंत्रित करने कहा। शासकीय स्कूलों में आहता निर्माण होना निहायत जरूरी है, जिससे पढ़ने वाले बच्चे सुरक्षा महसूस करें। वन सभापति कविता बाबर ने डाही एवं कसावाही स्कूल में शौचालय नहीं होने का ध्यान आकर्षित कराते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को कहा कि जिन स्कूलों में बांलक बालिका शौचालय नहीं हैं स्वच्छता एवं सुरक्षा की दृष्टि से तत्काल बनायी जावें। दिव्यांगों को लाभान्वित करने के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा अनुशंसा पत्र प्रेषित की जाती है ऐसे हितग्राहियों का परीक्षण उपरांत आवश्यक उपकरण तत्काल सुविधा मुहैया कराई जावें। इसी तरह ग्राम डांगीमाचा, खिड़कीटोला में आंतरिक विद्युतीकरण के तहत ग्रामीणों द्वारा विद्युत कार्य के लिए निरंतर मांग की जा रही है, संबंधित विभाग समस्या का समाधान करें। कांति कंवर, सुमन साहू, कुसुमलता साहू, मीना बंजारे, कविता बाबर एवं अन्य सदस्यों ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत दी जाने वाली खाद्यान्न सामग्री का रख रखाव सही ढंग से करने तथा हितग्राहियों को साफ सुथरा खाद्य सामग्री दी नवीन राशन कार्ड बनाने ग्राम पंचायत के माध्यम से जन समुदायों के लिए व्यापक प्रचार प्रचार करने कहा। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार विद्युत आपूर्ति बाधित होने से कठिनाइयों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। नियमित रूप से विद्युत पूर्ति किये जाने जिला पंचायत अध्यक्ष कांति सोनवानी ने कहा। जिला पंचायत के सभी माननीय सदस्यों ने अवैध रूप से संचालित रेत खदानों को पू सदस्य खूबलाल ध्रुव ने खनिज विभाग के अधिकारी को कहा कि संबंधित रेत सप्लायरों से ली जाने वाली शुल्क में एकरूपता होनी चाहिए। उन्होंने ग्राम कोटाभर्री में सोलर स्ट्रक्चर को प्राथमिकता से बनाये जाने कहा गया। जिले के 370 ग्राम पंचायतों में 10 हजार 119 हेण्डपंप स्थापित है भूजल स्तर गिरने के कारण 534 हेण्डपंप बंद है के संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष कांति सोनवानी, उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर, कविता बाबर, सुमन साहू, कुसुमलता साहू, कांति कंवर, गोविंदराम साहू, ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को कहा कि जल संकट की समस्या को देखते हुए पेय जल की उपलब्धता कराये जावें। पंचायतों में जल जीवन मिशन मद के अंतर्गत नल जल कनेक्शन हेतु गुणवत्तापूर्ण पाईप लाइन का विस्तार किये जावें। जिन पंचायतों में ए.डी.बी. के कारण पाईप लाइन विस्तार क्षति हुई है का तत्काल संबंधित विभाग द्वारा मरम्मत कराये जाने कहा। विभागीय अधिकारी को यह भी जानकारी दिया गया कि सभी ग्राम पंचायतों का भ्रमण करें एवं ग्रामीणों की पेयजल से संबंधित समस्या का त्वरित समाधान करें। सदस्य मनोज साने दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी से जूझ रहे स्कूलों में तत्काल शिक्षा व्यवस्था करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोराई में कार्यालयीन स्टाफ की समुचित व्यवस्था करें। सुकांति कंवर ने सिंगपुर स्वास्थ्य केन्द्र में आहता निर्माण कराये जाने कहा। विधायक ओंकार साहू ने जल जगार मिशन के तहत सोक्ता गढ्ढा, वाटर हार्वेस्टिंग जैसे कार्य कराये जा रहे हैं को गुणवत्तापूर्ण कराये जाने निर्देशित किया गया। जिन पंचायतों में 10 साल से अधिक कार्य कर चुके पंचायत सचिवों को अन्यत्र स्थानांतरण किये जाने कहा गया। सामान्य प्रशासन स्थायी समिति एवं सामान्य सभा की बैठक में विधायक ओंकार साहू, मनोज साक्षी, खूबलाल ध्रुव, गोविंद राम साहू, कविता बाबर, सुमन साहू, कांति कंवर, कुसुमलता साहू, दमयंतीन साहू, अनिता ध्रुव, मनीषा साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी, शारदा साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, ज्योति ठाकुर, अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, दिनेश्वरी नेताम अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, विधायक प्रतिनिधि कुरूद एवं नगरी सहित विभागीय अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# एसपी मोहन ने थाना प्रभारियों को अलर्ट कर कहा, फरियादियों की बात ऐसी सुनें कि उन्हें वरिष्ठ कार्यालय आने की जरूरत न पड़े

## सौहार्दपूर्ण रखें व्यवहार, कृत कार्यवाही की जानकारी प्रार्थी से साझा करने के लिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में एसपी शशि मोहन सिंह ने अपराध समीक्षा की शनिवार को बैठक ली, जिसमें राजपत्रित अधिकारीगण सहित थाना/चौकी प्रभारी और सभी शाखाओं के प्रभारी उपस्थित रहे। 1 जुलाई से लागू हो रहे नवीन कानून के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर थाने के विवेचकों की बैठक लेकर उत्सव के रूप में मनाने के निर्देश दिए। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने पुलिस मुख्यालय, पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय एवं कार्यालयों से जारी परिपत्र एवं परवानों के निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की एवं जहाँ कंप्लायंस शेष है वहां अविलम्ब कंप्लायंस के निर्देश दिए साथ ही कार्यालयों द्वारा जारी निर्देशों को सभी थाना, चौकी एवं रक्षित केंद्र प्रभारी द्वारा गणना में सुनाने के निर्देश दिए है। पुलिस अधीक्षक जशपुर ने जिले के अवैध कारोबार, गांजा तस्करी, जुआ, सट्टा, नशीली दवाओ के विरुद्ध करवाई करने, लंबित अपराध, चालान, विवेचना, लघु अधिनियम, आर्म्स एक्ट, मर्ग जैसे अनेक विषयों पर गंभीरता से निराकरण करने का निर्देश दिया एवं इन विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

### आस्ता को पुरस्कृत

16 जून को आस्ता पुलिस के सक्रिय होकर कार्य करने से पैरोल पर छूटा कैदी सुखसाय राम उम्र 28 साल निवासी माड़ो को बड़ी घटना करने से रोका गया है। इस कार्यवाही में सम्मिलित थाना आस्ता के अधि./कर्मचारियों को नगद ईनाम से पुरस्कृत किया गया है।

### माल वाहक में यात्री ढोने पर सख्ती

बैठक में एसपी ने सभी प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों में बाउंड ओवर की कार्यवाही करने हेतु भी निर्देशित किया है। थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र में निरंतर पेट्रोलिंग करने के लिए भी निर्देशित किया है। 03 सवारी बैठाकर तेज रफ्तार से हॉर्न बजाते हुए दुपहिया वाहन चलाने वालों एवं नशे में वाहन चलाने पर चालानी कार्यवाही बढ़ाने के साथ मालवाहकों पर सवारी बैठाने वालों पर कड़ाई के भी निर्देश दिए गए है।

### उचित ढंग से करें सुनवाई

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रत्येक थाना/चौकी प्रभारी एवं रक्षित निरीक्षक स्वयं गणना लेंगे साथ ही शिकायत के सम्बन्ध मे कोई भी व्यक्ति थाना/चौकी से निराश होकर न लौटे, सभी के साथ शालीनता एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें एवं सभी की शिकायतों पर निष्पक्ष जांच हो, साथ ही विभिन्न घटित अपराधों में प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए, निगरानी बदमाश/गुंडा बदमाश की थाना मे लगातार बुलाकर और सकूनत पर जाकर चेकिंग करते रहें। पैदल मार्च, कांबिंग गस्त और शाम को प्रभारी स्वयं क्षेत्र मे विजिबल पुलिसिंग के लिए निकले। पुलिस अधीक्षक ने यह भी निर्देश दिया कि शिकायतकर्ता की थाना में उचित सुनवाई हो जिससे कि उन्हें वरिष्ठ कार्यालय आकर शिकायत करने की आवश्यकता न पड़े।

### स्कूल सुरक्षा पर फोकस

वर्तमान में बच्चों का स्कूल प्रारंभ हो गया है, इसलिये बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये क्षेत्र के अंतर्गत समस्त स्कूलों में षिक्षकों, परिजनों की उपस्थिति में बाल सुरक्षा एवं सतर्कता जागरूकता अभियान चलाने के निर्देष दिये गये हैं। यातायात शाखा को आईरेड पेंडिंग का त्वरित निराकरण के लिए कहा गया।

### ये रहे उपस्थित

उक्त अपराध समीक्षा बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी, एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर परमा, एसडीओपी कुनकुरी विनोद कुमार मंडावी, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे एवं समस्त थाना/चौकी प्रभारी एवं कार्यालयीन शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

# बिते वर्ष की बरसात से नहीं ली सबक स्कूल प्रांगण बना तालाब



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय से 4 किलोमीटर दूर स्थित रिसदा गांव का शासकीय विद्यालय दो दिनों की बारिश में ही पानी से लबालब हो गया है। बीते वर्ष हुई बरसात से यदि शाला प्रबंधन थोड़ा भी सबक लेता तो बारिश के मौसम के पूर्व पानी निकासी की व्यवस्थाओं पर कुछ कार्य करता। किंतु इस विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य एवं शाला परिवार के द्वारा इस समस्या पर ध्यान दिया ही नही। अभी जबकि बरसात की शुरुआत है आने वाले दिनों में जब और अधिक बारिश होगी तब इस स्कूल प्रांगण का क्या हाल होगा ये देखने वाली बात होगी। दो दिनों की बरसात के बाद स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे जिस परेशनी का सामना कर रहे है उसमें और अधिक बढोतरी ही होनी है। रिसदा के हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में शाला प्रबंधन की निष्क्रियता के चलते इस समस्या से सभी को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समय रहते अगर स्कूल प्रबंधन स्कूल की प्रभारी प्राचार्य द्वारा ध्यान दिया जाता तो यह जल भराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होती। इस संबंध में जब जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय से बात करने पर उन्होंने कहा कि स्कूल का मुआयना करवा कर तात्कालिक जो भी समाधान हो सकता है वो हम करेंगे ।

# पुलिस एवं प्रशासन द्वारा नवीन कानून पर परिचर्चा दंड प्रक्रिया संहिता से न्याय संहिता पर हुई कार्यशाला



पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

27 जून को थाना चारामा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक आई. के. एलिसेला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावेट के मार्गदर्शन एवं मोहसीन खान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर की पर्यवेक्षण में निरीक्षक दिलेश्वर चन्द्रवंशी थाना प्रभारी चारामा के नेतृत्व पर आगामी 1 जुलाई 2024 से लागू हो रही नवीन कानून संहिताओं के संबंध में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पर किये गये बदलाव एवं संशोधन के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व के अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानून भादवि के 511 धाराओं में किया गया बदलाव 01 जुलाई 2024 से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराओं एवं 23 अध्याय के स्थान पर 20 अध्याय का समावेश किया गया है, उसके मुख्य उद्देश्य आम जनता को त्वरित रूप से न्याय दिलाकर राहत प्रदान करने के संबंध तथा अपराधियों के लिए नए कानून में गंभीर सजा एवं समाज को अपराध मुक्त बनाने के लिए कड़े प्रावधानो की जानकारी दिया गया। उक्त कार्यशाला में यह भी बताया गया कि किसी भी मामले में अब सारे रिकार्ड ऑनलाईन और कम्प्यूटरीकृत हो रहे है। नये कानून में वह सब सुविधा लोगों को उपलब्ध होगी, जिससे आम जनता को उनके अधिकार, न्याय और निर्णय शीघ्र मिलेगा। उक्त कानून में विशेष तौर पर महिला एवं बच्चों के उपर घटित अपराधों एवं अत्याचारों के विषय एवं उनके लिये बनाये गये प्रावधानों एवं कानून के संबंध में जानकारी दिया गया। नवीन कानून पर परिचर्चा दंड प्रक्रिया संहिता से न्याय संहिता की ओर इस दौरान जनपद पंचायत सभाकक्ष चारामा में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चारामा, नायब तहसीलदार लखनपुरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चारामा, खण्ड शिक्षाधिकारी चारामा, एवं चारामा विकास खण्ड के समस्त शासकीय कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी एवं शासकीय कॉलेज जैसाकर्रा के शिक्षक एवं छात्र छात्रा, जन प्रतिनिधी एवं पत्रकारगणों व गणमान्य नागरिकों की उपस्थित रहे।

# महिला पर प्राण घातक हमला करने वाला आरोपी गिफ्तार



**लवन।** महिला द्वारा विगत 22 जून को पुलिस चौकी गिरौदपुरी पहुंच कर बताया कि 1 जून को रात्रि साढ़े चार बजे बजे आरोपी द्वारा जान से मारने की नियत से ईंट तोड़ने के लोहे के औजार से प्राण घातक हमला कर मेरे सिर, चेहरा एवं गला में गंभीर चोंट पहुंचाया गया कि रिपोर्ट पर धारा 307 घटना पश्चात प्रार्थिया को उनके परिजनों द्वारा उचित इलाज हेतु समृद्धि हॉस्पिटल बिलासपुर में भर्ती कराया गया था। इलाज होने उपरांत महिला द्वारा 22 जून को पुलिस चौकी गिरौदपुरी में रिपोर्ट दर्ज कराया गया जिस पर चौकी गिरौदपुरी पुलिस द्वारा आरोपी रूप अरविंद निवासी देवरबोड थाना बिलाईगढ़ को 29 जून को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजा गया।

# मशीन में डालने वाली रकम 18 लाख लेकर फरार होने वाले 2 एटीएम ऑपरेटरों को 6-6 साल की सजा

## शादी करने, जुआ खेलने और ट्रैक्टर खरीदने में खर्च किया पैसा




पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

आरोपी देवनारायण यादव और हेमानंद यादव वर्ष 2020 से सेक्युर वैल्यू इंडिया लिमिटेड में एटीएम ऑपरेटर का कार्य करते हैं तथा जशपुर स्थित आईडीएफसी बैंक, डाकघर जशपुर के एटीएम में रुपए लोड करने का कार्य करते थे। दोनों 14 जुलाई 2023 को 16:00 बजे से 17:00 बजे के मध्य आईडीएफसी बैंक ए.टी.एम. एवं डाकघर ए.टी.एम. जशपुर अंतर्गत कंपनी में कार्य करते हुए ए.टी.एम. में जमा करने के लिए दिये गये रकम रू. 18,48,100/- रूपये को ए.टी.एम. में जमा न कर रकम को हेरफेर एवं गबन कर अपराधिक घटना को अंजाम दिया। प्रार्थी जयप्रकाश सोनवानी, असिस्टेंट मैनेजर की रिपोर्ट पर थाना जशपुर में उक्त धारा के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### जुआ खेलकर कर दिया खर्च

विवेचना दौरान उक्त दोनों आरोपियों 27 जुलाई 2023 को अभिरक्षा में लिया गया, पूछताछ में उक्त ठगी के रकम से ईलाज कराने, शादी करने, जुआ खेलने एवं ट्रैक्टर खरीदने में खर्च करना बताया। पुलिस द्वारा मेमोरेंडम कथनानुसार आरोपी देवनारायण से ठगी का बचा रकम 70 हजार रू. एवं 01 ट्रैक्टर, आरोपी हेमांनद यादव से ठगी का बचा रकम 30 हजार रू. जप्त किया गया है एवं आरोपीगण देवनारायण यादव उम्र 27 साल निवासी श्रीटोली थाना दुलदुला एवं हेमानंद यादव उम्र 27 साल निवासी पुरंगा थाना बगीचा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। अनुसंधान उपरांत आरोपी के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### 6-6 वर्ष की सजा

उक्त प्रकरण में अनिल कुमार चौहान, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी 28 जून को आदेश पारित किया गया कि अभियोजन साक्ष्य की विवेचना से प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर अभियुक्त देवनारायण यादव एवं हेमांनद यादव को धारा 409 के अपराध में 03 वर्ष का कठोर कारावास एवं 05 हजार रू. अर्थदण्ड, अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं किये जाने पर 06 माह का अतिरिक्त कारावास, धारा 420 के अपराध में 03 वर्ष का कठोर कारावास एवं 05 हजार रू. अर्थदण्ड, अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं किये जाने पर 06 माह का अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया गया है। अभियुक्तों को दी गई उपरोक्त सजाएं एक पूरा होने पर दूसरी सजा चलेंगी। प्रकरण में अभियोजन पक्ष की ओर से प्रतिनिधि राहुल गुप्ता, ए.डी.पी.ओ. थे।

# छ.ग.जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के जिलाध्यक्ष बने नरेश भीमगज व महासचिव बने विकास कुमार अंभोरे

## प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा सौंपा गया नियुक्ति पत्र




पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

प्रदेश के सबसे सशक्त पत्रकार यूनियन छ.ग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश कार्यसमिति की बैठक राजधानी रायपुर स्थित होटल महिंद्रा में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम सहित समस्त प्रदेश के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष व सदस्य मौजूद रहे। यूनियन की बैठक का मुख्य उद्देश्य यूनियन का होने वाला प्रांतीय चुनाव था व पत्रकार हितों के लिए और क्या हो सकता है इस पर सभी ने अपना विचार रखा और संगठन के विस्तार पर सभी सदस्यों ने अपनी अपनी बात रखी गई अपको बता दें छ. ग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग से इंडियन ट्रेड यूनियन एक्ट 1926 के तहत पंजीकृत यूनियन है इस यूनियन का कार्यकाल 5 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चूका है यूनियन की स्थापना 9 दिसंबर 2018 को हुई थी इसी के तहत आने वाले समय में यूनियन को किस तरह और मजबूत नवनिर्वाचित कार्यकारिणी द्वारा किया जाना चाहिए इस पर भी सबकी सलाह ली गई साथ ही बैठक में छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन संघ के बैनर तले कांकेर जिला अध्यक्ष का दायित्व नरेश भीमगज तो वहीं उपाध्यक्ष हेमंत बेसरा एवं महासचिव विकास अंभोरे व कोषाध्यक्ष मन्नूराम कावड़े को दिया गया जिसका सभी ने आभार व्यक्त कर विश्वास दिलाया कि पत्रकारो के हक अधिकार और सामाजिक न्याय के लिए अपनी आवाज़ बुलंद करेंगे और पत्रकरो के हक अधिकारों के लिए हम हमेशा खड़े रहेंगे वही यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम के जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश भर से आए संगठन के सभी सदस्यों ने केक काट कर उन्हें जन्मदिन की बधाईयां भी दी। छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन संघ के कांकेर जिले के गठन होने व नरेश भीमगज को अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर कांकेर जिले के पत्रकारों व मित्रगणों ने उन्हें बधाई दी है जिसमें वीरेंद्र यादव, गौरव श्रीवास्तव, नीरज तिवारी, सुशील सलाम, मुकेश जैन, सूर्या नेवेन्द्र, धनंजय चंद, विक्की सोनी, निक्कू ठाकुर, रूपेश नागे, हबीब राज, सुरेश नाग, प्रवीण उइके सहित अन्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

# इण्डिया अलायंस से मिलकर कांग्रेस ने मोदी और भाजपा को बहुमत पाने से रोका यह अलायेंस की बड़ी जीत :मोइली

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार का कारण जानने और समीक्षा करने बिलासपुर पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस पूरी तरह से लोकतांत्रिक पार्टी है जबकि मोदी और भाजपा डिटेक्टरशिप पर भरोसा करते है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने इंडिया अलायंस के साथ मिलकर भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी को बहुमत में आने से रोका, और उन्हें गठबंधन की सरकार के लिए मजबूर किया। यही इंडिया गठबंधन की जीत है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के 11 में से 10 लोकसभा सीट पर हार की समीक्षा एआईसीसी के द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर मैं कर रहा हूं। मप्र और छग की 40 लोकसभा सीटों में सिर्फ कोरबा सीट से कांग्रेस की जीत और डॉ महंत के जीत के फार्मूले पर मोइली ने कहा इसकी जानकारी अभा कांग्रेस कमेटी को अवगत कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि रायपुर और महासमुंद लोकसभा सीट की समीक्षा के बाद बिलासपुर में चार सीटों बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर और रायगद की समीक्षा के बाद कांकेर और फिर उसके बाद दुर्ग और राजनांदगाँव सीटों की समीक्षा की जाएगी। वीरप्पा मोईली ने कहा कि जीत हो या हार जिम्मेदारी तो सामूहिक होती है। राहुल गांधी और खड़गे जी संविधान बचाओ और जल, जंगल, जमीन का मुद्दा पूरे देश में जोर शोर से उठाया गया जिसके आधार पर कांग्रेस 40 से 100 पर आ गई। छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश में क्यों सफल नहीं हो पाई यह समझना जरूरी है, और इसी काम पर हम आए हैं। मूसलाधार बारिश के बीच मोइली सुबह 11 बजे से ही कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों और पराजित प्रत्याशीयो से बारी बारी चर्चा कर हार के कारणों की जानकारी ले रहे थे। छत्तीसगढ़ भवन कांग्रेस नेताओं की भारी भीड़ रही।

# तकनीकी एवं रोजगारपरक शैक्षणिक संस्थान शांतिनिकेतन कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

शहर के प्रसिद्ध कॉलेज षांतिनिकेतन महाविद्यालय, पानी टंकी के पास, बाजार चौक, चंगोराभाठा, रायपुर में विभिन्न तकनीकि विषय विज्ञान, कम्प्यूटर, वाणिज्य के अलावा पीजीडीसीए, डीसीए और एम.एस.सी कोर्स में छात्रों की अधिक रूची हैं। यह महाविद्यालय पं. रविषंकर शुक्ल विष्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त प्राइवेट कॉलेज हैं। कॉलेज में संचालित संकाय (शिक्षा)- कॉलेज में संचालित विषय अन्य संस्थानों में संचालित विषयों से अलग हैं। यहां संचालित समस्त विषय छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं, वरन् अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार व स्वरोजगार प्रदान कराने में सक्षम हैं। कॉलेज में विज्ञान, कम्प्यूटर, वाणिज्य से संबंधित विभिन्न विषय में से अपनी पसंद के विषय चुन सकते हैं।

**शांतिनिकेतन महाविद्यालय द्वारा बी.एससी. मॉइक्रोबॉयोलोजी कोर्स की उपयोगिता**

मॉइक्रोबॉयोलोजिस्ट की जरूरत कई स्तरों पर है। जिस तरह से दुनिया भर में नई-नई बीमारियां सामने आ रही है, उसे देखते हुए कई मॉइक्रोब्स (सुक्ष्म जीवाणु) का अब भी पता लगाया जाना मॉइक्रोबॉयोलोजिस्ट का काम होता है। इसलिए उनके लिए कैरियर के अवसरो की अब कमी नहीं है।

**क्या है मॉइक्रोबॉयोलोजी**

यह विशय बायोलॉजी विशय की ही एक ब्रांच है जिसमें सुक्ष्म जीवाणुओं का अध्ययन किया जाता है। इन सुक्ष्म जीवाणुओं के असर, प्रभाव, कारक, इत्यादि को जानने की मदद होती है। इसके अलावा जीन थैरेपी, इंसानो मे होने वाले जेनेटिक डिसआर्डर जैसी गतिविधियों का पता लगाने के लिए मॉइक्रोबॉयोलोजी की आवष्यकता होती है।

**कैसे करे पढ़ाई**

इस कोर्स में पढ़ाई करने के लिये विद्यार्थी को विज्ञान विशय के साथ कक्षा 12वी पास होना अनिवार्य होता है। मॉइक्रोबॉयोलोजी विशय से पोस्ट ग्रेजुएट होने के बाद अप्लायड मॉइक्रोबॉयोलोजी, मेडिकल मॉइक्रोबॉयोलोजी, क्लीनिकल रिसर्च बायोइंफॉरमेटिक्स, मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री, फॉरेंसिक साइंस जैसे सबजेक्ट्स में मास्टर कर सकतें है व कैरियर बना सकतें है।

**मॉइक्रोबॉयोलोजिस्ट की आवश्यकता**

मॉइक्रोबॉयोलोजिस्ट के रूप में साइंटिस्ट रिसर्च वर्क, हॉस्पिटल, लेबोरेट्री, निजी अथवा सरकारी क्षेत्र, डेयरी प्रोडक्ट्स उद्योग, टीचिंग, फार्मास्टिस्ट, बीयर मेकिंग, आदि क्षेत्रों में जुड़कर कैरियर बना सकतें है।

## जनकल्याणकारी योजनाओं का राह देखते देखते आर्थिक तंगी में कट रही है जेठू राम टंडन की जिंदगी

# डबल इंजन सरकार की योजनाओं की गाड़ी आखिर कब पहुंचेगी जेठूराम टंडन के द्वार

### आठ माह से पेंशन योजना का लाभ भी नहीं मिला

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



केंद्र सरकार व राज्य सरकार गरीब लोगों के लिए अनगिनत योजनाएं चल रही हैं ताकि ग्रामीणों के जीवन को सुधार सके उन्हें आत्मनिर्भर बन सके किंतु हमारे सिस्टम का ऐसा खेल की योजनाएं धरातल पर ही नहीं पहुंच रही। राज्य सरकार व केंद्र सरकार की योजनाओं को आम जनता तक कैसे पहुंचा जाए जिससे गरीब दिन दुखिये है उनके जीवन में इन योजनाओं से लाभान्वित कर उनके जीवन को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाया जाए। किंतु नीचे से ऊपर तक भ्रष्ट व निष्क्रिय आधिकारी कर्मचारीयों की नाकामियों के वजह से ग्रामीण आंचल में लोगों के जीवन स्तर में कोई सुधार नहीं आ रहा है। इसका ताजा मामला बलौदा बाजार जिले के पलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम भवानीपुर के आश्रित ग्राम जुनवानी में देखने को मिला। ग्राम के जेठू राम टंडन अपने आठ परिवार के साथ टूटे-फूटे मकान में रहने विवश है उनके घर को देखने से ही पता चलता है कि उनके घर की माली हालत क्या होगी हमारे संवाददाता ने जब जेठू राम टंडन के घर के अंदर जाकर अंदर का नजारा देखा तो अचंभित हो गया चावल के अलावा जेठू राम के घर में किसी प्रकार की कोई महंगी वस्तु नहीं थी केवल कपड़े बर्तन व अनाज ही बस रखे थे। जेठू राम बताते हैं कि उन्हें अब तक पेंशन के अलावा किसी प्रकार की योजना का लाभ नहीं मिला है और पेंशन भी उन्हें विगत 8 माह से नहीं मिल रहा है। जिस कारण से उन्हें अपने परिवार चलाने में भी काफी दिक्कत हो रही है। 72 वर्षीय जेठू राम टंडन बताते हैं कि उनके घर में आए का कोई साधन नहीं है कई दिन तक तो वह भूखे ही सोते हैं क्योंकि गांव में राशन दुकान नहीं है उन्हें राशन लेने, चार किलोमीटर दूर भवानीपुर जाना होता है और समय पर राशन नहीं मिलने पर उनके परिवार को भूखा ही सोना पड़ता है। जेठू बताते हैं कि उनके परिवार में कुल 8 सदस्य हैं उनका बड़ा बेटा 19 साल का है जो रायपुर गया हुआ है वह कभी कभार ही पैसा भेजता है। बाकी घर का खर्चा जैसे तैसे गरीबी में ही गुजर रही है जेठू राम बताते हैं वर्षो से वह इसी घर में निवास कर रहे हैं उन्हें शासन जनकल्याणकारी योजना का लाभ उन्हें नहीं मिला है गांव में उनकी जमीन नहीं है इसी घर में उनके माता-पिता का निधन भी हो गया है। अब जेठू राम अपने परिवार के साथ यहीं रहते हैं और गरीबी में ही उनके जीवन कट रही है।

**जेठू के हैं 6 बच्चे**

जेठू राम टंडन की चार बेटियां व दो बेटे हैं जिनमें से बड़ा बेटा 19 साल है और दूसरे नंबर की बेटी 16 वर्ष की है बाकी सभी बच्चे अभी कम उम्र के हैं। बड़ा बेटारायपुर में काम करने गया है वह भी कभी कभार ही पैसा भेजता हैं।

**दो बच्चों का नहीं बना है आधार कार्ड**

जेठू राम बताते हैं कि उन्हें राज्य शासन की खदन्या योजना अंतर्गत 42 किलो चावल दिया जाता है दो बच्चों का आधार कार्ड नहीं होने के कारण उन्हें 14 किलो चावल नहीं मिलता है।

**खदर के घर में रहते हैं जेठू राम**

जेठू राम का घर लाल पुत्री व खादर का है जो कई वर्षो से नहीं बदल गया है ऐसे ही निवास करने में विवश है जेठू राम क्योंकि आई का कोई साधन नहीं है उन्हें उनके परिवार में कोई भी कमाने वाला नहीं है शासन प्रशासन की अगर मदद मिलती है तो जेठू राम भी अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई के लिए स्कूल भेज सकते हैं। परिवार को शासन प्रशासन से मदद की आस में बैठे जेठू राम की जिंदगी आर्थिक तंगी में ही गुजर रही है।

**उम्र बढ़ने के साथ घर की आर्थिक स्थिति बिगड़ते चली गई**

जेठू राम टंडन की उम्र 72 वर्ष होने के चलते उन्हें अब मेहनत का काम ज्यादा नहीं कर सकते वह आसक्त हो रहे हैं इस कारण से उन्हें अब ज्यादातर लोग कम पर भी नहीं बुलाते जेठू राम के पास गांव में एक बीघा भी जमीन नहीं है इस कारण से उन्हें कोई मदद भी नहीं करता।

# कलेक्टर दीपक सोनी से ध्रुव समाज के पदाधिकारियों ने की मुलाक़ात



## रानी दुर्गावती बलिदान दिवस समारोह क़े लिए दिया न्योता

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

जिले क़े ध्रुव समाज क़े पदाधिकारियों ने कलेक्टर दीपक सोनी से सौजन्य मुलाक़ात क़ी। उन्होंने 30 जून 2024 को भाटापारा मण्डी परिसर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय क़े मुख्य आतिथ्य में आयोजित रानी दुर्गावती बलिदान दिवस समारोह क़े लिए कलेक्टर सोनी को आमंत्रित किया। समाज क़े पदाधिकारियों ने बताया कि समाज शांति प्रिय एवं भाईचारे का पक्षधर रहा है तथा हमेशा शासन-प्रशासन का पूरा सहयोग करते रहा है। उन्होंने बताया कि रानी दुर्गावती बलिदान दिवस में आदिवासी सांस्कृतिक भवन का लौकार्पण, समाज क़े प्रतिभावान युवाओं एवं अन्य विभूतियों का सम्मान किया जाएगा। कलेक्टर सोनी ने कहा कि प्रशासन सभी वर्ग क़े लोगों का समान रूप से उनके हित में कार्य करने क़े लिए प्रतिबद्ध है। कोई सुझाव या समस्या हो तो जरूर बताएं। समस्याओ क़े निराकरण क़े लिए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बंशी लाल नेताम, दौलत कुंजाम, अमृत कुमार ध्रुव, कृपा राम ध्रुव सहित अन्य सामजिकजन उपस्थित थे।

## संपादकीय

### लोकसभा अध्यक्ष नेतृत्व में निरंतरता

**लोकसभा अध्यक्ष** के रूप में ओम बिड़ला की पुन: नियुक्ति उनकी क्षमता तथा लोकतंत्र में उनका विश्वास प्रकट करती है। उनकी यह नियुक्ति संसदीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है। बिड़ला का नेतृत्व उनकी निष्पक्षता, लोकतांत्रिक सिद्धान्तों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता तथा संसदीय कार्यवाहियों की जटिलता में मार्ग खोजने के लिए जाना जाता है। बिड़ला ने कहा था, 'संसद लोकतंत्र का मंदिर है। यह हमारा दायित्व है कि इसका समुचित संचालन सुनिश्चित कर जनता की आकांक्षाओं को अभिव्यक्ति दें। मैं सभी सदस्यों के साथ यह सुनिश्चित करने हेतु काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं कि लोकसभा लोकतांत्रिक विमर्श का एक जीवन्त और प्रभावी मंच बन सके।' ओम बिड़ला राजस्थान के वरिष्ठ राजनेता तथा भारतीय जनता पार्टी-भाजपा के सदस्य हैं। उन्होंने पहले 2019 में लोकसभा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी निभाई थी। उनकी पुन: नियुक्ति नेतृत्व की निरंतरता प्रदर्शित करती है जो निचले सदन का स्थायित्व व गरिमा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है। यह देख कर बहुत खुशी होती है कि उनके चयन को न केवल उनकी पार्टी, बल्कि अनेक विपक्षी कतारों से भी व्यापक समर्थन मिला। सभी पार्टियों की ओर से मिला यह समर्थन इस बात की पुष्टि करता है कि बिड़ला निष्पक्षता के साथ संतुलित दृष्टिकोण अपनाने में सक्षम हैं और वे ऐसा परिवेश बनाते हैं जहां विविधतापूर्ण दृष्टिकोणों की अभिव्यक्ति तथा उन पर रचनात्मक बहस संभव हो।

ओम बिड़ला की राजनीतिक यात्रा 1990 के दशकारंभ में जनता की सेवा तथा जमीनी स्तर पर विकास के प्रति प्रतिबद्धता के साथ शुरू हुई।



राजस्थान में कोटा-बूंदी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले बिड़ला ने राज्य और केन्द्र में विभिन्न महत्वपूर्ण भूमिकायें निभाई हैं। लोकसभा अध्यक्ष के रूप में बिड़ला ने संसदीय कार्यवाहियों में पारदर्शिता और क्षमता में सुधार करने की पहल की है। उन्होंने लोकसभा का कामकाज आधुनिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए डिजिटल टूल्स व प्रक्रियाओं को सहज बनाया ताकि विधायी गतिविधियां सरल हो सकें और जनता की उन तक पहुंच हो सके। हालांकि, लोकसभा अध्यक्ष के तौर पर बिड़ला का कार्यकाल बिना चुनौतियों के नहीं था और वे अनेक विवादों में भी घिरे। ओम बिड़ला पर पूर्वाग्रह के आरोप लगे। आलोचकों का आरोप था कि वे संसदीय कार्यवाहियों में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी-भाजपा का समर्थन करते हैं तथा चयनित रूप से प्रमुख मुद्दों पर बहस की अनुमति देते हैं या नहीं। संसदीय कामकाज में बाधा डालने के लिए उन्होंने अनेक विपक्षी सांसदों का निष्कासन किया, जबकि आलोचकों का तर्क है कि यह 'विरोध को दबाने' का कठोर और चयनित तरीका था। इसके साथ ही बिड़ला पर विपक्षी नेताओं के साथ दुर्व्यवहार का आरोप भी लगा जिसके चलते वे अक्सर उनके बोलने का समय कम कर उनका दृष्टिकोण सामने नहीं आने देते थे। लेकिन बिड़ला ने महिलाओं और युवा सांसदों की ज्यादा प्रतिभागिता सुनिश्चित की तथा संसदीय प्रक्रियाओं को ज्यादा समावेशी व प्रतिनिधिक बनाया। लोकसभा अध्यक्ष के रूप में ओम बिड़ला का पुन: चयन उनके नेतृत्व के प्रति लोकसभा सदस्यों का विश्वास प्रकट करता है। बिड़ला निष्पक्षता सुनिश्चित करने के साथ ही सदन की गरिमा और सम्मान सुनिश्चित करने में भी सफल हुए हैं। इसके लिए पार्टियों की दलगत सीमाओं से ऊपर उठ कर उनकी प्रशंसा अनेक दलों के सदस्यों ने की है। उम्मीद है कि उनकी अध्यक्षता में 18वीं लोकसभा भारत के संसदीय इतिहास में उल्लेखनीय योगदान कर भारत की प्रगति तेज करेगी।

# सुनक को भारतीयों का समर्थन

ब्रिटेन में 4 जुलाई को होने वाले आम चुनाव में प्रमुख सवाल यह है कि क्या ब्रिटिश भारतीय वास्तव में वर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी कंजरवेटिव पार्टी का समर्थन करेंगे?

**विवेक शुक्ला**
(लेखक, पूर्व सूचनाधिकारी हैं)



ब्रिटेन में 4 जुलाई को होने वाले आम चुनाव में प्रमुख सवाल यह है कि क्या ब्रिटिश भारतीय वास्तव में वर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी कंजरवेटिव पार्टी का समर्थन करेंगे? क्या ब्रिटेन के पहले हिंदू प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 4 जुलाई को होने वाले आम चुनाव के बाद अपने पद पर बने रहेंगे? क्या सुनक की कंजरवेटिव पार्टी को ब्रिटिश भारतीयों के वोट मिलेंगे? क्या लेबर पार्टी को भी अनिवासी भारतीयों के वोट मिलेंगे? ये सवाल वास्तव में महत्वपूर्ण हैं। ये सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाते हैं कि अनेक जनमत सर्वेक्षणों में ऋषि सुनक और उनकी कंजरवेटिव पार्टी को लेबर पार्टी की तुलना में बहुत पीछे बताया जा रहा है। वर्ष 2011 की ब्रिटिश जनगणना के अनुसार ब्रिटेन में भारतीय मूल के 1.5 मिलियन लोग निवास करते हैं जो देश की कुल जनसंख्या का 2.5 प्रतिशत हैं। भारतीय ब्रिटेन में सबसे बड़ा 'आप्रवासी समूह' हैं।

वे अन्य आप्रवासी समूहों की तुलना में ज्यादा पढ़े-लिखे हैं तथा उनका शुमार ब्रिटेन के सबसे अमीर लोगों में होता है। ब्रिटेन में सबसे अमीर लोगों की सूची में हिंदुजा, लक्ष्मी मित्तल तथा स्वराज पाल जैसे भारतीय मूल के लोग शामिल हैं। ऋषि सुनक तथा उनकी पत्नी व इन्फोसिस संस्थापक एन.आर. नारायण मूर्ति की बेटी अक्षता मूर्ति ब्रिटेन के सबसे अमीर लोगों की सूची में 245 वें स्थान पर हैं। 'संडे टाइम्स' ने यह सूची मई में जारी की थी।

ऐतिहासिक रूप से ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय आप्रवासी लेबर पार्टी के पक्षधर माने जाते रहे हैं। ब्रिटेन में लेबर पार्टी की सरकार के समय ही भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई थी। इस कारण ब्रिटेन में पहले से रहने वाले भारतीय आप्रवासी स्वाभाविक रूप से लेबर पार्टी से प्रभावित थे। लेकिन हालिया सर्वेक्षणों से स्पष्ट है कि अनिवासी भारतीयों का झुकाव अब कंजरवेटिव पार्टी की ओर बढ़ रहा है जो लेबर पार्टी की प्रमुख प्रतिद्वंद्वी है।

1970 के दशक से लंदन में रहने वाले लेखक विनोद चह्वाण का विश्वास है कि ब्रिटेन में रहने वाले हिंदू आगामी चुनाव में पूरी तरह से कंजरवेटिव पार्टी को वोट देंगे। यह खबर ऋषि सुनक और उनकी कंजरवेटिव पार्टी को राहत देने वाली हो सकती है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि जब हम ब्रिटेन में रहने वाले हिंदुओं की बात करते हैं तो उनमें उस देश में पूर्वी अफ्रीका, कैरीबियन द्वीपों तथा अन्य स्थानों से आकर बसने वाले हिंदू भी शामिल हैं। ऋषि सुनक का परिवार भी 1960 के दशक में कीनिया से आकर ब्रिटेन में बसा था, हालांकि उनके पूर्वजों का संबंध मूलत: पंजाब से है।

यह विश्वास भी किया जाता है कि ब्रिटेन में रहने वाले अनिवासी भारतीयों का बड़ा हिस्सा 2014 में नरेन्द्र मोदी के भारत का प्रधानमंत्री बनने के बाद कंजरवेटिव पार्टी का समर्थक बना है। इन समर्थकों में हिंदुओं की संख्या सर्वाधिक है। ब्रिटेन में रहने वाले भारतीयों में हिंदुओं की संख्या एक मिलियन से अधिक है। इसके पीछे प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रीय और विदेश नीति है जो आप्रवासी भारतीयों में भारी आकर्षण का कारण बनी है। प्रधानमंत्री मोदी 2014 के बाद से ही अपनी सभी विदेश यात्राओं में आप्रवासी भारतीयों को संबोधित करने तथा उनसे विचार-विमर्श करने को प्रमुख स्थान देते रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2015 में अपनी ब्रिटेन यात्रा के समय भारतीय मूल के 60,000 से अधिक लोगों को लंदन के खचाखच भरे विम्ब्ले स्टेडियम में संबोधित किया था। उस समय वहां गुजराती और पंजाबी लोगों की संख्या सर्वाधिक थी। तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जानसन भी स्वयं को गर्व से 'भारत का दामाद' कहते थे। वे एक खास तरह से भारत के दामाद थे। उनकी दूसरी तलाकशुदा पत्नी मरीन व्हीलर की मां दीप सिंह कौर का विवाह पहले नई दिल्ली के प्रख्यात ठेकेदार सर शोभा सिंह के बेटे सरदार दलजीत सिंह से हुआ था।

> पहली बार ब्रिटिश हिंदुओं ने अपना एक घोषणापत्र जारी कर अगली सरकार से अपनी महत्वाकांक्षाओं और उम्मीदों को स्पष्ट किया है। उनका कहना है कि ब्रिटेन में रहने वाले हिंदू केवल उन उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे जो उनकी मांगों पर सहमति प्रकट करेंगे। ब्रिटेन में हिंदू तीसरा सबसे बड़ा धार्मिक समूह है। अब तक 29 हिंदू संगठनों ने इस घोषणापत्र से अपनी सहमति प्रकट की है।

हालांकि, यह महत्वपूर्ण तथ्य समझना भी जरूरी है कि ब्रिटेन में रहने वाले सभी आप्रवासी भारतीयों की सोच समान नहीं है। वे राजनीतिक रूप से न एक तरह सोचते हैं और न किसी खास नेता का समर्थन करते हैं। विश्वास किया जाता है कि ब्रिटेन में रहने वाले अधिकांश भारतीय मुसलमान और सिख लेबर पार्टी को वोट दे सकते हैं। ऐसे लोगों को कंजरवेटिव पार्टी तथा मोदी के बीच निकट संबंध पसंद नहीं हैं। 1960 से 1980 के दशक के बीच अधिकांश भारतीय आप्रवासी ब्रिटेन में युगांडा, कीनिया और कैरीबियन द्वीपों से आकर बसे थे। वे खासकर लेबर पार्टी की आप्रवासी अधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता से आकर्षित थे। लेबर प्रधानमंत्री हेरोल्ड विल्सन द्वारा 1965 में पास 'रेस रिलेशन्स एक्ट' से वे बहुत प्रभावित थे।

युगांडा के क्रूर तानाशाह ईदी अमीन द्वारा अगस्त, 1972 में सभी भारतीयों को 90 दिन के भीतर देश छोड़ देने के आदेश के बाद हजारों भारतीय आप्रवासी ब्रिटेन आ गए थे। गंभीर विश्लेषण से पता चलता है कि ब्रिटेन में रहने वाले हिंदुओं का आकर्षण कंजरवेटिव पार्टी के प्रति 2010 से बढ़ने लगा था। इस प्रवृत्ति में अमीर और पढ़े-लिखे दूसरी और तीसरी पीढ़ी के हिंदुओं का प्रमुख स्थान था। पिछले 25 वर्ष में भारत से ब्रिटेन आप्रवासियों की एक नई लहर आई है। इनमें डाक्टर, इंजीनियर, आईटी पेशेवर, आदि शामिल हैं।

ऐसे सभी अमीर व मुख्यत: हिंदू आप्रवासी भारतीय अपनी पहचान कंजरवेटिव पार्टी के मतदाताओं के रूप में करते हैं। अनिवासी भारतीयों का लेबर पार्टी से मोहभंग रातोंरात नहीं हुआ है। इसकी शुरुआत 2019 में लेबर पार्टी के प्रस्ताव से हुई थी जिसमें जम्मू कश्मीर की जनता के लिए 'आत्मनिर्णय के अधिकार' की मांग की गई थी। इस प्रस्ताव के कारण ब्रिटेन में रहने वाले आप्रवासी भारतीयों के बड़े हिस्से ने लेबर पार्टी से अपनी दूरी बना ली थी। उन्होंने इसे भारत के आंतरिक मामलों में सीधे हस्तक्षेप की तरह देखा था। इस बीच ऋषि सुनक 2022 में ब्रिटेन के पहले हिंदू प्रधानमंत्री बन गए।

इस घटना ने हिंदुओं और कंजरवेटिव पार्टी के बीच संबंध और गहरे कर दिए। हालांकि, अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि सभी हिंदू ब्रिटेन के आगामी आम चुनाव में कंजरवेटिव पार्टी को वोट देंगे। हालांकि, पहली बार ब्रिटिश हिंदुओं ने अपना एक घोषणापत्र जारी कर अगली सरकार से अपनी महत्वाकांक्षाओं और उम्मीदों को स्पष्ट किया है। उनका कहना है कि ब्रिटेन में रहने वाले हिंदू केवल उन उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे जो उनकी मांगों पर सहमति प्रकट करेंगे। ब्रिटेन में हिंदू समुदाय तीसरा सबसे बड़ा धार्मिक समूह है। अब तक 29 हिंदू संगठनों ने इस घोषणापत्र से अपनी सहमति प्रकट की है।

घोषणापत्र के अनुसार, 'हिंदू ब्रिटिश अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। देश की अर्थव्यवस्था में हमारा योगदान तुलनात्मक रूप से बहुत अधिक है। हम एक सर्वाधिक कानून का पालन करने वाले समुदाय हैं। लेकिन इसके बावजूद देश में हिंदू-विरोधी घृणा बढ़ रही है।' ब्रिटेन में रहने वाले हिंदुओं की सबसे बड़ी मांग अपनी सुरक्षा है। इन सभी चीजों को देखते हुए सवाल है कि क्या ब्रिटेन में रहने वाले लगभग सभी हिंदू कंजरवेटिव पार्टी को वोट देंगे? क्या लेबर और कंजरवेटिव पार्टियां हिंदू संगठनों द्वारा जारी घोषणापत्र पर विचार करेंगी?

# बांग्लादेश के साथ बेहतर रिश्तों की ओर

> शेख हसीना की यात्रा ने भारत के लिए रणनीतिक साझेदार के रूप में बांग्लादेश की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर किया।

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई भारतीय सरकार अपनी विदेश नीति के एजेंडे पर वापस आ गई है, जिसे उसने पिछले एक दशक में सावधानीपूर्वक तैयार किया है। शपथ ग्रहण के कुछ दिनों के भीतर ही श्री मोदी विशेष आमंत्रित के रूप में जी7 बैठकों में भाग लेने के लिए इटली गए थे। उनका शपथ ग्रहण समारोह अपने आप में पड़ोसी प्रथम के घोषित नीतिगत फोकस का एक बयान था।

शपथ ग्रहण समारोह में लगभग सभी दक्षिण पूर्व एशियाई देशों और कुछ हिंद महासागर क्षेत्र के नेताओं ने भाग लिया। गौरतलब है कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के एक महीने के भीतर ही द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए भारत वापस आ गई थीं। शेख हसीना के साथ संयुक्त ब्रीफिंग के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उजागर की गई बैठक का फोकस था आज हमने नए क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक भविष्य की दृष्टि तैयार की है। दोनों देशों के युवाओं को ग्रीन पार्टनरशिप, डिजिटल पार्टनरशिप, ब्लू इकोनॉमी, स्पेस जैसे कई क्षेत्रों में सहयोग पर हुए समझौते से लाभ होगा। भारत बांग्लादेश मैत्री सैटेलाइट हमारी साझेदारी को नई ऊंचाइयां देगा। हमने अपना फोकस- कनेक्टिविटी, वाणिज्य और सहयोग पर रखा है।

बांग्लादेश भारत के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है, न केवल अंतरंग भौगोलिक सीमाओं और साझा संस्कृति और भाषा के कारण, बल्कि भारत के पूर्वोत्तर को बंगाल की खाड़ी से जोड़ने वाले एक महत्वपूर्ण गलियारे के रूप में भी। दोनों देशों के प्रधान मंत्री शेख हसीना और नरेंद्र मोदी एक दशक से अधिक समय से शीर्ष पद पर हैं। उन्होंने एक ऐसा कामकाजी रिश्ता विकसित किया है, जिसकी बराबरी करना मुश्किल है, जो पिछले पांच वर्षों में इन नेताओं की दस बैठकों से रेखांकित होता है। दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त रूप से 18 मार्च को वर्चुअल प्रारूप में भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन का उद्घाटन किया। पीएम शेख हसीना ने 11 जनवरी 2023 को वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट के उद्घाटन सत्र और 17 नवंबर 2023 को दूसरे वर्चुअल वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट में भी भाग लिया। नशीली दवाओं के व्यापार, तस्करी, नकली मुद्रा, मानव तस्करी और अपराधियों या आतंकवादियों की आवाजाही पर नज़र रखने के लिए संबंध।



सुरक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए, भारत और बांग्लादेश ने पिछले कुछ वर्षों में रक्षा सहयोग ढांचे पर काम किया है। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री की हालिया यात्रा में दोनों देशों ने रक्षा साझेदारी को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया। अपने बयान में पीएम मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि रक्षा उत्पादन से लेकर सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण तक हमारे रक्षा सहयोग को और मजबूत किया जा रहा है। हिंद महासागर क्षेत्र में, हमारा दृष्टिकोण समान है। हम इंडो-पैसिफिक महासागर पहल में शामिल होने के बांग्लादेश के फैसले का स्वागत करते हैं। हम बिम्सटेक सहित अन्य क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपना सहयोग जारी रखेंगे।

भारत-बांग्लादेश संबंधों का सबसे मजबूत स्तंभ अर्थव्यवस्था है। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है और भारत एशिया में बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 16 बिलियन डॉलर का है। पद्मा नदी से बहुप्रतीक्षित इलिश मछली के अलावा, बांग्लादेश भारत को लगभग 2 बिलियन डॉलर का सामान निर्यात करता है, जो एशिया में सबसे अधिक है।

पिछले कुछ वर्षों में, आक्रामक चीन ने अपने अपारदर्शी बुनियादी ढाँचे की परियोजनाओं के माध्यम से द्विपक्षीय संबंधों में भारत के लिए आरक्षित कुछ पारंपरिक स्थान पर कब्ज़ा करने की कोशिश की है। भारत ने बुनियादी ढाँचे की साझेदारी को बढ़ाकर और बांग्लादेश को दक्षिण पूर्व एशियाई दृष्टिकोण की तुलना में इंडो-पैसिफिक भू-राजनीतिक विश्वदृष्टि के करीब लाकर इसका विरोध किया है।

यह बांग्लादेश को ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया और मध्य पूर्व में भारत के बहुपक्षीय भागीदारों के साथ संरेखित करने में मदद करता है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के तहत भारत के पहले राजकीय अतिथि के रूप में पीएम शेख हसीना की यात्रा दोनों पड़ोसियों के बीच मजबूत संबंधों का एक महत्वपूर्ण सुदृढ़ीकरण है।

## आप की बात

### राष्ट्रपति का अभिभाषण

**देश** की महामहिम राष्ट्रपति सुश्री द्रोपदी मुर्मू ने नवनिर्मित संसद में 18वीं लोकसभा के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार कामकाज के रोड मैप की जानकारी देश के समक्ष रखी है। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में नीट परीक्षा की धांधली आदि महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए तथा 2036 में भारत भूमि पर ओलंपिक कराए जाने का संकल्प दोहराया है जिसका देश के प्रत्येक नागरिक को स्वागत करना चाहिए। यह भारत के लिए गर्व की बात होगी कि 2036 का ओलंपिक भारत में कराया जाए। इसके लिए खेल मंत्रालय भी तैयारी में लगा है। देश का युवा भी पूरी आशा के साथ केंद्र सरकार के इस कदम के साथ खड़ा है। 2010 में भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों का सफल आयोजन भी किया था और एशियन गेम्स 1982 में दिल्ली में आयोजित किया गया था। उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में जनवरी 2023 में विश्व हॉकी कप का आयोजन किया गया था। इसी प्रकार 2018 में भी अंतरराष्ट्रीय हॉकी विश्व कप का आयोजन भारत में सफलतापूर्वक किया जा चुका है। इस प्रकार 2036 ओलंपिक के प्रति प्रतिबद्धता अपने अभिभाषण में व्यक्त कर महामहिम सुश्री द्रोपदी मुर्मू ने भारत के इस दावे को और बल दिया है। सभी राजनेताओं को इसका समर्थन करना चाहिए।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### आपातकाल का पाप

**लोकसभा** में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने इंडिया गठबंधन नेताओं के साथ स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात कर उनके द्वारा आसन से आपातकाल का जिक्र करने पर नाराजी जाहिर करते हुए इस कदम को राजनीतिक करार दिया। आज भी कांग्रेसी उस आपातकाल को इसलिए नहीं भूल पाते हैं क्योंकि इसके दौरान पार्टी को जैसी बदनामी झेलनी पड़ी वह आज भी उनका पीछा नहीं छोड़ रही है। आपातकाल का पाप कांग्रेस को कभी नहीं छोड़ेगा। लोकसभा स्पीकर के साथ ही राष्ट्रपति के अभिभाषण में भी आपातकाल का उल्लेख था। आपातकाल के दौरान विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया गया था, अखबारों पर सेंसर थोपा गया था तथा उसी दौरान चाले नसबंदी अभियान को याद कर आज भी लोग सहम जाते हैं। कांग्रेसी व कई विपक्षी नेता पिछले दस साल से जारी कथित आपातकाल की बात करते हैं। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी को जनता ने भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने का जनादेश दे दिया है और मोदी इस पर तेजी से अमल कर रहे हैं। यदि भ्रष्टाचार के आरोपी बड़े से बड़े नेता को सुप्रीम कोर्ट तक से राहत नहीं मिलती है तो ऐसे नेताओं के खिलाफ कार्रवाई को अघोषित आपातकाल नहीं कहा जा सकता है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### विपक्ष की गलती

**एनडीए** ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए ओम बिड़ला का नाम सदन में पहले ही सर्वसम्मति से चुनने के लिए प्रस्तावित कर दिया था, किन्तु विपक्ष ने मांग की कि हमें उपाध्यक्ष का पद दिया जाए तभी हम ओम बिड़ला का समर्थन करेंगे। जब एनडीए इस शर्त पर नहीं हुआ तो उन्होंने के. सुरेश को उम्मीदवार घोषित करके चुनाव की स्थिति पैदा कर दी। भले ही कांग्रेस, टीएमसी व इंडी गठबंधन के अन्य सदस्यों ने इस मामले में काफी सफाई पेश की, किन्तु साफ़ था कि सत्ता-विपक्ष की सदस्य संख्या देखते हुए विपक्षी उम्मीदवार जीतना मुमकिन नहीं था। फिर भी उन्होंने अपनी अपरिपक्व राजनीतिक समझ का परिचय दे ही डाला। अगर वे सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए हामी भर लेते तो सत्ता पक्ष पर थोड़ा नैतिक दबाव बनता और जनता भी विपक्ष की सराहना करती। लेकिन विपक्ष ने ऐसा न कर भारी गलती की है। अब सत्ता पक्ष स्वाभाविक रूप से अपने गठबंधन सहयोगियों में से किसी को उपाध्यक्ष बना सकता है। इस पर सत्ता पक्ष के एक नेता का यह व्यंग बहुत मारक है कि जब हारने की नौबत आती है तो कांग्रेसी नेता किसी दलित को बलि का बकरा बनाना पसंद करते हैं और इस बार इसके लिए केरल के के. सुरेश को जानबूझ कर चुना गया था।

**शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### आरक्षण पर विवाद

**बिहार सरकार** ने आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दी थी जिसे ईडब्ल्यूएस का आरक्षण जोड़ कर यह 75 प्रतिशत हो गया था। सुप्रीम कोर्ट ने इसे निरस्त कर दिया है। लेकिन इसके बावजूद पूरे देश में जातीय जनगणना की मांग हो रही है तथा कांग्रेस ने आरक्षण की सीमा बढ़ाने का वादा भी किया था। वोटों की राजनीति के चलते सभी दल बढ़-चढ़कर आरक्षण देना चाह रहे हैं ताकि उनका वोट बैंक मजबूत हो सके। लेकिन यह तथ्य अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि जातीय आरक्षण के चलते कई पीढ़ियों से से फ़ायदा उठाने वाले अब इसे अपने ही समाज के गरीबों तक नहीं पहुंचने देते हैं। इस निहित-स्वार्थ के चलते अनेक प्रतिभाशाली छात्रों को अपनी योग्यता दिखाने का अवसर नहीं मिलता। रंगनाथ मिश्र कमेटी रिपोर्ट ने परिवार-केन्द्रित आरक्षण का सुझाव दिया था। अब आधार के सर्वव्यापी होने तथा डीबीटी सीधे खाते जाने के युग में इसे आसानी से लागू किया जा सकता है। इसका लाभ सभी जातियों के गरीब लोगों को मिलेगा और इससे वोटबैंक की राजनीति करने वाले नेताओं की असलियत भी उजागर हो जाएगी।

– **सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।

# मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने वर्चुअल माध्यम से किया न्यायिक कर्मचारी आवासीय कालोनी का लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर एवं न्यायमूर्ति अरविंद कुमार वर्मा न्यायाधीश/पोर्टफोलियों जस्टिस जिला बेमेतरा द्वारा वर्चुअल माध्यम से जिला बेमेतरा में न्यायिक कर्मचारियों के आवासीय कालोनी सिंधौरी व तहसील साजा में एवं बेमेतरा जिला न्यायालय परिसर में भारतीय उप डाकघर का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रणीश चौबे सहित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, अपर कलेक्टर विभागीय अधिकारी, एसडीएम, मुख्य कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, पुलिस विभाग, न्यायालय के कर्मचारीगण, नागरिकगण उपस्थित थे। बेमेतरा के सिंघौरी में न्यायिक कर्मचारी कालोनी में चार ब्लॉक में 22 फैमिली के लिए क्वार्टर बनवाया गया। जिला न्यायालय परिसर के नवीन भारतीय उप डाकघर में प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा सर्वप्रथम खाता खुलवाया गया।

# बिजली की समस्या में सुधार नहीं, होगा बड़ा आंदोलन

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा है कि बेमेतरा जिला मुख्यालय तथा बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में जिस तरीके से बिजली गोल हो जाने की समस्या बनी हुई है उसे न केवल क्षेत्र में किसानी ही प्रभावित हो रही है बल्कि आम जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है लोगों के घरों में कीमती विद्युत से चलने वाले सामान खराब हो रहे हैं क्षेत्र में लगातार पावर कट की समस्या बनी हुई है इससे बुरी तरीके से लो लोग प्रभावित हो रहे हैं बेमेतरा जिले में ट्रांसफार्मर के अलावा इंसुलेटर एबी केबल और स्विच की उपलब्धता नहीं है विद्युत कनेक्शन के लिए भी उपभोक्ताओं को चक्क र लगाना पड़ रहा है क्षेत्र में किसान लगातार ट्रांसफार्मर जलने और ट्रांसफार्मर की कमी से परेशान है जिससे किसानी प्रभावित हो रही है आज जबकि जून का माह समाप्त होने को आ रहा है क्षेत्र में वैसे भी वर्षा की कमी बनी हुई है जिससे किसान बिजली आधारित विद्युत पंप को चलकर अपनी किसानी को संभालते हैं किंतु बेमेतरा क्षेत्र में पावर कट की समस्या तथा लो वोल्टेज की समस्या ने बेमेतरा क्षेत्र में किसानी को बहुत बुरी तरीके से प्रभावित किया है किसान बार-बार बिजली ऑफिस के चक्क र लगा रहा है लेकिन उनकी समस्याएं हल नहीं हो रही है ऊपर से राज्य के भाजपा सरकार ने विद्युत की दरों में भारी बढ़ोतरी कर दी है ऐसे में लोगों के घर में आ रहे बिजली बिल ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है एक तरफ विद्युत मंडल बिना विद्युत सप्लाई के लोगों के घरों में लगातार भारी भरकम बिजली बिल भेजे जा रहा है ऊपर से उमस भरी गर्मी में लगातार क्षेत्र में बिजली की कटौती की जा रही है ग्रामीण क्षेत्र का तो हाल ही बुरा है बेमेतरा जिला मुख्यालय में भी दिन में कई बार बिजली की कटौती हो रही है इससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है लोगों की जेब में अघोषित रूप से डकैती की जा रही है भाजपा की सरकार लोगों को बिजली की सुविधा दे पानी में निकम्मी साबित हो रही है क्षेत्र के लोग परेशान हैं ऐसे में कांग्रेस पार्टी चुप नहीं रह सकती अगर व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो जल्द ही बेमेतरा जिला मुख्यालय में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायत के चुनाव हो एक साथ : अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा

## राज्य में बार बार आचार सहिंता से विकास की गति होती है मंद : डॉ सौरभ

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगरी निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एक साथ करने की मांग अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के द्वारा किया गया है यह संबंध में अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक सौरभ निर्वाणी ने कहा है कि चुनाव का मतलब है सरकार में किसी खास पद के लिए किसी व्यक्ति को चुनने के लिए वोट डालना, यह भारत की लोकतांत्रिक सरकार की रीढ़ है, जिसमें राजनीतिक फैसले सीधे देश के नागरिकों द्वारा लिए जाते हैं, अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने राज्य चुनाव निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर माँग रखी है कि राज्य में होने वाले नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव एक साथ संपन्न किये जायें, ताकि चुनाव कराए जाने पर होने वाले प्रशासनिक व्यय,ऊर्जा और समय की बचत हो। वहीं अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रितेश शर्मा ने पत्र में यह मांग रखी कि नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने से राज्य शासन को न सिर्फ करोड़ो रूपयो की बचत होगी अपितु मतदान के दौरान मतदान कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों को काफी लंबे समय तक काम पे रखना एक बहुत बड़ी जटिल और समय लेने वाली गतिविधि है, इससे सरकारी कर्मचारियों के कार्य में बाधा उत्पन्न होती है,शैक्षणिक संस्थानों, अध्ययन रत विद्यार्थियों के शिक्षण समय की बर्बादी होती है,आचार सहिंता के समय के कम होने से सरकारी नीतियों, परियोजनाओं और कार्यक्रम की निरंतरता बनी रहेगी, महासभा के महासचिव लाला भारती ने लिखा कि शासन की दक्षता बढ़ेगी और नफरत फैलाने वाले भाषणों, हिंसा और अन्य कानून और व्यवस्था की समस्याओं में कमी आएगी। अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा ने पत्र की प्रति राज्यपाल और मुख्यमंत्री कार्यालय भी प्रेषित की है और उम्मीद जताया है कि राज्य के सभी राजनैतिक दलों को भी यह सुझाव हितकर लगेगा।

# नया कानून के संबंध में एसपी ने दिया दिशा निर्देश



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

एसपी रामकृष्ण साहू पुलिस अधीक्षक बेमेतरा द्वारा 27-06-2024 को थाना एवं चौकी के सीसीटीएनएस आरक्षकों को नवीन कानून के संबंध में दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रामकृष्ण साहू पुलिस अधीक्षक जिला-बेमेतरा द्वारा भारत सरकार द्वारा 01 जुलाई 2024 को लागू होने वाले नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता 2023 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में जिला बेमेतरा के थाना एवं चैकी में कार्यरत सीसीटीएनएस आरक्षकों को सीसीटीएनएस अपग्रेड करने नवीन कानून के संबंध में सीसीटीएनएस में प्रथम सूचना पत्र एवं धारा विधिवत दर्ज करने नये कानून के मुख्य धाराओं को पढ़ने एवं समझने विवेचकगण को साक्ष्य मोबाईल से कथन विडियोग्राफी आडियो रिर्कोडिग जप्ती वगैरह हार्ड डिस्क में सुरक्षित रखने तथा सभी डाटा को सुरक्षित रखने एवं साक्ष्य माननीय न्यायालय में पेष किया जा सके जिसके संबंध में दिये आवष्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर ज्योति सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बेमेतरा राजेष कुमार झा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय आरक्षक 166 देवेन्द्र साहू आरक्षक 67 तुकाराम निषाद आरक्षक 209 बलदेव निषाद आरक्षक 210 लोकेश्वर साहू आरक्षक 202 राज आडिल आरक्षक 174 पियुश सिंह आरक्षक 145 खेमलाल निषाद आरक्षक 224 सुनील साहू आरक्षक 72 षिव यादव आरक्षक 189 रामेष्वर पटेल एवं आरक्षक 510 ओंकार निर्मलकर उपस्थित थे।

# आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का पुनर्गठन



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का पुनर्गठन किया गया।निशुल्क एवं बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत विधालय में समुदाय की सहभागिता एवं स्वामित्व बढ़ाने के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति (एस . एम .सी.) का गठन किया जाता है। विधालय मे पालको की बैठक बुलाई गई थी जिसमे सर्वसम्मति से खुशबू ठाकुर को शाला समिति का अध्यक्ष एवं उपाध्य्क्ष फरीदा बेगम (पुव् से चयनित) चुना गया।तथा अंजू साहू, रानी सलूजा, राजकुमारी पटेल, मालती पटेल, ललिता साहू,विनेश कुमार साहू, रोहित कुमार मेहर, मीठालाल घृतलहरे,धर्मवीर साहू, राधेश्याम धुर्वे आदि सदस्य गण चुने गये। खुशबू ठाकुर को अध्यक्ष एवं सभी सदस्यो को शाला परिवार की तरफ से प्रधान पाठक रामेश्वर प्रसाद बंजारे ने बहुत बहुत बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक चेतन कुमार देवांगन ने किया एवं आभार प्रदर्शन रेणुका अग्रवाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर शाला की शिक्षिका अलका वासनिक, लक्ष्मी पांडे रोहिणी साहू विद्या श्रीवास्तव, देवकी साहू, सुनीता बंजारे, प्रेमलता मिश्रा, लक्ष्मीनी साहू, सन्तोष यादव तथा पालक गण उपस्थित थे।

# नवप्रवेशी बच्चों का किया गया आत्मीय स्वागत अभिनंदन एवं कराया गया न्योता भोजन

पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के निर्देशानुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक कन्या शाला कुम्हारी में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आज शाला प्रवेश उत्सव वृहत स्तर पर मनाया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अश्वनी देशलहरे (समाजसेवक) अनुराग गुप्ता और फिंगेश्वर साहू जी रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता एस एम सी अध्यक्षा पद्मा सेन ने की। क्रियान्वयन संस्था प्रमुख पी.एम चंद्राकर द्वारा किया गया। इसके साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा सभी बच्चों के लिए न्योता भोजन के रूप में अंकुरित अनाज (मूंग, चना, फल्लीदाना) की व्यवस्था की गई। विद्यालय परिवार एवं छात्रों द्वारा मुख्य अतिथि गणों का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्पाहार तथा धूप दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं नृत्य कर सभी को आनंदित कर दिया। नवप्रवेशी बच्चों का आत्मीय स्वागत उत्साह पूर्वक किया गया और परंपरागत ढंग से छात्रों ने रुचि अनुसार अपने हाथों के पंजों को रंग में डुबोकर छाप लगाए । समाजसेवी अश्विनी देशलहरे ने युवा व्यवसाय अनुराग गुप्ता के सौजन्य से सभी छात्रों को नेता भोजन कराया शासन की योजना अंतर्गत निःशुल्क पुस्तक एवं गणेश आदि का भी वितरण प्राचार्य एवं मुख्य अतिथियों द्वारा छात्रों के मध्य किया गया । ज्ञात हो कि लगभग 200 बच्चों को उपरोक्त सामग्री प्रदान की जा चुकी है अंत में अतिथियों द्वारा प्राचार्य तथा शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ वृक्षारोपण करते हुए क्रमशः पीपल बरगद कनेर आदि के वृक्ष रोपण किये गये। पालक शिक्षण मीटिंग किया गया जिसमें निवेदन किया गया कि सभी पालक विद्यालय के साथ जुड़कर अपनी पूर्ण सहभागिता दें। कार्यक्रम में सभी सम्मानित शिक्षणगण (ए. कश्यप, एस. श्रीवास्तव, के. एल. वर्मा, आर के ध्रुव, एस के धीवर, के. पटेल, एवं ए के प्रधान) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षण डोमार यादव द्वारा किया गया।

# दल्लीराजहरा में टाटा मोटर्स सानन्द गुजरात के द्वारा विभिन्न पदों पर प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 2 जुलाई को

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दल्लीराजहरा में टाटा मोटर्स सानन्द गुजरात के द्वारा विभिन्न पदों पर प्लेसमेंट कैंप का आयोजन मंगलवार 02 जुलाई को सुबह 10 बजे किया जाएगा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दल्लीराजहरा के प्राचार्य ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में 12वीं एवं आई.टी.आई. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा आवेदक की उम्र 18 से 32 साल के बीच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि महिला एवं पुरूष आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक एवं तकनीकी तथा अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ प्लेसमेंट कैंप में शामिल हो सकते है। इसी तरह शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही में टाटा मोटर्स सानन्द गुजरात एंड डेलफिन्गन इंडिया लिमिटेड चेन्नई के द्वारा बुधवार 03 जुलाई को सुबह 9 बजे विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु प्लेसमेन्ट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही के प्राचार्य ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में आर्टस्, कॉमर्स एवं विज्ञान संकाय से बारहवीं पास, आई.टी.आई. पास होना चाहिए तथा आवेदक की उम्र 18 से 32 साल के बीच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक एवं तकनीकी तथा अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ प्लेसमेंट कैंप में शामिल हो सकते है।

# छात्रों को पुस्तकों के बोझ से मुक्त करने के उद्देश्य से आमंत्रित कर दी गई ज्ञानवर्धक जानकारी



पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन की पहल पर सप्ताह में एक दिन छात्रों को पुस्तकों के बोझ से मुक्त करने के उद्देश्य से विद्यालय आमंत्रित किया गया। छात्रों को ज्ञानवर्धक जानकारी दिए जाने की भी व्यवस्था की गई इस कार्यक्रम में 29-06-2024 को शनिवार गतिविधि के रूप में रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में अंतरा गोवर्धन (सामाजिक कार्यकर्ता, काउंसलर- अपना ब्लड सेंटर रायपुर), मुकुंद राठौर (सामाजिक कार्यकर्त्ता), बी. एल. साहू (भूतपूर्व शिक्षक एवं समाज सेवक कुम्हारी) सम्मिलित हुए। कक्षा छठवीं से आठवीं तक के बच्चों को इस जागरूकता कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया। बच्चों को रक्तदान के महत्व के बारे में विभिन्न जानकरियां दी गई। जैसे रक्त समूह के प्रकार, रक्तदान, हम कैंसर के रोगी को, थैलेसीमिया के रोगी को, सर्जरी के दौरान एवं एनीमिया के रोगी को कर सकते हैं। बच्चों को हीमोग्लोबिन की भी जानकारी दी गई की महिलाओं और पुरुषों में हीमोग्लोबिन की मात्रा कितनी होनी चाहिए। हमें हरी सब्जियां सलाद प्रतिदिन अत्यधिक मात्रा में लेना चाहिए, पानी खूब पीना चाहिए, यह सभी जानकारियां बच्चों को दी गई। बच्चों ने रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम में ड्राइंग पेंटिंग एवं पोस्टर बनाए। सभी कार्यक्रम विद्यालय की प्राचार्या लता रघुकुमार, प्रधान पाठक शीतल नय्यर एवं समस्त मिडिल विंग शिक्षकों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।

# नीट पेपर लीक मामले में भाजपा नेता सौरभ लूनिया ने लालू परिवार पर जमकर निशाना साधा

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



पूरे देश में नीट पेपर लीक और फिर GC-NET परीक्षा रद्द मामले को लेकर बवाल मचा हुआ है। इस मामले में सियासत भी तेज हो गई है। इसको लेकर भाजपा नेता सौरभ लूनिया ने लालू परिवार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि एंटी पेपर लीक कानून के साथ खिलवाड़ करने वालों पर कड़ा प्रहार हुआ है। सौरभ लूनिया ने कहा कि आज जो भारत सरकार ने एंटी पेपर लीक कानून बनाया है। इससे हमारे टैलेंट के साथ खिलवाड़ करने वाले जो लोग हैं, उन पर कड़ा प्रहार हुआ है। चुनाव से पहले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था, पेपर लीक के बहुत मामले सामने आ रहे हैं। आगे से ऐसा न हो इसलिए कड़ा कानून बनाऊंगा। आज उस कानून को बना देने का काम हुआ है। बता दें कि भारत सरकार ने एनटीए पेपर लीक कानून बनाया है। इसमें 10 साल की सजा और 1 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। बिहार का टैलेंट पूरे विश्व में नामी है। उस टैलेंट के साथ कभी भी कोई खिलवाड़ करने का काम करे, तो उन लोगों को संदेश देने का काम करेंगे। एंटी पेपर लीक कानून को नहीं मानेंगे तो जेल के अंदर चले जाएंगे। अगर कतिपय लोग नहीं सुधरे तो जमीन के अंदर चले जाएंगे।

**अपराधी को नहीं देंगे जगह**

सौरभ लूनिया ने कहा कि पूरे देश में UGC-NET का जो मामला चल रहा है। उस पर हमारी पार्टी ने पहले ही संज्ञान ले लिया है। इसके बाद हमारे विभाग ने उस पर एक केस रजिस्टर किया। उसे सीबीआई ने माना भी और उस केस को दर्ज करने का काम किया है। कहीं से भी हम लोग अपराधी को जगह नहीं देंगे, जो स्टूडेंट की जिंदगी से खिलवाड़ करे।

# राज्य स्तरीय खेल पुरस्कार हेतु आवेदन की तिथि में की गई वृद्धि

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान एवं शहीद विनोद चौबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी, नगद राशि, प्रेरणा निधि, डाइट मनी वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 हेतु पात्रता रखने वाले खिलाड़ियों/ प्रशिक्षकों/ निर्णायकों से 30 जून 2024 तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिस पर संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ द्वारा तिथि में वृद्धि करते हुये 10 जुलाई 2024 तक आवेदन आमंत्रित करने पत्र जारी किया है। संचालनालय में राज्य खेल संघों से अनुशंसा सहित आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई 2024 तक निर्धारित की गई है। खिलाड़ी को पृथक-पृथक वर्षों के लिए पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

# किशोर कुमार कराडे को मिला उत्कृष्ट एडवाइजर का सम्मान



**दल्लीराजहरा।** भारतीय जीवन बीमा निगम, रायपुर डिवीजन(छत्तीसगढ़) द्वारा 25 जून को रायपुर में आयोजित उत्कृष्ट एडवाइजर सम्मान समारोह में रायपुर डिवीज़न के मंडल प्रबंधक एवं मार्केटिंग टीम द्वारा जीवन बीमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं उत्कृष्ट सेवा के लिए उत्कृष्टता प्रशस्ति पत्र द्वारा सपत्निक सम्मानित होने का अवसर, दल्ली राजहरा के किशोर कुमार कराडे को प्राप्त हुआ। सम्मानित होने पर किशोर कुमार ने कहा कि मैं आप सभी पालिसीधारकों का ह्रदय की गहराइयों बहुत बहुत आभारी हूँ। वे पिछ्ले 16 वर्षो से निरंतर बीमा व निवेश सलाहकार, भारतीय जीवन बीमा निगम में सेवा रत है।

# निरन्तर उजड़ रहा है दल्लीराजहरा नगर, लोग पलायन को मजबूर

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में हर गांव हर शहर दिन पर दिन तरक्की कर रहे हैं, लेकिन दल्लीराजहरा नगर निरन्तर उजड़ रहा है लोग यहाँ से पलायन कर रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है यहाँ के लिए आई हुई कोई भी योजना बालोद क्षेत्र में चली जाती हम सिवाय हाथ मलते रहते हैं एक दूसरे को दोषी ठहराकर चुपचाप तमाशा देखते रहते हैं। पुराना बाजार संघर्ष एवं विकास समिति की ओर से रमेश मित्तल ने कहा कि यहाँ आई हुई सुविधाओं में नवोदय विद्यालय, दुग्ध डेयरी, बीएस केम्प यह सभी दल्लीराजहरा क्षेत्र में खुलनी थी लेकिन बालोद चली गई। अब बालोद के राजनेताओं की नजर केंद्रीय विद्यालय पर लगी हुई है। जो कि दल्लीराजहरा का हक है उसे भी एन केन प्रकारेण दल्लीराजहरा से छीनने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं होने दे सकते है इसके लिए दल्लीराजहरा के भाजपा नेताओं को ही आगे रखकर हमें लड़ाई लड़नी पड़ेगी तभी हमें सफलता मिलेगी क्योंकि केंद्र हो या राज्य इस समय दोनों ही जगह भाजपा की सरकार है। शहर के हित के लिए हम पहले भी एक थे एवं आज भी एक हैं। मित्तल ने कहा कि शहर का एक क्षेत्र पुराना बाजार लगातार उपेक्षा का शिकार होता आया है लेकिन अब यह बर्दाश्त नहीं होगा पुराना बाजार में कोई भी शासन की योजना को लगाने के नाम पर शहर के ही लोग आँख बंद कर लेते हैं लेकिन वहीं चिखलाकसा में खुले तो किसी को कोई आपत्ति नहीं होती है शहर का विकास तभी सार्थक होगा जब पूरे दल्लीराजहरा क्षेत्र का विकास होगा, आज पूरे शहर में फिल्टर युक्त पानी मिल रहा है लेकिन पुराना बाजार में नही,8 माह से सड़क पर मलबा पड़ा है कोई हटाने को तैयार नहीं था। दल्लीराजहरा शहर की थोक सब्जी मंडी चिखलाकसा चली गई लेकिन पुराना बाजार में करोड़ों रुपए का बना बनाया काम्प्लेक्स में नहीं आ सकी। ऐसे में शहर का विकास नहीं हो सकता। जबकि वार्ड नं 10 से वार्ड नं 19 तक का पूरे क्षेत्र में लौह अयस्क की खदानें है यहां की पहाड़ियों के बदौलत बीएसपी प्रबंधन आज सेल की सबसे बड़ी यूनिट बनी हुई है वहीं शासन को कई करोड़ों रुपये का राजस्व यहीं से मिलता आ रहा है बदले में इन 10 वार्डो की जनता के लिए मूलभूत सुविधा भी नही मिल पा रही हैं सिवाय धूल, कीचड़, प्रदूषित पानी मिल रहा है इसके लिए हमें लड़ना पड़ रहा है यह हमारा दुर्भाग्य ही है। रमेश मित्तल ने कहा कि पुराना बाजार क्षेत्र सहित दल्लीराजहरा नगर को नजर अंदाज करने का कम इसी प्रकार बना रहा तो आने वाले समय में नगर वासियों के बीच का भी आक्रोश पनप सकता है।

# आखिर कब तक न्याय व अधिकार के लिए भटकेंगे संविदा-कर्मी

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



मोदी की गारंटी एवं विष्णु के सुशासन का अक्षरशः पालन करती, राज्य की डबल इंजन सरकार को शपथ-ग्रहण पश्चात, 06 माह से अधिक दिन बीत गये है, पर ना तो राज्य के शासकीय विभागों में, सबसे शोषित तबका, संविदा कर्मचारीयों के 06 विभागों में, ना संविदा 27 प्रतिशत वेतन-वृद्धि, ना नियमितीकरण कमिटी की बैठक में संविदा पदाधिकारीयो को शामिल किया गया है, और ना ही नियमितीकरण प्राप्त हो सका है, जिससे राज्य व जिले के समस्त संविदा कर्मचारियों में बेहद निराशा एवं आक्रोश है। सरकार की ओर से, अपने विभागों तथा मांगो में किसी प्रकार की पहल ना होता देख, जिले के समस्त छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी, सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए, नटवर स्कूल परिसर में, अपना ज्ञापन अपने विधानसभा के विधायक सह् वित्त मंत्री के नाम देने पहुंचे। 3 दिसंबर से अस्तित्व में आई भाजपा सरकार द्वारा, इनकी मांगे पूर्ण नही हो सकी है। मोदी की गारंटी तथा विष्णु के सुशासन की याद दिलाते हुए, जिले के समस्त संविदा कर्मचारीयों ने ओ पी चैधरी को अपनी मांगो के संबंध में पत्र सौंपा, एवं मांग रखी कि समय-समय पर सौंपे गये कार्य दायित्व का बखूबी निर्वहन तन-मन-धन से करने पश्चात् भी, न्यूनतम संविदा वेतन पर कार्य करने को मजबूर है, तथा संविदा 27 प्रतिशत वेतन-वृद्धि, 06 विभागों में नही होने से इन्हें आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। विधानसभा के अनुपूरक बजट में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा संविदा कर्मचारियों के लिए एकमुश्त वेतन-वृध्दि की घोषणा की गई थी। इसके लिए लगभग 350 करोड बजट का आबंटन भी किया गया था, पर यह बजट की राशि कहा चली गई, कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को संविदा 27 प्रतिशत वेतन-वृद्धि, अप्राप्त है। राज्य में 40 से 45 हजार संविदा कर्मचारी कार्यरत हैं, इनका 2019 से लगभग 05 वर्ष बीत जाने के पश्चात भी, मासिक वेतन, अधिकतम समय-सीमा में संशोधित नही किया गया है, जिससे इन्हे आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है।

## शिक्षा के क्षेत्र में रचनात्मक कार्य-अग्रवाल महिला मंडल ने स्कूली बच्चों को वितरित किए कापी, पेंसिल सेट एवं फल

**सक्ति।** अग्रवाल महिला समिति के द्वारा पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के पीछे कुकुरबेड़ा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 700 से अधिक बच्चों को कापी, पेंसिल का सेट, फल, चॉकलेट का वितरण किया। कॉपी और पेन्सिल पाकर बच्चे जहां खुश हुए वहीं शाला की प्राध्यापिका ने इसके लिए अग्रवाल महिला मंडल का आभार जताया। इस अवसर पर अग्रवाल महिला मंडल की



अध्यक्ष माया मुरारका, कोषाध्यक्ष राज बंसल, चौबे कॉलोनी की महिला मंडल की संयोजिका मंज अग्रवाल, सह-संयोजिका सरिता रेखानी, मीडिया प्रभारी ज्योति अग्रवाल, चौबे कॉलोनी अग्रवाल सभा के मार्गदर्शक रमेश अग्रवाल, डॉ. गोपा शर्मा, अरुण अग्रवाल, संयोजक दीपक, सचिन, संदीप, निलेश, युवती मंडल की अध्यक्ष श्रद्धा अग्रवाल, महिला मंडल की पूर्व संयोजिका सुनीता अग्रवाल, निकिता भाभी, महिला मंडल की सदस्य इन्दु अग्रवाल, कांता अग्रवाल, ममता बंसल मौजूद थी, अग्रवाल महिला मंडल की प्रचार प्रसार मंत्री ज्योति अग्रवाल ने बताया कि में गरीब तबके के बच्चे पढ़ाई करने आते हैं जिन्हें शासन के द्वारा पुस्तकें, मध्यान्यह भोजन तो मिल जाता हैं लेकिन कॉपी, पेंसिल, पेन के लिए वह तरसते रहते हैं। राज्य में इस समय शाला प्रवेशोत्सव चल रहे है और इसी को देखते हुए अग्रवाल महिला मंडल की 22 मोहल्ला समितियां शासकीय स्कूल में जाकर बच्चों को कॉपी, पेंसिल का सेट, पेन व और भी जरुरत की चीजों का वितरण कर रही हैं। इसी के तहत शनिवार को चौबे कॉलोनी अग्रवाल महिला समिति के सदस्य पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के पीछे कुकुरबेड़ा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे और यहां पर कक्षा पहली से पांचवीं तक के 700 से अधिक बच्चों को 700 कापी, 500 पेन, 500 पेंसिल सेट, केक चॉकलेट, जूस व आम का वितरण करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया, जिन्हें पाकर बच्चे बहुत खुश हुए।

## सूने मकान से रूपये चुराने वाला अपचारी बालक व युवक गिरफ्तार, आरोपियों से 7,800 बरामद

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



खरसिया के ग्राम चपले में बीते दनों सुने मकान में चोरी के मामले में पुलिस ने एक अपचारी बालक सहित दो लोगों को गिरफ्तार करते हुए चोरी गई संपत्ति बरामद कर ली है। थाना खरसिया में ग्राम चपले निवासी जानकी बाई पटेल पति शिवलाल पटेल उम्र 40 वर्ष द्वारा थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव साहू को उसके सुने मकान में चोरी की घटना बताई। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि 25से 27 जून के मध्य रिश्तेदारी के यहां मेहमानी में गई थी, कल वापस घर आकर देखी थी तो कोई अज्ञात चोर घर के दरवाजा का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर घर के अलमारी को तोड़ा है और गुल्लक में रखा सिक्का एवं नोट कुल 7,800 को चोरी कर ले गया है। प्रार्थीया के रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 457, 380 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। थाना प्रभारी खरसिया द्वारा माल मुल्जिम पतासाजी दौरान लगाये मुखबीरों से जानकारी लिया गया जिसमें मुखबीर ने गांव के मुन्नू उर्फमूनू मराठा एवं उसके साथी पर चोरी का संदेही जाहिर किया। तत्काल खरसिया पुलिस की टीम ने संदेही युवक एवं उसके नाबालिग साथी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। दोनों संदेही ने जानकी पटेल के घर चोरी करना स्वीकार किये। आरोपी मुन्नू उर्फ मूनू मराठा पिता पितांबर उम्र 20 वर्ष निवासी रामनगर चपले तथा एक विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक के मेमोरेंडम पर चोरी गये गुल्लक के 7,800 (2100 का सिक्का एवं नोट) को बरामद कर जप्त किया गया है। खरसिया पुलिस ने चोरी की घटना पर तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए चंद घंटों में आरोपियों को गिरफ्तार कर शत प्रतिशत मशरूका की बरामदगी कर आरोपित को सक्षम न्यायालय रिमांड पर भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव साहू के हमराह सहायक उप निरीक्षक उमाशंकर धृतांत, आरक्षक प्रदीप तिवारी, विशोप सिंह की विशेष भूमिका रही।

# रेलवे टिकट बनाते हुए एक युवक आरपीएफ टीम के हत्थे चढ़ा

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



अधिकारियों के दिशा निर्देश में रेल सुरक्षा बल रायगढ़ की टीम ने प्रभारी के निर्देशन में एक कंप्यूटर सेंटर में दबिश देकर एक युवक को रेलवे टिकट बनाते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में रेल सुरक्षा बल पोस्ट रायगढ़ प्रभारी ने मीडिया को बताया कि रेल ई-टिकटो के अवैध व्यापार में सलिंप्त व्यक्तियों के विरूध्द कार्यवाही के तहत प्रभारी निरीक्षक कुलदीप कुमार, रेसुब पोस्ट रायगढ़ के दिशा निर्देश में उप अखिल सिंह हमराह बल सदस्यों म.प्र.आ 0900028 सुनीता पटेल तथा आरक्षक 1400305 एम.के. मीना के साथ मुखबीर सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस थाना फगुरम के सहयोग से ग्राम-देवारघटा में स्थित साहु कम्प्यूटर नामक दुकान में रेलवे टिकट के अवैध कारोबार के रोकथाम के लिए दबीश दिया गया। उक्त दुकान में दुकान संचालक मिला पूछने पर नाम व पता योगेष कुमार साहु, पिता बैजनाथ, उम्र-26 वर्ष, पता- ग्राम-देवारघटा, थाना-डभरा, जिला-सक्ति (छ.ग.) बताया। रेलवे ई टिकट बनाने के संबंध में पूछताछ करने एवं इलेक्ट्रॉनिक सामानों का जांच हेतु नोटिस दिया गया एवं उक्त दुकान संचालक से सहमति प्राप्त कर दुकान में रखे मोबाइल को जांच किया गया और पाया कि योगेश कुमार साहु स्वयं के एक नग यूजर आई.डी. क्रमांक- 9522 से कुल 10 नग (पूर्व) रेलवे आरक्षित ई टिकट बनाना पाया गया। जिसकी कुल कीमत लगभग 3790 रूपये हैं। उक्त 10 नग रेलवे ई टिकट बनाने के संबंध में वैध अनुज्ञप्ति पेश करने हेतु नोटिस दिया गया। जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि किसी प्रकार का वैध अनुज्ञप्ति नहीं है। और ग्राहकों के मांग पर प्रत्येक टिकट में 50 रूपये अतिरिक्त चार्ज कमीशन के रूप में लेकर टिकट बनाना बताया। उक्त टिकट को बनाने के लिए अपने स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, ब्रांच डभरा के खाता क्रमांक-35763444100 का प्रयोग कर टिकट बनाना बताया। मामला धारा-143 रेलवे अधिनियम अपराध कारित किया जाना पाये जाने पर दुकान संचालक योगेश कुमार साहु का अपराध संस्वीकृति उपस्थित गवाहों के समक्ष दर्ज किया गया तथा 10 रेल ई-टिकट तथा सुसंगत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को जप्ती पत्र बनाकर जप्त किया गया। मौका पंचनामा तथा नजरी नक्षा तैयार कर आरोपी को जप्त संपति सहित पोस्ट लाकर उक्त व्यक्ति के विरूद्ध अपराध क्रमांक-1140 2024, 26 जून , धारा-143 रेलवे अधिनियम-दर्ज कर आरोपी को उसके अपराध से अवगत कराया गया।

## जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 28 जून को होटल महिंद्रा रायपुर में प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुई, बैठक के दौरान मंचस्थ पदाधिकारीयो में यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश आचार्य एवं कमलेश शाश्वत प्रमुख रूप से थे, प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ने कहा कि यूनियन ने अपने साढ़े पांच वर्षों की स्थापना में ही आज पूरे प्रदेश में मजबूती के साथ संगठन खड़ा किया है, तथा कोविड के संक्रमण काल में जहां हमने अपने पत्रकार साथियों के लिए विभिन्न सहायता पहुंचाई तो वहीं जरूरतमंदों को भी हमने सेवा उपलब्ध करवाई है, तथा हमारा संगठन पत्रकार हितों के साथ-साथ सेवा कार्यों में भी निरंतर कार्य कर रहा है, प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ने कहा कि आने वाले 9 दिसंबर को यूनियन के प्रदेश निर्वाचन की प्रक्रिया भी संपन्न होगी तथा हमारा संगठन विधिवत प्रक्रिया के तहत चलने वाला संगठन है, एवं इस संगठन ने जहां यूनियन के प्रत्येक सदस्यों को विभिन्न अवसरों पर प्रमुख पदाधिकारीयो के रूप में दायित्व देकर उनकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का काम किया है, तो वही हमारे यूनियन से जुड़कर कार्य करने वाला पत्रकार साथी अपने-अपने क्षेत्र में पूरी मजबूती के साथ जहां इस संगठन के लिए कार्य कर रहा है, तो वही हमें आने वाले समय में अपने इन कार्यों को और अधिक विस्तारित करते हुए जिम्मेदारी के साथ यूनियन के संगठन को और मजबूत बनाना है।

वहीं बैठक के दौरान विभिन्न जिलों से आए प्रमुख पदाधिकारीयों ने भी संगठन को लेकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए साथ ही पदाधिकारीयो ने कहा कि यूनियन पत्रकार साथियों के लिए बेहतर कार्य कर रहा है, तथा हमें वार्षिक कार्यक्रमों का भी निर्धारण करना चाहिए जिससे गांव स्तर तक हमारे यूनियन के कार्यों की जानकारी लोगों तक हो सके, वहीं प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ने कहा कि यूनियन में द्वारा निरंतर राज्य शासन से पत्रकार हितों के लिए संवाद कर समय-समय पर भेंट मुलाकात के माध्यम से भी कार्य किया जा रहा है, तथा जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन ने प्रदेश में पत्रकार साथियों के लिए जगह-जगह आवासीय भूमि सरकारी दरों पर प्राप्त करने की भी सफलता हासिल की है, तो वहीं आने वाले समय में भी इस दिशा में और अधिक प्रयास किए जाएंगे, वहीं प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ने छत्तीसगढ़ के अनेकों जिलों में नए पदाधिकारीयो की भी नियुक्ति की, जिसमें प्रमुख रूप से कांकेर जिला अध्यक्ष के रूप में नरेश भीमराज, हेमंत बिसरा उपाध्यक्ष, विकास महासचिव, मन्नू राम तावडे को कोषाध्यक्ष की नियुक्ति पत्र भी दिया गया साथ ही दुर्ग जिला अध्यक्ष के रूप में शमशेर तथा रवि सोनकर को जिला महासचिव की जिम्मेदारी दी गई, वहीं अनेकों जिलों में सदस्यता कार्ड का भी वितरण किया गया।

## जेसीआई ने नटवर स्कूल में नये छात्रों के शाला प्रवेश उत्सव पर किया गया फल वितरण



**रायगढ़।** सामाजिक संस्था जेसीआई रायगढ़ सिटी द्वारा स्थानीय नटवर स्कूल प्रांगण में नये प्रवेश करने वाले छात्रों को फल इत्यादि का वितरण किया। प्रशासन द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रकार के प्रयास किया जा रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में संस्था से यह आग्रह किया गया था कि वे इस वर्ष शाला में नव प्रवेश ले रहे छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करें। संस्था ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को फल इत्यादि का वितरण करके उन्हें आगे पढ़ाई के लिए शुभकामनाएं दी। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने लायक थी। संस्था की तरफ से इस कार्यक्रम के प्रोग्राम डायरेक्टर जेसी शिवम अग्रवाल एवं जेसी अमर जिंदल (जिंदल फैशन) थे। संस्था के अध्यक्ष जेसी सीए विकास अग्रवाल एवं सचिव सुमित बट्टीमार के साथ-साथ संस्था के अनेक सदस्यों ने इस कार्यक्रम में शिरकत करके बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उक्त जानकारी संस्था के पीआरओ जेसी सुमन दत्ता ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

## शा. हाई स्कूल परसदा खुर्द में हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव





**सक्ति।** शा. हाई स्कूल परसदा खुर्द में हर्षोल्लास से प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया, जिला पंचायत सदस्य विद्या सिदार, सरपंच अनिता साहू, पूर्व शाला विकास समिति अध्यक्ष सत्यप्रकाश महंत, एडवोकेट अनिल साहू, पंच तथा पालक गण प्राचार्य एवम समस्त स्टाफ की उपस्थिति में नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मुंहमीठा करवाते हुए पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। कक्षा 10वी एवं 9वी के मेधावी विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की गाइड यूनिट ने शिक्षाप्रेरणा नृत्य के माध्यम से सभी को शिक्षा का अलख निरंतर प्रज्वलित रखने के लिए प्रेरित किया। सभी अतिथियों ने बच्चो को अपने अनुभव बताते हुए भविष्य में अच्छे से अध्ययन के लिए शुभकामना संदेश दिए। अंत में विद्यालय परिसर में अतिथियों वा पालकों के करकमलों से वृक्षारोपण करते हुए प्रकृति के प्रति सजगता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य सविता चौधरी ने अतिथियों एवं नव प्रवेशी बच्चो का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया। सहयोग में स्टाफ से विनीता राठौर, सुरेन्द्र साहू, दुलार साय कुर्रे, सुरेन्द्र सिदार, शकुन्तला पटेल, कु मंजू चौहान, सुकदेव, राजेश्वर स्काउट वा गाइड छात्र उपास्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन कमला दपी गवेल द्वारा किया गया।

## अकेली महिला को डरा धमकाकर बलात्कार कर हो गया था फरार, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



घर घुसकर महिला को डरा धमकाकर उसके साथ बलात्कार कर फरार हो जाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दाखिल करा दिया है। मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला ने धरमजयगढ़ थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 29 मई को उसका पति व घर के अन्य सदस्य किसी काम के सिलसिले में कोरबा गए हुए थे। इसी बीच गांव का बलराम मृधा घर में अकेली पाकर उसे डरा धमकाकर बलात्कार किया। महिला के लिखित आवेदन पर धरमजयगढ़ थाना प्रभारी ने आरोपी बलराम मृधा पर धारा 376, 506 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आरोपी के घर में दबिश दी गई। आरोपी गिरफ्तारी से बचने फरार हो गया था। धरमजयगढ़ थाना प्रभारी ने आरोपी की सूचना देने के लिये मुखबिर तैनात किया गया था। मुखबिर की सूचना पर टीआई धरमजयगढ़ कमला पुसाम ने दबिश देकर आरोपी बलराम मृधा उम्र 25 साल को हिरासत में लिया गया। आरोपी की मेडिकल आदि की औपचारिकताएं पूर्ण कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर कोर्ट पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

## 10 जिले से 124 बच्चे हुए शामिल सभी बच्चो को कुशल वापस आने पर फोन कर केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने दी शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ रायपुर राज्य मुख्य आयुक्त डॉ.सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी करुणा मसीह (एसओसी) के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त स्काउट एन के चंद्रा के मार्गदर्शन पर 22 से 26 जून 2024 तक कुल्लू मनाली में राज्य स्तरीय पर्वतारोहण व्यक्तित्व को विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर आयोजित किया गया जिसमे है। जिसमें 10 जिले से 124 बच्चे हुए शामिल। सक्ती जिले के 05 स्काउट, 05 गाइड एवं प्रभारी ज़िला संगठन आयुक्त रंजिता राज तथा जिला सह सचिव खगेश भारद्वाज समिल्लित हुए। जिनके एडवेंचर पश्चात कुशल दिल्ली वापसी पर छत्तीसगढ़ के केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने बच्चो को फोन कर बधाई एवम शुभकामनाए दी गयी। उक्त एडवेंचर में बच्चो ने प्रथम दिवस पंजीयन पश्चात शाम 3 बजे पारसा वाटर फॉल्स 10 किलोमीटर पहाड़ पर चढ़कर ट्रैकिंग किए ।द्वितीय दिवस एक्टीविटी में व्यास नदी पर जिपलाइन्, वेलिक्रॉसिंग, स्ट्रिम क्रॉसिंग का अभ्यास कर सफलता हासिल किए। शाम प्राचीन गायत्री मंदिर दर्शन के लिए 8ब्रद्ध घाटी चढ़कर ट्रैकिंग किए। तृतीय दिवस को प्रातः प्राचीन हिडीम्बा मंदिर जो पूरे लकड़ी से बना उनका दर्शन कर और माल रोड में ट्रेकिंग किए। और शाम को एक्टीविटी में चट्टान क्लाइम्बिंग तथा रेफलींग किया। चौथा दिवस रोहतांग में बर्फपर चलना, ट्रेकिंग करना, स्नो फाल, आइस स्लीपिंग, बर्फ का जमना, पिघलना का अनुभव किए। साथ में वापसी के समय भारत का 9 किलोमीटर लंबा अटल टनल का क्रासिंग कर अवलोकन किए। जो पहाड़ के अंदर खोदकर लंबे रास्तों को छोटा करने के लिए बनाया गया है। पांचवें और अंतिम दिवस सुबह आर्चरी, रायफल शूटिंग का अभ्यास करवाया गया। दूसरे पाली में आई ए एफद्वारा सभी बच्चों एवम् प्रभारी शिक्षकों को की चैन, कैप, स्कार्फ प्रदान किया गया और आईएएफ के फाउंडर इब्राहिम, रोहित झा एवं राजेंद्र ठाकुर द्वारा ओपन शेषन में बच्चों का अनुभव सुना तथा अपने उद्बोधन में बच्चों को एडवेंचर के महत्व और उपयोगिता को बताया गया। जिसमें उन्होंने पानी बचत, पर्वतारोही में निवास करने लोगों के जीवन यापन, प्रतिफल मौसम का बदलाव, स्थानीय पौधे से परिचय कराया।

# 1 जुलाई से पूरे देश में लागू हो जाएगा नया कानून

## कलेक्टर एवं पुलिस प्रशासन की पहल पर जगह-जगह लोगों को किया जा रहा जागरूक

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में 1 जुलाई 2024 से लागू होने वाले नये कानून के लिए जागरूकता लाने जिले में विकासखंडवार कार्यशाला आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में सामुदायिक भवन सक्ती में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में 1 जुलाई 2024 से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में अपर कलेक्टर द्वारा निर्धारित ट्रेनरों द्वारा पीपीटी के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि 26 जून को जनपद पंचायत मालखरौदा सभाकक्ष में तथा 27 जून को जनपद पंचायत जैजैपुर सभाकक्ष में और 28 जून को जनपद पंचायत डभरा के सभाकक्ष में नए कानून के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई। इसी क्रम में सामुदायिक भवन सक्ती में नए कानून के लिए जागरूकता के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया, विदित हो कि मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एक जुलाई से प्रवर्तनीय नवीन कानून के प्रचार प्रसार व जागरूकता लाने प्रदेश भर में कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसी तारतम्य में जिला कलेक्टर तोपनो के निर्देश पर सामुदायिक भवन सक्ती में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में अधिवक्ता चितरंजय पटेल, निरीक्षक सुनीता नाग बंजारे, निरीक्षक जितेंद्र कोशले और अधिवक्ता सुभाष शर्मा द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से नये कानून के विषय में विस्तारपूर्वक बताया गया,कार्यशाला में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती अरुण सोम ने उपस्थित सभी लोगों को कार्यशाला में नए कानून के विषय में बताए जा रहे जानकारियो को अच्छे से समझते हुए इसका लाभ उठाने कहा। एसडीएम सोम ने नए कानून को लेकर जागरूकता को आवश्यक बताया। नवीन भारतीय अपराधिक कानून में भारतीय अध्यात्मद्धदर्शन व सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई देती है यह उधर व्यक्त करते हुए उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने भागवत गीता के श्लोक परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम का उदाहरण देते हुए बताया कि भारतीय अध्यात्म व संस्कृति साक्षी है कि प्राचीन काल से ही राजसत्ता साधुओं अर्थात सज्जनों की रक्षा और दुर्जनों के विनाश के लिए संकल्पित रहा है तथा हमेशा से ही देश के नियम व कानूनों में सामयिक परिवर्तन एक नियमित प्रक्रिया है। इसलिए उससे विचलित होने के बजाय उसका अध्ययन कर कानून को जानें तथा उसे आत्मसात कर वर्तमान परिवेश में उसका समुचित परिपालन सुनिश्चित करना हम सबका दायित्व है। उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने नवीन कानून के सदर्भ में जिला प्रशासन द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में आयोजित जन जागरूकता कार्यशाला में वक्ता के आसंदी कहा कि हर नई बात या कानून बिना माकूल जानकारी के असहज और कठिन लगती है पर जैसे ही हम उसको जान लेते हैं वह उतना ही सहज और सरल प्रतीत होता है अतः हम सब इन नए कानूनों से सशंकित अथवा भ्रमित होने के बजाय भलीभांति जानकारी उपरांत परिपालन सुनिश्चित करें। इसी क्रम में नगर निरीक्षक सुनीता नाग बंजारे ने प्रोजेक्टर के माध्यम से भारतीय न्याय संहिता एवम् भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दिया तो वहीं निरीक्षक जितेंद्र कोशले ने प्रोजेक्टर के माध्यम से नवीन भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में बदलाव को विस्तार से बताया तथा वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष शर्मा ने भारतीय न्याय संहिता के बदलाव को स्पष्ट करते हुए समयानुकूल बताया,1 जुलाई से लागू होने वाले नए कानून देश की न्याय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ तथा पारदर्शी बनाएंगे। भारतीय न्याय संहिता का उद्देश्य आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार करना है, जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने के साथ-साथ सुरक्षा उपायों को भी सुनिश्चित करती है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने वाले साक्ष्यों की मान्यता और प्रामाणिकता से संबंधित है जिसके बारे में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन मो.इब्राहिम खान के द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम के समापन पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यशाला में जनपद पंचायत अध्यक्ष सक्ती राजेश राठौर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती अरूण सोम, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, तहसीलदार मनमोहन सिंह, तहसीलदार विद्याभूषण साव, तहसीलदार सुशीला साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सक्ती संजय सिंह, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रीति पवार, संजय रामचंद्र, रामनरेश यादव, पुलिस विभाग के टी.आई., एस.आई., ए.एस.आई., आरक्षक, मीडिया प्रतिनिधि, अधिवक्तागण, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, महिला समूह व मितानिन आदि शामिल हुए।

1 जुलाई से लागू होने वाले नये कानून के विषय में डभरा में विकासखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में 1 जुलाई 2024 से लागू होने वाले नवीन कानून के लिए जागरूकता लाने जिले में विकासखंडवार कार्यशाला आयोजित किए जा रहे है।

## नक्शा और बिक्री नकल के लिए 6000 रुपए मांगने वाले पटवारी के खिलाफ तहसीलदार से हुई लिखित शिकायत

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com



नक्शा और बिक्री नकल निकालकर देने के एवज में किसानों से 6000 रुपए मांगने वाले हल्का पटवारी के खिलाफ किसानों ने लिखित में शिकायत किए हैं। यह पूरा मामला तहसील न्यायालय हसौद के अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 09 ग्राम पंचायत किकिरदा का है। गौरतलब है कि नवीन जिला सक्ति के तहसील न्यायालय हसौद अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 09 ग्राम पंचायत किकिरदा में पदस्थ प्रभारी पटवारी सुरेंद्र कुमार चंद्रा के द्वारा ग्राम पंचायत किकिरदा के किसानों से नक्शा और बिक्री की नकल देने की एवज में प्रत्येक किसानों से 6000 रुपए लिया जा रहा है। यहां तक की खाता विभाजन, फौती नामांतरण, डिजिटल हस्ताक्षर के नाम पर भी अवैध वसूली कार्य करने के लिए अलग से अपने साथ एक व्यक्ति लेकर हल्का में आता जाता है। पटवारी साहब सप्ताह में केवल एक ही दिन हल्का में आते हैं। जिसके कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पटवारी के द्वारा सप्ताह में गिनती के एक दिन आने के कारण किसान अपना काम निकलवाने के लिए रुपए देने विवश हो रहे हैं। पटवारी के कार्य व्यवहार से गांव के किसान बहुत परेशान हैं। इस संबंध में कुशतराम चंद्रा और किसानों ने बताया कि पटवारी के द्वारा नक्शा और बिक्री नकल, खाता विभाजन, फौती नामांतरण आदि कार्य के लिए पटवारी प्रत्येक किसानों से 6000 रुपए मांग रहा है। और 6000 रुपए नहीं देने पर कल आ जाना, अगले सप्ताह आ जाना। ऐसा कह करके बेवजह घुमाया जा रहा है। कुछ किसानों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि पिछले 6 महीने और 2-4 किसानों ने बताया कि पिछले 1 साल से पटवारी को रुपए पैसा नहीं देने पाने के कारण घुमा घुमा कर परेशान कर रहे हैं। यहां के गरीब तबके के किसान पटवारी कार्यालय का चक्कर लगाकर थक हार गए हैं। पटवारी अपने मर्जी का मालिक बन बैठे है। अपने हिसाब से आता जाता है। पटवारी के साथी के द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर करने के एवज में भी 100 से 200 रुपए का मांग किया जा रहा है। पटवारी का पदस्थापना दिनांक से आज तक जितने भी कृषक का कार्य किया गया है ,उन सभी से रूपए पैसे लेकर ही कार्य किया गया है। इसलिए यहां के किसानों ने तहसील न्यायालय हसौद के तहसीलदार से लिखित में शिकायत करते हुए प्रभारी पटवारी हल्का नंबर 09 किकिरदा में पदस्थ सुरेंद्र कुमार चंद्रा के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग किए हैं।

लिखित में शिकायत मिला है। स्पष्टीकरण लिया जाएगा, जाँच कर सही पाये जाने पर कार्यवाही हेतु प्रस्तावित की जावेगी।

**भीष्म कुमार पटेल, तहसीलदार**
**तहसील न्यायालय हसौद**

# अवैध रूप से उर्वरक का भंडारण करने पर कृषि केन्द्रों को नोटिस

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com




कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के किसानों को उच्च गुणवत्तायुक्त उर्वरक प्रदान करने लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिले में संचालित विभिन्न कृषि केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। कृषि विभाग के उपसंचालक डी.के. ब्यौहार ने बताया कि निरीक्षण में मेसर्स शरद कृषि केन्द्र रामूनगर अखरार में उर्वरक लायसेंस में स्त्रोत प्रमाण बिना शामिल किये जैव उर्वरक सुपर पावडर/दानेदार (ग्रोवर इंडिया बायो फर्टिलाइजर जी.ई. रोड़ परमालकासा भारत) 08 टन एवं कृष्णा कृषि केन्द्र खुड़िया में 05 टन तथा नर्मदा कृषि केन्द्र खुड़िया में 0.400 टन अवैध रूप से भण्डारित पाया गया। जिस पर कार्यवाही करते हुए विक्रय प्रतिबंध लगाया गया तथा संचालकों को भण्डारण स्त्रोत के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है। इसी तरह मेसर्स कल्याणी कृषि केन्द्र दरवाजा, नवीन टेऊडर्स घानाघाट, महामाया कृषि केन्द्र घानाघाट, अजय कृषि केन्द्र डोंगरिया, मां शारदा कृषि केन्द्र डोंगरिया, महामाया कृषि केन्द्र लोरमी, कृषि ट्रेडिंग एवं एजेंसी लोरमी, जायसवाल कीटनाशक एवं खाद भण्डार बोड़तराकला, विरेन्द्र कृषि केन्द्र बोड़तराकला, रात्रे टेऊडर्स खेकतरा, भगत कृषि केन्द्र धनियाडोली, साहू ट्रेडर्स डिंडौरी, विनायक कृषि केन्द्र डिंडौरी एवं महावीर कृषि केन्द्र साल्हेघोरी, बसंत खाद भण्डारण बरेला, शर्मा कृषि केन्द्र दाऊकापा, अरमान कृषि केन्द्र भथरी एवं कमल कृषि केन्द्र भथरी का निरीक्षण कर नियमानुसार केन्द्र संचालन करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान मनहरण कुर्रे (उर्वरक निरीक्षक लोरमी), धनंजय कुर्रे प्रभारी कृषि विकास अधिकारी लोरमी एवं धर्मेन्द्र कुमार वर्मा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मौजूद रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव




पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

शासकीय उ.मा. विद्यालय नगर पालिका मुंगेली मे हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया, जिसमें उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप मे संदीप कश्यप (सहायक सी.ई.ओ मुंगेली) विशिष्ट अतिथि के रूप मे नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह अतिथि के रूप मे प्रवीण सोनी, बद्री खांडेकर, जितेंद्र दावडा, मोहित बंजारा तथा विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार सोनी, कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, वीणावादिनी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित, पुष्प माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि संदीप कश्यप ने अपने उद्बोधन मे शाला प्रवेश उत्सव में नवनिहाल बच्चों को शाला प्रवेश उत्सव की शुभकामना प्रेषित करते हुए नव प्रवेषित बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत तथा पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। साथ ही बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार सोनी ने नवप्रवेषित बच्चों को जीवन मे हर छोटी आदतो से भविष्य मे छात्र जीवन को कैसे आयाम प्रदान किया जाता है। इस पर प्रकाश डाला और विद्यालय की ओर से 10 वीं 12 वीं की परीक्षा मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र और शिल्ड देकर सम्मान किया गया अंत मे मंच संचालक शिक्षक किशन लाल देवांगन आये हुए सभी अतिथियो का आभार प्रकट किया विद्यालय के समस्त शिक्षिकगण लता ठाकुर, प्रीति परिहार, प्रियंका पैकरा, रत्ना सोनवानी, चांदनी केशरवानी, इंद्राणी यादव, राधेश्याम राय, प्रकाशचंद नेताम, बलदेव ध्रुव, मनोज कुमार राठौर, खुबचंद बघेल, मोनू बेलदार और छात्र उपस्थित रहे।

## व्यापम द्वारा आयोजित प्री बी.एड. एवं प्री डी.एल.एड. की परीक्षा आज



पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

व्यापम द्वारा आयोजित प्री बी.एड. एवं प्री डी.एल.एड. की परीक्षा 30 जून को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली में बी. एड. परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक तथा दूसरी पाली में डी. एल.एड.परीक्षा दोपहर 2.00 बजे से शाम 4.15 तक आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली के लिए 24 केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 06 हजार 409 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार द्वितीय पाली के लिए 32 केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 08 हजार 120 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर ने परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए सभी पर्यवेक्षकों, केंद्राध्यक्षों, नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी एवं समन्वयक की बैठक ली। उन्होंने सभी केंद्रों में उचित बैठक व्यवस्था, प्रकाश, पीने का पानी, प्राथमिक उपचार, वाहन पार्किंग आदि की बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा के व्यवस्थित संचालन के लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जारी निर्देशों का अच्छी तरह पालन सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। गौरतलब है कि प्री बी.एड. एवं प्री डी.एल.एड. परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में मोबाईल नहीं लाना है। परीक्षार्थी को प्रवेश पत्र के साथ आईडी प्रूफ लाना अनिवार्य है। इसके साथ-साथ सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले केन्द्र में पहुंचना अनिवार्य है।

## वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आज की जरूरत : नवीन तिवारी




पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम समर्पित संस्था के माध्यम से शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल करही, मुंगेली में आयोजित किया गया। जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक रायपुर से नवीन तिवारी द्वारा वित्तीय साक्षरता के अंतर्गत छात्रों को बजट बनाने, बचत करने एवं पूंजी को सुरक्षित शासकीय संस्थान जैसे बैंक में ही जमा करने को कहा गया और लोगों को बैंकिंग लोकपाल के बारे में जानकारी दिया गया जिसमें बैंक संबंधी कार्य से असंतोष होने की स्थिति में लोग भारतीय रिजर्व बैंक से ऑनलाइन या ऑफलाइन शिकायत कर सकते हैं, उन्होंने जमाकर्ता जागरूकता, तथा ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव, सुरक्षित लेन-देन के तरीके के एवं आरबीआई के टोल फ्री नम्बर 14448 के बारे में जानकारी दिया गया। इसी के साथ ही जिला अग्रणी बैंक से उपस्थित एलडीएम ललित हेबरान, एफएलसी दिलीप कुमार पान द्वारा छात्रों को अटल पेंशन, जीवन ज्योति बीमा, जीवन सुरक्षा बीमा योजना के बारे में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्राचार्य जे एस ध्रुव, समर्पित संस्था से आत्मा मरावी, अमित यादव रूपेंद्र एवं स्कूल के समस्त स्टाफ व बच्चों का विशेष योगदान रहा।

## पीएम–श्री स्कूल के कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रधान पाठक को नोटिस जारी

### संयुक्त कलेक्टर ने किया सोढ़ार के प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

विकासखंड मुंगेली के पीएम-श्री शासकीय प्राथमिक शाला सोढ़ार के प्रधान पाठक को कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बता दें कि संयुक्त कलेक्टर एवं सह नोडल अधिकारी समग्र शिक्षा ने पीएम-श्री स्कूल सोढ़ार का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय में ग्रीन स्कूल मद अंतर्गत एलईडी लाईटिंग, हरित विद्यालयों को बढ़ावा देने वाली गतिविधियां, किचन गार्डन, अपशिष्ट पृथक्करण के लिए कुड़ेदान, खाद बनाने की सुविधा, वृक्षारोपण एवं बाला बिल्डिंग एज़ लर्निंग एड, वॉल प्रिंट रिच एवं अन्य कार्य नहीं होना पाया गया। जिसे देखते हुए संयुक्त कलेक्टर प्रधान ने विद्यालय के प्रधान पाठक पुष्पा पात्रे को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस का तीन दिवस के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर प्रधान पाठक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। संयुक्त कलेक्टर ने कहा है कि पीएम-श्री विद्यालय केन्द्र शासन के अति महत्वपूर्ण योजना अंतर्गत शामिल है। प्रधान पाठक का यह कृत्य शासन के कार्य के प्रति उदासीनता को दर्शाता है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति का सतत मूल्यांकन व विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास मूल मंत्र : प्रो. गिरीशकांत

### विप्र कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय तथा महन्त लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय के आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सुगम क्रियान्वयन और संवेदीकरण विषय पर आयोजित हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि प्रो. गिरीश कांत पांडेय, पूर्व कुलसचिव पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति सतत मूल्यांकन के साथ विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास के मूल मंत्र पर आधारित है। विद्यार्थी इसमें अपने मूल विषय के साथ रुचि के अनुसार अन्य दूसरे संकाय का विषय भी पढ़ सकता है। नैतिक व आध्यात्मिक शिक्षा के साथ कौशल विकास के द्वारा स्वरोजगार के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया जाना राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रमुख उद्देश्य है। प्रो. पाण्डेय ने कहा प्राध्यापकों को भी इस प्रकार के कार्यशालाओं के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार विद्यार्थियों को शिक्षित करने के लिए खुद को तैयार करना होगा। विप्र कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में कीनोट स्पीकर प्रो. प्रीति के सुरेश (संचालक मालवीय मिशन ट्रेंनिंग सेंटर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर) ने बताया कि इस नीति में सतत मूल्यांकन का प्रावधान है, जिससे विद्यार्थियों के मानसिक ऊर्जा के साथ बौद्धिक क्षमता में भी वृद्धि होगी। बहुविषयक प्रणाली पर आधारित यह नीति विद्यार्थियों को उनकी इच्छा अनुसार दूसरे संकाय के विषयों का अध्ययन करने की स्वतंत्रता देता है। उन्होंने कहा पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान पद्धति के समावेश के साथ शारीरिक शिक्षा, नैतिक शिक्षा जैसे अन्य विषयों को भी पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। सेमेस्टर आधारित पाठ्यक्रम होने के कारण विद्यार्थियों को परीक्षा का तनाव नहीं होगा। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि वर्तमान सत्र से छत्तीसगढ़ के महाविद्यालय में लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर महाविद्यालय के शिक्षकों से चर्चा करके शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुसार विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को अनुकूल बनाना कार्यशाला का उद्देश्य है। महन्त कॉलेज के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को वर्तमान समय की आवश्यकता बताया।

## कलेक्टर ने पीएम–श्री योजना, सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में पीएम-श्री योजना, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत भवन सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विकासखंडवार सभी स्कूलों में चल रहे निर्माण कार्यों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा अप्रारंभ एवं अपूर्ण निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम सोढ़ार में पीएम-श्री योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली और अधूरे निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने योजना के अंतर्गत चल रहे सभी निर्माण कार्यों को आगामी दो सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासकीय स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, शौचालय निर्माण, बी.आर.सी. भवन मरम्मत, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य निर्माण कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने पीएम-श्री योजना के संबंध में उचित जानकारी नहीं देने पर समग्र शिक्षा के प्रोग्रामर शशिभूषण पांडे तथा शिक्षा विभाग के सहायक ग्रेड 03 आलोक त्रिवेदी को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मुंगेली शाखा द्वारा नव मनोनीत प्रान्तध्यक्ष जी आर क्षत्री का सम्मान




पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ मैदानी स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मुंगेली शाखा द्वारा संघ के नव मनोनीत प्रान्तध्यक्ष जी आर क्षत्री का सम्मान समारोह' 'जिला चिकित्सालय मुंगेली में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ एम के रॉय, खण्ड चिकित्सा, अधिकारी जे पी कौशिक, डॉ के एस कंवर, डॉ संजय ओबेरॉय एवं संघ के संरक्षक सी बी कुर्रे, एस के महिलांगे आयोजक सदस्य अरविंद रॉय, मनोज गोस्वमी, इंद्रजीत आदिले, नरेंद्र कश्यप, प्रमोद साहू, झरोखा साहू, धर्मेश साहू, गोपाल कुमार, कुशल जायसवाल, लक्ष्मी राज, सुरेखा साहू इत्यादि पदाधिकारीगण उपस्थित थे कार्यक्रम का सफल संचालन दुष्यंत लहरे द्वारा किया गया।

## प्राथमिक शाला सेंदुर पारा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता रामानुजगंज
www.dailypioneer.com




रामचंद्रपुर विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक शाला सेंदुर पारा महावीरगंज के संकुल केंद्र कानपुर में शाला प्रवेश उत्सव एवं न्योता भोजन का आयोजीत कार्यक्रम में नव प्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर व मिष्ठान खिलाकर उनका स्वागत किया गया। संकुल प्राचार्य सुरेश गुप्ता, संकुल समन्वयक अन्जय श्रीवास्तव तथा शाला प्रबंध एव विकास समिति के शिक्षाविद शिवकुमार नागवंशी के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हए मुख्य अतथि शिवकुमार नागवंशी ने शिक्षा व्यवस्था के संबंध में पूरानी एवं नई पद्धति से अवगत कराते हुए शिक्षा के व्यापक उद्देश्यों की पूर्ति में समुदाय के सहभागिता पर बल दिया। संकुल प्राचार्य सुरेश गुप्ता ने छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजना शाला प्रवेश उत्सव के उद्देश्यों के संबंध में अपने विचार व्यक्त किय। संकुल समन्वयक अन्जय श्रीवास्तव ने बच्चों को नियमित रुप से स्कूल आने के लिए प्रेरित करते हुए पालकों से सहयोग के लिए अपील कि गई। वही उक्त कार्यक्रम के दौरान बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक मानसरोवर सिंह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बसंती देवी सुशीला देवी, कविता देवी, अंजनी देवी आदि उपस्थित रहे।

## उच्च शैक्षणिक संस्थान शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में निःशुल्क प्रवेश प्रारंभ

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

शहर के प्रसिद्ध स्कूल शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल, बाजार चौक, चंगोराभाठा, रायपुर में वर्तमान सत्र में प्रथम 50 विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रवेश एवं द्वितीय 50 विद्यार्थियों को प्रवेश लेने पर 50 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जायेगी। यह जानकारी स्कूल के मैनेजिंग डायेक्टर मुकेश गुप्ता द्वारा दी गई है। शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल, छत्तीसगढ़ बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल है, यहां कक्षा नर्सरी से 12वीं तक की नियमित कक्षाएं हिन्दी व अंग्रेजी दोनों माध्यमों में लगाई जातीं है। कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए साइंस/कॉमर्स/ आर्ट्स विशय की कक्षाएं लगाई जाती है। इसके साथ-साथ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास हेतु स्पोकन इंग्लिष/ कम्प्यूटर / योगा/ डांस/ म्यूसिक/ आर्ट क्लब/ ड्राईंग-पेटिंग/ कराटे की निःशुल्क कक्षाएं लगाई जाती है। निःशुल्क लाइब्रेरी की व्यवस्था, उन्नत विज्ञान प्रयोगशाला, नवीन पद्धिति युक्त सॉफ्टवेयर कम्प्यूटर लैब की सुविधा, विद्यार्थीयों को निःशुल्क प्रदान की जाती है। नर्सरी, पीपी-वन, पीपी-टू की कक्षाओं में पढ़ाई का माध्यम Play way Method एवं learn with fun द्वारा किया जाता है जिससे की विद्यार्थी खेल-खेल में अपनी पढ़ाई पूरी करें। विद्यार्थियों पर पढ़ाई का अधिक बोझ न हो इस हेतु स्कूल में ही अतिरिक्त शिक्षण एवं विषय संबंधित समस्या का निराकरण किया जाता है। समय-समय पर गेस्ट लेक्चर, शैक्षणिक टूर का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा ऑनलाईन क्लासेस की सुविधा, अबेकस क्लासेस, समर कैम्प, हॉबी क्लासेस, विद्यार्थीयों के व्यक्तित्व विकास हेतु लगाई जाती है। गत् वर्ष 2023-24 का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सभी विद्यार्थी उच्चतम अंको के साथ उत्तीर्ण हुए। कक्षा में प्रथम/द्वितीय आने वाले विद्यार्थियों को स्कूल की ओर से मेडल व ट्रॉफी प्रदान की गई।

## कलेक्टर ने प्री बीएड और प्री डीएड परीक्षा तैयारी के संबंध में ली बैठक

### व्यापम द्वारा दिये गये निर्देशों का कड़ाई से करें पालन : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा रविवार 30 जून को आयोजित होने वाली प्री बी-एड एवं प्री डीएड 2024 परीक्षा के संबंध में नोडल अधिकारी सहित केंद्राध्यक्षों की बैठक ली। इस दौरान परीक्षा के नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर राकेश कुमार गोलछा एवं सहायक नोडल अधिकारी मुकाराम नाग, समन्वयक एवं प्राचार्य आर.के. तलवरे एवं मास्टर ट्रेनर छन्नु लाल तारक मौजूद रहे। कलेक्टर अग्रवाल ने परीक्षा के लिए संबंधित केंद्रों में आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा का कार्य विश्वसनीयता, गोपनीयता और गंभीरता से जुड़ा होता है। इस कार्य में किसी प्रकार की चूक व लापरवाही न की जाए। उन्होंने केंद्राध्यक्षों को सावधानी एवं सतर्कता के साथ परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों में एक-एक आब्जर्वर अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही नकल रोकने के लिए तीन सदस्यीय जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को परीक्षा संचालन के पूरी प्रक्रिया के वीडियोग्राफी आवश्यक रूप से कराने के निर्देश दिये है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्री बीएड एवं प्री डीएड 2024 परीक्षा के संबंध में बैठक लेते हुए कलेक्टर ने सभी केंद्राध्यक्षों को उनके कर्तव्यों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में दी जाने वाली आवश्यक सुविधाएं परीक्षा के पूर्व सुनिश्चित कर ली जाएं। परीक्षा के संबंध में व्यापमं द्वारा जो भी दिशा-निर्देश है उसका पालन करते हुए केंद्र में आवश्यक व्यवस्था की जाए। ऐसे दिव्यांग परीक्षार्थी जिन्होंने स्वयं से सह लेखक का विकल्प चयन किया है उन्हें सह लेखक की शैक्षणिक योग्यता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान परीक्षा के नोडल अधिकारी राकेश कुमार गोलछा ने बताया कि जिले में दो पाली में परीक्षा का आयोजन होगा। प्रथम पाली में प्री बीएड परीक्षा के लिए 19 परीक्षा केन्द्र एवं द्वितीय पाली में प्री डीएड परीक्षा के लिए 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। प्रथम पाली में प्री बीएड परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में 4825 परीक्षार्थी शामिल होंगे। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के आधे घंटे पहले अर्थात सुबह 9.30 बजे तक परीक्षा कक्ष में पहुंचने के निर्देश दिए है। इसी तरह द्वितीय पाली में प्री डीएड की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4:15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षार्थी को स्वयं के पहचान हेतु वोटर आईडी, आधार कार्ड, ई-आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस की मूल प्रति साथ रखना होगा। इसके के अभाव में परीक्षा हाल में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। परीक्षा हाल में मोबाईल, कैल्कुलेटर, डिजीटल घड़ी ब्लूटूथ जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं किसी तरह की कोई अवैधानिक सामग्री लाना वर्जित है। यदि किसी प्रवेश पत्र में तकनीकी कारणों से फोटो अंकित नहीं है अथवा उपस्थिति पत्रक में फोटो के अंकन संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या से बचने के लिए सभी परीक्षार्थियों को अपने साथ दो फोटो एवं पहचान पत्र से संबंधित दस्तावेज अनिवार्य रूप से रखने चाहिए।

**न्यायालय तहसीलदार बसना**
**जिला–महासमुन्द**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/242/क/वा-1/तह./2024 बसना दिनांक 24/06/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण के लिए सूचनार्थ प्रकाशन कराया जाता है कि आवेदक बलवंत पिता रामसिंग निवासी ग्राम/नगर खरोरा तहसील बसना द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि आवेदक अपने माता सुमीत्रा डड़सेना का दिनांक 20/4/2010 को स्थान खरोरा में मृत्यु हुआ है। उक्त मृत्यु का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथि में माता सुमीत्रा डड़सेना के मृत्यु की घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार के आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन-पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 4/7/2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**बसना**

**न्यायालय तहसीलदार कोण्डागांव**
**जिला–कोण्डागांव छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

न्या.कले.कोण्डागांव का रा.प्र.क्र./202406200100004/
अ-21(2)/2023-24
मौजा-कोण्डागांव, तहसील व जिला-कोण्डागांव

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक तरसेम सिंह गिल पिता श्री बुटासिंह गिल, जाति सिक्ख, जाति निवासी शीतलापारा कोण्डागांव, तहसील-कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव द्वारा ग्राम कोण्डागांव, प.ह.नं. 15 कोण्डागांव, तहसील कोण्डागांव स्थित भूमि स्वामी हक की परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 171/4 रकबा 0.1210 हे. भूमि को बिना प्रतिफल के आध्यात्मिक प्रयोजन हेतु 1. श्री रविन्दर सिंह पिता श्री बलजिंदर सिंह 2. श्री हर्षवीर सिंह पिता श्री बलजिंदर सिंह, दोनों जाति सिक्ख, निवासी शीतलापारा वार्ड कोण्डागांव तहसील कोण्डागांव जिला कोण्डागांव के पक्ष में दानपत्र द्वारा अन्तरण करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र माननीय न्यायालय कलेक्टर, जिला-कोण्डागांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो कि माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोण्डागांव के माध्यम से इस न्यायालय को जांच प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी तिथि 10/07/2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक - 10/07/2024
जारी दिनांक -21/06/2024

मुहर

**तहसीलदार**
**कोण्डागांव**

# अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम सिर्फ एक तमगा... बदहाली ऐसी कि वार्मअप ग्राउंड में मवेशी चर रहे

## एस्ट्रोटर्फ इस्तेमाल के लायक नहीं, खिलाड़ियों को सुविधाएं नहीं मिल रहीं

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में एक ओर छत्तीसगढ़ हॉकी जूनियर राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच और दूसरी ओर मवेशियों का चारागाह। ये दोनों तस्वीरें 22 करोड़ों की लागत वाले 9.5 एकड़ में फैले अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम की है। शुक्रवार की सुबह अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में ये नजारा आम था।

इस मैदान से खिलाड़ियों की उम्मीदें इसलिए टूटती जा रही हैं कि यहां लगे एस्ट्रोटर्फ की उपयोगिता की अवधि सालों पहले समाप्त हो चुकी है। यहां फ्लड लाईट, गैलरी की जरुरी मांग घोषणाओं तक सीमित रह गई हैं। वर्ष 2014 में अस्तित्व में आने वाले इस स्टेडियम में अंतर्राज्यीय और राष्ट्रीय स्पधाएं होती रही हैं लेकिन एस्ट्रोटर्फ के रखरखाव और दूसरी अव्यवस्थाओं के चलते इसकी ग्रेडिंग और गुणवत्ता पर बुरा प्रभाव पड़ा है।





### लगातार टूनार्मेंट हो रहे

एस्ट्रोटर्फ से मिल रही निराशा के बीच हॉकी संघ इस खेल से हॉकी की नर्सरी को जोड़े रखने पूरा जोर लगा रहा है। जून माह में ही यहां एक बाद एक राज्यस्तरीय दो बड़ी स्पधाएं आयोजित हुई हैं। सब जूनियर बालक बालिका राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच 24 जून को खेला गया। इसके दूसरे दिन यानी 25 जून से छत्तीसगढ़ हॉकी जूनियर राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका फाइनल मैच शुक्रवार को खेला गया। 21 जुलाई से यहां हॉकी इंडिया की 2री जूनियर बालक/बालिका वेस्ट जोन राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता के मैच खेले जाएंगे।

### अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरुप नहीं स्टेडियम

अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हॉकी मैचों के लिए ग्रीन एस्ट्रोटर्फ का इस्तेमाल कई वर्षों पहले ही बंद किया जा चुका है। गौरव पथ स्थित मैदान में यही एस्ट्रोटर्फ लगा है। इसके साथ ही गौरव पथ स्थित हॉकी स्टेडियम को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हॉकी मैदान नहीं ठहराया जा सकता क्यूंकि मानदंडों के अनुरुप यहां वैसी सुविधाएं और व्यवस्थाएं उपलब्ध नहीं है। हॉकी की नर्सरी के तौर पर देश में पहचान बनाने वाले राजनांदगांव को हॉकी स्टेडियम की सौगात भी अधूरी ही मिली। दिनों-दिन हालात और बुरे हो रहे हैं।

### खिलाड़ियों को इंजरी का खतरा

एस्ट्रोटर्फ की स्थिति यह है कि, खिलाड़ियों को इससे इंजरी का खतरा है। युवा खिलाड़ी के लिए एस्ट्रोटर्फ में दौड़ लगाना खतरनाक साबित हो सकता है। किसी तरह की चोट उसका करियर शुरु होने से पहले ही खत्म कर सकती है। हॉकी संघ और वरिष्ठ खिलाड़ी इस ओर शासन-प्रशासन का ध्यान खिंचते रहे हैं लेकिन अब तक इसमें कोई बड़ी सफलता नहीं मिली है। फरवरी माह में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने यहां नए एस्ट्रोटर्फ, फ्लड लाइट सहित दूसरी सुविधाएं मुहैया कराने का वायदा किया था। खिलाड़ी इन घोषणाओं के अमल में आने का इंतजार कर रहे हैं।

### मेजबान दोनों फाइनल हारे

जूनियर बालक बालिका राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के अंतिम दिन बालिका वर्ग में खेले गए फायनल मैच बिलासपुर ने मेजबान राजनांदगांव को 4-0 गोल से पराजित करते हुए खिताब अपने नाम किया। बालक वर्ग के फायनल मैच स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर ने मेजबान टीम राजनांदगांव को 4-1 गोल से शिकस्त देकर जूनियर राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता अपने नाम की।

# राष्ट्रीय स्तर में जौहर दिखा रहा है दिव्यांग क्रिकेटर




- अंचल के प्रतिभावान क्रिकेटर सुविधा का मोहताज
- मध्यांचल के लिए खेलता दिव्यांग क्रिकेटर योगेंद्र

पायनियर संवाददाता ∢ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के सन्निकट ग्राम मोहड़ का एक नवयुवक दिव्यांग होकर भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गया है। युवा क्रिकेटर योगेंद्र देवांगन ना तो सुन सकता है और ना ही बोल सकता है, किंतु उसने अपने आत्मविश्वास और लगन से आज राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा रहा है। आगामी 17 से 21 जुलाई के मध्य योगेंद्र मध्यांचल के लिए जम्मू कश्मीर के खिलाफ मैच खेलेगा। इस नवयुवक की वजह से मोहड़ गांव का नाम अब देशभर में विख्यात हो गया है। एक पेशेवर किसान का बेटा राष्ट्रीय पटल पर क्रिकेट के उभरते खिलाड़ी हैं। वे वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर तक अपने शानदार खेल का प्रदर्शन कर चुके हैं। वर्तमान में उनका अगला मैच जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में है। इस युवक की अनोखी विशेषता ये है कि सुनने और बोलने में सक्षम नहीं होने से वह अन्य बच्चों के साथ खेलने में काफी असहज महसूस करता है, लेकिन इस कमी को कभी भी उसने आगे आने नहीं दिया और अपने घर पर ही लगातार अभ्यास जारी रखा है। इसी लगन के बलबूते वह बीसीसीआई के अंडर टेकिंग टी 20 में भी अपने खेल का शानदार प्रदर्शन कर चुका है।

### धोनी है योगेंद्र के आदर्श क्रिकेटर

विश्वकप विजेता कप्तान महेंद्र सिंह धोनी योगेंद्र के हीरो हैं। वे धोनी को अपना आदर्श मानने हैं। वह घर पर ही छत की हुक में रस्सी के सहारे लटके बॉल से प्रतिदिन घंटों अभ्यास करता है। उनके विशेष प्रतिभा से एक कोच भी मिल गया। अब योगेंद्र अपने कोच के साथ स्टेट और नेशनल खेलना शुरू कर दिया है।

# छत्तीसगढ़ व्यापमं परीक्षा पारदर्शिता एवं निष्पक्ष तरीके से हो संचालन : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ∢ मोहला
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस जयवर्धन ने व्यापम परीक्षा आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। आगामी 30 जून को जिले में बीएड और डीएलएड सहित आगामी दिनों में अन्य प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा आयोजित है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल के निदेर्शानुसारव्यापम परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए पर्यवेक्षक एवं परीक्षा समन्वयक नियुक्त किया गया है। कलेक्टर जयवर्धन ने बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा संचालन के लिए निर्धारित निर्देशानुसार परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्वक संपन्न कराए। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी का दस्तावेज परीक्षण सही तरीके से करें, परीक्षार्थी का फोटो एवं हस्ताक्षर का मिलान सही तरीके से करें। कोई भी परीक्षार्थी फर्जी तरीके से पेपर ना दिलाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा संचालन के दौरान समय का विशेष ध्यान रखें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना करें। परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षक द्वारा परीक्षा से संबंधित सभी महत्वपूर्ण पत्रक सही तरीके से भरे, परीक्षा संचालन के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि न हो। परीक्षा में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी परीक्षा के दिन आपस में समन्वय बनाकर परीक्षा को सफल बनाएं। बैठक में नोडल अधिकारी (व्यापम परीक्षा) अविनाश ठाकुर, परीक्षा पर्यवेक्षकगण, परीक्षा समन्वयकगण सहित संबंधित अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।

# 4 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ाया पटवारी, एसीबी की कार्रवाई

- केसीजी जिले के प्रकाशपुर से हुई गिरफ्तारी

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

एंटी करप्शन ब्यूरो ने शुक्रवार को खैरागढ़ जिले में एक पटवारी को रंगे हाथ घूस लेते गिरफ्तार किया है। बीते तीन माह के भीतर केसीजी जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो की ये दूसरी कार्रवाई है। इससे पहले पीएचई के एसडीओ को भी रिश्वत लेते पकड़ा गया था।

शुक्रवार को एसीबी की 8 सदस्यीय टीम ने एक किसान की शिकायत के बाद पटवारी को धरदबोचा। किसान से जमीनी दस्तावेज में सुधार के लिए पटवारी ने 4 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। खैरागढ़ जिले के प्रकाशपुर हल्का नं. 11 में पदस्थ पटवारी विवेक परगनिया जमीनी कागजात में सुधार के नाम पर किसान प्रकाश साहू से रिश्वत की मांग रहा था। कई दिनों से किसान चक्कर लगा रहा था।



पटवारी द्वारा कार्य करने में हील-हवाला करने के कारण किसान ने एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत की। शिकायत की जांच के बाद शुक्रवार की सुबह पटवारी को एसीबी ने 4 हजार की रकम के साथ घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। पटवारी को खैरागढ़ के व्यवहार न्यायालय में पेश किए जाने की जानकारी है।

### एसडीओ को दबोचा था

4 अप्रैल को छुईखदान पीएचई उप खंड में एसडीओ रमेश मरावी को भी घूसखोरी के मामले में एसीबी ने दबोचा था। बिल भुगतान के एवज में एसडीओ ने ठेकेदार से लाखों का कमीशन मांगा था। क्षेत्र में नल जल योजना के करोडो रुपये के कार्य चल रहे हैं। पीएचई विभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजेश मरावे को ठेकेदार से बिल का भुगतान करने के एवज में रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया था।

### पटवारी को नोटिस जारी करने के निर्देश



कलेक्टर संजय अग्रवाल ने घुमका तहसील अंतर्गत ग्राम कलडबरी एवं मुड़पार का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान पटवारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कलडबरी के पटवारी द्वारा अभिलेख उद्यतन नहीं रखने, नक्शा बटांकन नहीं किए जाने तथा मृत व्यक्ति्यों के नाम खाता में पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा पटवारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुड़पार के पटवारी द्वारा नक्शा बटांकन नहीं किए जाने पर अभिलेख शुद्धिकरण तत्काल पूर्ण करने निर्देशि दिए। उन्होंने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार घुमका को पटवारियों के कार्यों का नियमित निरीक्षण करने कहा तथा 15 दिवस में कार्य में प्रगति नहीं होने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अतुल विश्वकर्मा उपस्थित थे।

# सहकारी समिति में एक करोड़ का घोटाला किसानों के खाते से कर्ज निकालकर डकार गए

- खैरागढ़ जिले के मुढ़ीपार समिति प्रबंधक और अन्य कर्मचारियों को हटाया, एफआईआर के निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के मुढ़ीपार सोसायटी में एक करोड़ रुपए से अधिक की रकम के गबन का मामला सामने आया है। समिति प्रबंधक और अन्य कर्मचारियों ने मिलकर किसानों से धोखाधड़ी कर एक करोड़ 9 लाख रुपए की राशि का हेरफेर किया है। इस मामले को लेकर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष के निर्देश पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।




खरीफ फसल के लिए किसानों के कर्ज लेने पहुंचने के बाद इस घोटाले की जानकारी सामने आई। किसानों ने जब कर्ज के लिए आवेदन दिया, तब कई किसानों को पूर्व में लिए गए कर्ज को जमा नहीं करने की जानकारी दी गई। जबकि किसानों ने ऐसा कोई कर्ज लिया ही नहीं था। उन्हें यह पता भी नहीं चला कि उनके नाम पर कर्ज लिया गया है।

**घोटाले में पूरा स्टॉफ शामिल :** इस पूरे मामले को लेकर जब जांच की गई तो एक करोड़ 9 लाख रुपए का गबन का खुलासा हुआ। जांच में समिति प्रबंधक धनेश्वर साहू के अलावा ऑपरेटर दीनदयाल सिन्हा, ऑपरेटर के पुत्र लिपिकीय कर्मी अजय सिन्हा, धान खरीदी केंद्र के विक्रेता कृष्णा वर्मा और संतोष कुंजाम की प्रथम दृष्टया संलिप्तता सामने आई। सभी को तत्काल पद से हटा दिया गया है।

### एफआईआर के निर्देश दिए हैं : बघेल

बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी समिति प्रबंधक धनेश्वर साहू एक सडक़ हादसे में जख्मी है। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस संबंध में जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने कहा कि दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। गबन की राशि की वसूली की जाएगी। बताया जा रहा है कि किसानों में इस घोटाले को लेकर आक्रोश है। किसानों के नाम पर लिए गए कर्ज की भरपाई कैसे होगी, इस पर भी प्रबंधन की ओर से स्थिति साफ नहीं की गई है।

# छग सरकार नए कानून में साक्षी संरक्षण नागरिक सुरक्षा संहिता से बेसुध : रूपेशदुबे

- गवाह सुरक्षा योजना और अधिसूचना सार्वजनिक करे सरकार

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अधिवक्ता रूपेशदुबे ने 1 जुलाई से लागू होने वाले नए कानून अंतर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 398 और 179(2) की कार्ययोजना और अधिसूचना को सार्वजनिक नहीं करने पर छग सरकार की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया है! वहीं गवाहों के हितों सहित न्याय मामले भी में बेसुधी करार दिया है।

प्रदेश प्रवक्ता रूपेशदुबे ने कहा कि प्रदेश में नए कानून के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन आम नागरिकों के बीच जनजागरूकता में लगे हैं कानून का सम्मान करना हम सबका दायित्व के साथ कर्तव्य भी है। लेकिन भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के क्लाज398 में राज्य सरकारों को यह निर्देश है कि राज्य सरकार गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गवाह सुरक्षा योजना तैयार कर उसे अधिसूचित करे इसी प्रकार धारा 179 (2) के अंतर्गत प्रकरण के गवाहों को हाजिर होने पर उन्हें उचित व्यय का भुगतान करने का प्रावधान है। इन दोनों अति महत्वपूर्ण मुद्दों पर छग सरकार ने न निर्णय नअधिसूचना सार्वजनिक किया है। नया कानून 1 जुलाई से लागू होने को है जन मस्तिष्क में भ्रम की स्थिति उत्पन्न कर दी है। क्योंकि जनता ही गवाह होंगे। वैसे भी भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली जिसमे तीन कृषि कानून की वापसी एवं हिट एंड रन कानून को आज तक लागू न कर सकने को जनता देख रही हैं ऐसी स्थिति में छग राज्य सरकार को चाहिए कि भारतीय नागरिक सुरक्षा के क्लाज398 के अंतर्गत गवाहों की सुरक्षा योजना और धारा 179(2) के अंतर्गत गवाहों के भुगतान व्यय प्रावधान की अधिसूचना को भी सार्वजनिक करें ताकि साक्षी भी प्रकरण में अपने मजबूत साक्ष्य देकर अपराध को नियंत्रित करने अपराध को समाप्त करने में अपनी महती भूमिका निभा सके।



## केज कल्चर के अनुदान में करोड़ों के भ्रष्टाचार पर एक्शन में वक्त लग रहा

# अनुदान घोटाले की जांच पर कार्रवाई सचिवालय में अटकी, एफआईआर भी नहीं

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नवागांव बांध सिंचाई जलाशय व मोंगरा जलाशय में दीर्घ कालीन मत्स्य पालन हेतु केज कल्चर स्थापना के अनुदान में करोड़ों की गड़बड़ी की जांच रिपोर्ट मंत्रालय तक पहुंच चुकी है। संचालनालय ने खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ग्राम भोथली निवासी भुवनलाल कंवर की शिकायत के बाद यह जांच शुरु की थी। इस मामले में पुलिस ने भी अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की है।

गौरतलब है कि, राजनांदगांव जिले के मत्स्य विभाग में वर्ष 2020-21 के दौरान केज कल्चर स्थापना हेतु किसानों को दिए जाने वाले अनुदान में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। इन आरोपों पर जांच की रिपोर्ट विभाग ने जून के पहले सप्ताह में ही मंत्रालय को सौंप दी है। इसके बाद मुख्यमंत्री इस विभाग की समीक्षा बैठक भी कर चुके हैं। लेकिन अब तक प्रदेश के इस बहुचर्चित मामले में कोई कार्रवाई सामने नहीं है।

आरोप है कि तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि गजभिए ने अपनी ननद, कार्यालयीन कर्मचारियों के परिजनों और एक लघु मत्स्य पालक के नाम पर फर्जी दस्तावेजों के सहारे करोड़ों की सब्सिडी बटोर ली। इसमें एक नाबालिग हितग्राही भी शामिल है जो कि मत्स्य विभाग के कर्मी की पुत्री बताई जाती है।


सरकारी धन की लूट : ननद, भृत्य की बेटी और ड्राईवर की मां के नाम पर कराया केज आबंटन
आदिवासी के नाम पर भी फर्जीवाड़ा, जिसके नाम से केज आबंटित उसे 3 साल बाद मिली जानकारी
करोड़ों के भ्रष्टाचार का कैसे हुआ खुलासा
फर्जी तरीके से कराया आबंटन, लाभार्थी ने कहा मुझे केज की जानकारी ही नहीं
फर्जी आबंटन, तीन साल से लीज भी जमा नहीं की
सीएम के संज्ञान में मामला


मोंगरा में लगे केज कल्चर के अनुदान में भी घोटाला : विभागीय अधिकारियों ने किया 5 करोड़ की सब्सिडी का हेरफेर, विभागीय जांच में खुली परतें, अब तक कोई कार्रवाई नहीं
अनुदान का गलत इस्तेमाल
धमतरी में भी करोड़ों की गड़बड़ी
मोंगरा में लगे केज की सब्सिडी में भी खेल

लाभार्थी सरोज मोटघरे, दुर्गेश नंदनी, हेमलता रामटेके और भुवन लाल कंवर के नाम से ये अनुदान लिए गए थे। इनमें से भुवन ने इस मामले की शिकायत आदिम जाति विकास प्राधिकरण, मत्स्य विभाग सहित पुलिस से भी की है। उसने इस प्रकरण में कूटरचना, फर्जी हस्ताक्षर किए जाने और उसके नाम पर शासकीय योजना का अवैध तरीके से लाभ अर्जित किए जाने के मामले में कार्रवाई की मांग की है।

दूसरी ओर पुलिस ने अब तक भुवन की शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं की है। वहीं संचालनालय के अधिकारियों ने यहां हितग्राहियों से बयान दर्ज कर, मौके का मुआयना और दस्तावेजों को खंगाल जांच रिपोर्ट तैयार कर मंत्रालय को सौंप दी है।

### प्रकरण की जानकारी जुटाई जा रही

चूंकि मामला सहायक संचालक के विरुद्ध है इसलिए आगे की कार्रवाई सचिवालय से ही तय होगी। लेकिन इस प्रक्रिया में काफी वक्त लग रहा है। जून माह में संचालनालय ने यह रिपोर्ट आगे भेज दी थी। सचिवालय के अधिकारियों के मुताबिक इस प्रकरण में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जांच से संबंधित अन्य दस्तावेज और जानकारियां जुटाई जा रही हैं।

### फर्मों को सीधे भुगतान किया गया

नियमतः केज कल्चर की सब्सिडी की राशि हितग्राहियों के खाते में आनी थी। लेकिन तत्कालीन सहायक आयुक्त ने इससे बचने के लिए हितग्राहियों के नाम पर एक फर्जी एनओसी तैयार करवाई और अनुदान की राशि सीधे सप्लायर के खाते में भेज दी गई। कानूनी रुप से भुगतान की यह प्रक्रिया अनुचित है। यह भुगतान मेसर्स स्टार सप्लायर बिलासपुर व एसएस एक्वाफीड्स फर्म रायपुर, एसएस एक्वाकल्चर फिंगेश्वर के खाते में सीधे अंतरित किया गया।

# निर्माणाधीन 84 करोड़ की लागत से कोलियारी, जोरातराई सड़क लोनिवि को दिखा रही आईना

■ सड़क निर्माण के समय ग्रामीणों ने की थी पुनः निर्माण की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

समीपस्थ ग्राम कोलियारी, खरेंगा, दोनर, जोरातराई मार्ग को लेकर 32 गांव के लोगों ने लगातार धरना प्रदर्शन, आंदोलन किया। विभिन्न विभागों में आवेदन पेश किये, तब कहीं जाकर छग शासन लोक निर्माण विभाग के द्वारा सड़क निर्माण हेतु 84 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई और ग्रामवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूर्ण हुई। किंतु इस सड़क निर्माण का ठेका लेने वाले ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा न सिर्फ निर्माण कार्यों में घोर लापरवाही बरती जा रही है अपितु नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश को धता बताकर हरे भरे वृक्षों को काटा जा रहा है। एनजीटी के आदेश क्रमांक 86/219 ज्ञान प्रकाश एंड पप्पू सिंह वर्सेस अदर में उक्त आदेश पारित करते हुए पर्यावरण को प्रमुखता के साथ ध्यान में रखते हुए कम मशीन चलाये जाने का और क्षेत्रीय मजदूरों से कार्य लिये जाने का आदेश किया गया है। लेकिन इसका पालन ठेकेदार द्वारा नहीं किया जा रहा है। अभी से यह सड़क लोक निर्माण विभाग को आईना दिखा रही है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के द्वारा जो आदेश पारित किया गया है, उसकी कापी ज्वाइंट सेक्रेटरी सी पी डिविजन मिनिस्ट्री ऑफ इन्वायरमेंट फॉरेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज इंडिया पर्यावरण भवन न्यू दिल्ली को प्रेषित करते हुए उक्त आदेश का पालन कराने कहा गया है। लेकिन स्थानीय अधिकारी एवं ठेकेदार द्वारा इसका पालन नहीं किया जा रहा है और सड़क में बेशकीमती वृक्षों को जेसीबी से धराशायी किया जा रहा है। इसमें से अधिकांश वृक्ष शीशम के हैं जिसकी कीमत बहुत ज्यादा है। इस वृक्ष को कटाई के बाद इसे वन विभाग को दिया जाना चाहिये था। लेकिन ठेकेदार के कर्मचारी इसे अपने उपयोग के लिये विभिन्न साधनों से उक्त वृक्षों को गायब कर दिये। ठेकेदार और अधिकारी की मिलीभगत से एक ओर एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) के आदेश





का उल्लंघन कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर वृक्षों की कटाई के लिये छग शासन के द्वारा की गई व्यवस्था का पालन न करते हुए कार्य किया जा रहा है। उपरोक्त ग्राम की सड़क निर्माण के लिये कराये जा रहे कार्य में ठैकेदार द्वारा सड़क की साफ सफाई के बाद गिट्टी डाला जाना सड़क की गुणवत्त को बरकरार रखता है। लेकिन ठैकेदार के कर्मचारी ऐसा न कर वृक्षों की कटाई के बाद उपजे गड्ढे एवं खोदी गई सड़क में गिट्टी का उपयोग नहीं कर रहे हैं जिससे सड़क निर्माण में सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। एस एन श्रीवास्तव उपसचिव लोक निर्माण विभाग छग शासन महानदी भवन के पत्र क्रमांक एफ 17-115/2023/19/तक/2 दिनांक 26.9.2023 में दर्शित 7 बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिये जाने की बात कही गई है। कोलियारी से दोनर तक 33.20 किमी सड़क के साथ साथ पुल पुलिया सहित मजबूतीकरण निर्माण हेतु 84 करोड 8 लाख 81 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति निम्न शर्तों के साथ दी गई है जिसमें पुल पुलिया के डिजाइन, ड्राइंग के अनुसार निर्माण किये जाने को कहा गया है। लेकिन प्रस्तावित एस्टीमेट, ड्राइंग डिजाइन के विपरीत कार्य हो रहा है जिसे लेकर गांव के लोगों द्वारा निर्माण कार्य का विरोध किया गया था तब ठेकेदार द्वारा जेसीबी से खुदाई कर फिर से निर्माण कराया गया था। निर्माण कार्य के प्रारंभ काल से ही यह सड़क निर्माण को लेकर ग्रामवासियों में भी काफी नाराजगी देखी जा रही है। कुछ लोगों ने बताया कि अधिकारी निर्माण कार्यों को लेकर जरा भी गंभीर नहीं है। इस कारण ठेकेदार के कर्मचारी उनके निर्देश पर अपने मनमर्जी मुताबिक कार्य कर रहे हैं। खबर है कि ठेकेदार द्वारा जो मुरूम इत्यादि बिछाई जा रही है वह बिना रॉयल्टी के डाली जा रही है जबकि ठेकेदार को मुरूम निकालने के लिये इसके लिये खनिज विभाग से अनुमति लेना चाहिये था। निर्माण के समय से सुर्खियों में आ रही इस सड़क को लेकर तरह तरह के आरोप लगाये जा रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि करोड़ों रूपये की लागत से उक्त सड़क का निर्माण ठेकेदार के कर्मचारी करा रहे हैं जबकि नियम से अधिकारी और ठेकेदार को स्थल में रहना और मटेरियल की सूक्ष्मता से जांच किया जाना चाहिये था। दर्री, खरेंगा, क्षेत्र में बनने वाली इस सड़क निर्माण में लगे ठेकेदार द्वारा ग्रामवासियों से कोई तालमेल नहीं बनाया जा रहा है और अपनी मनमानी करते हुए सड़क निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। जिस हिसाब से वर्षा ऋतु में इस सड़क का निर्माण शुरू किया गया है, उससे उसकी गुणवत्ता संदेह के दायरे में रहेगी क्योंकि वर्षा ऋतु में डामर की सतह पानी के गिरने के बाद उखड़ जाती है। कार्य प्रारंभ के पूर्व निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड लगाया जाना था। लेकिन उसे ऐसे स्थान पर लगाया गया है जिस पर बहुत कम लोगों की नजर पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों बाद इस सड़क का भाग्य बदल रहा है और हम यह बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे कि सड़क की गुणवत्ता में कोई कमी रहे। इसलिये इनका कहना है कि अधिकारी, ठेकेदार की निगरानी में ही इसका कार्य किया जाये। कर्मचारियों के कार्य को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इन्होंने छग शासन लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से इस सड़क के निर्माण का अवलोकन भी करने की मांग की है।

# जिले में 2 दिनों में 42 मोतियाबिंद के मरीजों का हुआ सफल ऑपरेशन

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला जशपुर के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय जशपुर एवं सिविल अस्पताल पत्थलगांव मे मोतियाबिंद से पीड़ित व्यक्तियों का इलाज किया जा रहा है। मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन सुविधा का लाभ मिल रहा है। वही विकासखंड मनोरा, लोदाम, कुनकुरी, दुलदुला तथा सन्ना के मरीजों को जिला चिकित्सालय एवं विकासखंड कांसाबेल, फरसाबहार, बगीचा एवं पत्थलगांव के मरीजों को सिविल अस्पताल में दूरी एवं सुविधानुसार के अनुसार मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु भेजा जा रहा है। इसी तारतम मे जिला चिकित्सालय जशपुर मे 28 एवं 29 जून को विकासखंड जशपुर/लोदाम - 14, दुलदुला - 12, कुनकुरी - 08, कांसाबेल - 03, बगीचा - 03 तथा मनोरा एवं फरसाबहार से 1-1



मोतियाबिंद मरीज का ऑपरेशन किया गया।

**मोतियाबिंद का ऑपरेशन स्वास्थ्य संस्थाओं मे निः शुल्क किया जाता :** अंधत्व निवारण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ.आर एस पैंकरा ने बताया की अंधत्व निवारण एवं दृष्टि अल्पता कार्यक्रम पूरे देश की तरह राज्य एवं जिले मे संचालित है जिसके तहत पूरे विश्व का 21% दृष्टि दोष में भारत की भागीदारी है जिसमे 63% लोग मोतियाबिंद तथा बाकी अन्य नेत्र रोग के कारणों से पीड़ित है उन्होंने बताया की जिले में मोतियाबिंद का ऑपरेशन स्वास्थ्य संस्थाओं मे निः शुल्क किया जाता और जिसमे परिवहन तथा खान - पान संबंधित व्यय का वहन निः शुल्क किया जाता है।

**पीड़ित मरीजों को ऑपरेशन हेतु प्रेरित करें :** जिला कलेक्टर ने जिले वासियों से अपील की है कि जिले को अंधत्व मुक्त करने हेतु लोग स्वयं प्रेरित होकर आगे आएं एवं दूसरे पीड़ित मरीजों को भी ऑपरेशन हेतु प्रेरित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर व्ही.के. इंदवार ने बताया की मोतियाबिंद ऑपरेशन की प्रक्रिया निरंतर एवं निःशुल्क चलती रहेगी जिसमे पीड़ित व्यक्ति समय रहते अपना इलाज करा सकते हैं। उन्होंने बताया की यह ऑपरेशन की प्रक्रिया सिविल अस्पताल पत्थलगांव मे हफ्ते में 2 दिन तथा जिला चिकित्सालय जशपुर में हफ्ते में एक दिन हो रहा है एवं अब तक इस सत्र मे 420 मरीजों का सफल ऑपरेशन किया जा चुका है।

**जिले में यह टीम दे रही अपनी सेवाएं :** इस शिविर में डॉक्टर बलवंत तथा डॉक्टर मधुरीमा जिला कोरिया से जिला चिकित्सालय जशपुर में तथा डॉक्टर संतोष एक्का तथा डॉक्टर रजत टोप्पो अपनी सेवाएं दे रहे है। उन्होंने मोतियाबिंद से पीड़ित व्यक्तियों को शिविर का लाभ लेने हेतु अपील की है। उक्त शिविर के सफल संचालन हेतु जिले से जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर आर.एस. पैंकरा, जिला सलाहकार सत्येंद्र यादव, सचिवीय सहायक खुले प्रसाद यादव, समस्त नेत्र सहायक अधिकारी तथा विकासखंड स्तर से खंड चिकित्सा अधिकारी, विकास खंड नोडल अधिकारी तथा अन्य अधिकारी कर्मचारियों एवं मितानिनों का योगदान सराहनीय है।

# नौ साल से अनुपस्थित टीचर के सवाल पर शिक्षा विभाग के अफसर फेल, मामला रामसागरपारा मिडिल स्कूल का

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

9 साल पूरे, दसवां बरस पूरा होने में 3 माह शेष, अनुपस्थित है गणित की पढ़ाई करवाने वाली शिक्षिका सुल्ताना अंसारी। सहज ही जाना जा सकता है कि किन मुश्किलों में इस विषय की पढ़ाई हो पाती होगी।

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रामसागरपारा भाटापारा। यह उस स्कूल का नाम है, जिसने नया शिक्षा सत्र शुरू होने के दिन ही खंड शिक्षा मुख्यालय को लिखित में सूचना दी है कि उनके स्कूल में पदस्थ शिक्षिका सुल्ताना अंसारी ने उपस्थिति नहीं दी है। अब देखना यह है कि खंड और जिला शिक्षा मुख्यालय क्या कार्रवाई करेगा?




नियमों के अनुसार लगातार 3 साल तक अनुपस्थित शिक्षक को सेवा मुक्त मान लिया जाता है। फिर भी इस मामले को जिला मुख्यालय के पास आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया है।
**- रामजी पाल, बीईओ, भाटापारा**

संज्ञान में ले रहा हूं। बहुत जल्द आवश्यक कार्रवाई करेंगे।
**- हिमांशु भारती,** जिला शिक्षा अधिकारी, बलौदाबाजार

### 8 अक्टूबर 2014 से अनुपस्थित

गणित विषय की शिक्षिका सुल्ताना अंसारी 8 अक्टूबर 2014 से लगातार अनुपस्थित हैं। बगैर आवेदन, अनुपस्थिति के 9 साल पूरे हो चुके हैं। दसवां बरस 8 अक्टूबर 2024 को पूरा हो जाएगा। बीते 9 साल से लगातार स्कूल प्रबंधन प्रति माह भेजे जाने वाले प्रतिवेदन में जानकारी दे रहा है लेकिन मामला जस-का-तस है।

### ऐसे हो रही पढ़ाई

लगातार पत्राचार और आग्रह पर बीते सत्र से गणित के टीचर मिले। इसके पूर्व के सालों में हिंदी के टीचर की सेवाएं गणित विषय पढ़ाने के लिए भी ली जाती रही। संचालन में बाधा नहीं बने यह स्थिति, इसलिए की गई यह व्यवस्था काम आई लेकिन बड़ा सवाल यह है कि लगातार लिखित सूचना के बावजूद विभाग मौन क्यों है?

# छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से आदित्य व पटेल ने किया मुलाकात



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से शहर कांग्रेस के अध्यक्ष आर.एन. आदित्य अधिवक्ता एवं पूर्व मछुआ कल्याण बोर्ड के सदस्य ब्लॉक ग्रामीण के अध्यक्ष पुस्पेंद्र पटेल एवं भंवरपुर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष जितेंद्र सिदार व महासमुंद विधानसभा के पूर्व विधायक सम्माननीय विनोद चंद्राकर के साथ सचिन पायलट से मिलकर सौजन्य मुलाकात की तथा संगठन के बारे में चर्चा किया गया।

# टोल माफ नहीं तो विरोध प्रदर्शन, चक्काजाम : संजय

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

महासमुंद जिले में टोल टैक्स फ्री करने की मांग लगातार अलग-अलग संगठनों द्वारा समय-समय उठाया जा रहा है। पिछले महीनों से सरायपाली के युवाओं द्वारा टोल फ्री करने आवाज उठाई जा रही है, केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें 10 जुलाई तक टोल प्रबंधन को अल्टीमेटम दिया गया है। मांग पूरी नहीं होने पर 11 जुलाई से उग्र प्रदर्शन चक्काजाम करने की बात कही गई है। युवाओं का नेतृत्व कर रहें संजय चौधरी ने कहा रोड एक तो नियम अलग-अलग क्यों? राजनांदगांव में सीजी 08 पासिंग वाली वाहनों का टोल नहीं लिया जाता है। दुर्ग में सीजी 07 पासिंग वाहनों का टोल टैक्स नहीं लिया जाता है, उड़ीसा में ओडी 17 पासिंग सभी वाहनों से टोल टैक्स नहीं लिया जाता है तो फिर महासमुंद जिलेवासियों से ही छलावा क्यों? चौधरी ने कहा कि जब वाहन खरीदते समय रोड टैक्स दे रहें हैं



जीएसटी अलग से दे रहें हैं तो फिर टोल टैक्स क्यों? टोल टैक्स माफ होना चाहिए, पिछले महीने भी टोल प्रबंधन, शासन-प्रशासन को हमारे द्वारा ज्ञापन दिया गया था। जिसमें शासन प्रशासन, टोल प्रबंधन का कोई जवाब नहीं आया। अचार संहिता लागू होने के कारण प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिल पाई। उसके बाद टोल टैक्स वसूलने वाली कंपनी बीएससीपीएल भी बदल गई, अब आरंग टोलवे लिमिटेड ढांक झलप एवं छुईपाली टोल टैक्स की वसूली कर रही है जिसके कारण हम पुनः कंपनी को ज्ञापन देने गए थे कंपनी के मैनेजर ने ज्ञापन लेने से इंकार कर दिया। महासमुंद जिलेवासियों 10 जुलाई तक टोल टैक्स माफ नहीं किया जाता है तो 11 जुलाई से उग्र विरोध प्रदर्शन चक्काजाम किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन एवं टोल प्रबंधन की होगी। वहीं आरिफ अली पिंकी का कहना है महासमुंद सीजी 06 परमिट सभी वाहनों को टोल मुक्त होना चाहिए। महासमुंद जिले में निवासरत सभी नागरिकों को आधार कार्ड या परिचय पत्र के माध्यम से टोल टैक्स फ्री की सुविधा मिलनी चाहिए। शासन प्रशासन 10 जुलाई तक हमारी मांग पर कोई फैसला नहीं लेती है तो 1 जुलाई से विरोध प्रदर्शन करेंगे। वीरेंद्र नायक अधिवक्ता का कहना है कि क्षेत्रवासियों को ज़िला मुख्यालय जाने के लिए टोल टैक्स देना पड़ता है सरायपाली जाने के हमें बार-बार टोल देना पड़ता है राजनांदगांव टोल प्लाजा एवं दुर्ग टोल प्लाजा जैसी सुविधा झलप और छुईपाली में भी मिलनी चाहिए, शासन-प्रशासन टोल प्रबंधन को इस विषय पर जल्द फैसला लेना चाहिए। सिंघनपुर निवासी गजेंद्र कश्यप का कहना कि सिंघनपुर गांव के बार्डर में ही टोल का निर्माण हुआ है ग्रामीणों को दिन में कई बार राशन सामग्री, हॉस्पिटल अन्य जरूरी कार्यों के लिए सरायपाली जाना पड़ता है टोल टैक्स देना पड़ता जिससे आर्थिक बोझ पड़ता है 10 जुलाई तक टोल टैक्स माफ होना चाहिए।

# दाबपाली में प्रवेशोत्सव पर किया पौध रोपण के साथ हुआ नेवता भोज



पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दाबपाली मे शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कक्षा 6 वी के नव प्रवेशी छात्रो को तीलक लगाकर एवं मुंह मिठा कराके स्वागत सम्मान करते हुए प्रवेश कराया। वही नवप्रवेशी बच्चो को गणवेश एवं निःशुल्क पाठय पुस्तको का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजन अर्चन कर की गई। कार्यक्रम मे शाला विकास समिति के अध्यक्ष द्वारा सभी छात्रो को आशीष वचन देते हुए कहा बच्चे नियमित स्कूल आने तथा मन लगा के पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया गया। प्रवेशोत्सव के साथ ही शाला परिसर मे पौधा रोपण एवं नेवता भोज मे सभी छात्र-छात्राओं को खीर पूड़ी लड्डू थाली मे परोसा गया। इस दौरान समिति अध्यक्ष गैस कुमार पटेल सेवानिवृत शिक्षक अभयराम दीवान, डीगेश कुमा शिक्षक शिक्षिका सहित पालक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वहां के शिक्षक ललित पटेल ने किया।

## राजधानी मे हुई मरीज के मौत की दुखद घटना की चंहुओर निंदा

# पीड़ा और आक्रोश मिश्रित स्वर में उठती आवाज, कमेटी गठन के साथ हो सक्रियता का आगाज

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर मे चिकित्सीय लापरवाही एवं अज्ञानता के चलते घूटने की परेशानी मे छाती का आपरेशन कर दिए जाने जिसके फलस्वरूप मरीज की मृत्यु हो जाने की घटना ने सबको झकझोर कर रख दिया है, भाटापारा मे भी उपरोक्त घटना को लेकर संवेदना निंदा के क्रम के साथ ही इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा का दौर जारी है, कारण एवं निवारण जैसे बिन्दुओं पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े व्यक्तित्वों के मन्तव्य भी प्राप्त हो रहें है।

**धन की लोलुपता विकृति की जड़** – इसी कड़ी मे छत्तीसगढ सकल दिगंबर जैन समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश मोदी का सीधे तौर पर यही कहना है कि चिकित्सीय क्षेत्र मे आती विकृति एवं समय समय पर घटती विडम्बना पूर्ण दुखद घटनाओं के लिए इस क्षेत्र मे हावी हो रही घोर व्यवसायिकता अहम जिम्मेदार है, धन की लोलुपता से सभी संवेदनाएं ताक पर रखी नजर आ रहीं है,राजधानी मे गलत इलाज की दुखद घटना की निंदा करते हुए उनका कहना है कि इस दिशा मे शासन की सक्रियता नितांत आवश्यक है, एवं ऐसे किसी निगरानी तंत्र के स्थापना की आवश्यकता है जिसके द्वारा चिकित्सीय परिस्थिति पर सतत निगरानी किए जाने की व्यवस्था स्थापित हो सके।









**आयुष्मान की प्रभावशीलता दिखती नहीं**– सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु द्वारा भी रायपुर की दुखद घटना की निंदा करते हुए इस दिशा ठोस कार्रवाई की मांग करते हुए चिकित्सीय पहलू की एक और विडम्बना आयुष्मान के समुचित संचालन नहीं होने की पीड़ा व्यक्त करते हुए उनका कहना है कि भले ही सरकार द्वारा यह दावा किया जाता है कि आयुष्मान योजना प्रभावी है एवं मरीज लाभान्वित होते है लेकिन सच्चाई यह है कि मरीज को अस्पताल मे भर्ती होने के पश्चात तत्काल रकम जमा करना पड़ता है योजना के लाभ की शुरुवात बाद मे होती है, इस पर भी ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है, रायपुर मे घटित घटना के संबंध मे उनका कहना है कि ऐसी विडम्बना की रोकथाम के लिए सरकार एवं जनता दोनों की सक्रियता आवश्यक है।

**शासकीय संस्थान की मजबूती जरुरी** – सेवा सुगंधम समिति के प्रमुख टिकेन्द्र उपाध्याय द्वारा भी उपरोक्त घटना की निंदा एवं कार्यवाही की मांग करते हुए ऐसी घटनाओं की पुनरावृति रोकने के संबंध मे उनका कहना है कि इसके लिए शासकीय संस्थानों को मजबूत करने एवं शासकीय अस्पतालों की भरोसा बहाली नितांत आवश्यक है जिससे निजी उपक्रमों की मनमानी पर रोक लगे। उनका यह भी कहना है कि ग्राम पंचायत स्तर पर शासकीय अस्पताल मे उपलब्ध सुविधाओं का प्रचार प्रसार होना चाहिए, साथ ही साथ आये दिन घटती चिकित्सीय विडम्बना के संबंध मे उनका कहना है कि ब्लाक स्तर पर समितियों के गठन की आवश्यकता है जो विडम्बनाओ पर निगरानी एवं नियंत्रण रख सके, इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाना चाहिए जिसमें नागरिक अपनी पीड़ा और परेशानी रखी।

### कमेटी गठन की नितांत आवश्यकता

कमोबेश सभी प्रमुख जनों की एक स्वर मे यही मांग है कि एक निगरानी तंत्र की स्थापना हो जिसके जरिए चिकित्सीय विडम्बना पर नजर रखी जा सके एवं परेशानियों का निराकरण हो, इसी कड़ी मे भाटापारा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल मिश्रा द्वारा भी रायपुर मे घटी दुखद घटना की निंदा करते हुए तथा कार्यवाही की मांग करते हुए कहना है कि इस दिशा मे सतत सक्रियता एवं ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है साथ ही साथ उनका यह भी कहना है कि एक ऐसी कमेटी गठन की आवश्यकता है जिसके जरिए चिकित्सीय परिस्थतियों पर सतत निगरानी हो सके।

# नर्रा अंचल में रोपाई कार्य शुरू



**महासमुंद।** इन दिनों आषाढ़ माह मे खरीफ फसल की तैयारी साधन संपन्न ट्यूवेल वाले नर्रा अंचल के गांव झलमला के किसान बाल मुकुंद निषाद ने बताया कि खेती की तैयारी भीम एकादशी के पूर्व रोपाई के लिए बीज डाले गए अंकुरित होने के बाद दो सप्ताह भर मे पौधा तैयार बोरवेल से खेतो मे पानी छोड़ा जा रहा है टेक्टर कैचव्हील रोटोवेटर से मताई कर क्यारी तैयार किया जा रहा है। पहले से पहले खेती की तैयारी मे किसान डीएपी खाद का छिड़काव कर धान की रोपाई कार्य मे जुटे किसान।




# पायनियर हलचल...

## दो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का सच?

हाल ही में रायपुर दक्षिण विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने विधायकी से इस्तीफा दे दिया है। बृजमोहन अग्रवाल अब रायपुर से सांसद हैं। जिससे रायपुर दक्षिण विधानसभा में उपचुनाव होने तय है। रायपुर दक्षिण सीट पर उपचुनाव होना है, यह तो सबको पता है। लेकिन इन दिनों एक और सीट यानि की दो सीटों पर उपचुनाव होने की सुगबुगाहट सुनाई दे रही है। खैर सच क्या है? यह तो राज्यपालों की नियुक्तियों के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। लेकिन इस समय रायपुर दक्षिण के अलावा एक और सीट में उपचुनाव होने की चर्चा छिड़ी हुई है। कहते हैं कि इस सीट में उत्तराधिकारी प्रत्याशी अभी से चुनावी तैयारी में जुट गए हैं।

## यादव समाज को साधने की जुगत

यादव समाज के वोट भले ही राज्य में बिखरे हुए हैं, लेकिन राज्य में इस समाज की संख्या को इग्नोर नहीं किया जा सकता। यूपी के साथ ही छत्तीसगढ़ में भी इस समाज का झुकाव कहीं न कहीं कांग्रेस या इंडिया समूह की ओर जादा दिखाई दे रहा है। भिलाई से देवेन्द्र यादव, खल्लारी से द्वारिकाधीश यादव तथा चन्द्रपुर से रामकुमार यादव का विधायक होना इसका जीता-जागता उदाहरण है। वहीं भाजपा हेमचंद यादव के निधन के बाद छत्तीसगढ़ में कोई बड़ा यादव चेहरा तैयार नहीं कर पाई। हेमचंद यादव तत्कालीन रमन सरकार में मंत्री हुआ करते थे। उनके निधन के बाद भाजपा को यादव समाज से एक नेता तैयार करने की आवश्यकता महसूस होने लगी। सम्भवतः इसीलिए दुर्ग सीट से गजेन्द्र यादव को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया। मौजूदा राजनीतिक हालात को देखते हुए राज्य में यादव समाज के वोट को साधने के लिए गजेन्द्र यादव को विष्णु सरकार में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

## वीआरएस तो नहीं ?

सीनियर आईएफएस सुधीर अग्रवाल वर्तमान हेड ऑफ फारेस्ट व्ही श्रीनिवास राव की नियुक्ति को कैट तक ले गए। सुधीर ने हेड ऑफ फारेस्ट बनने के लिए हर एक दरवाजा खटखटाया, कैट भी गए। लेकिन कैट से भी सुधीर अग्रवाल को निराशा हाथ लगी। कहते हैं कि सुधीर की एकमात्र उम्मीद कैट से भी खरिज हो गई, जिसके बाद वह वीआरएस की तैयारी में हैं। अन्दरखाने में यह भी चर्चा है कि अन्य राज्यों में सुधीर के बैच के अफसर हेड ऑफ फारेस्ट बन गए हैं, लेकिन यहां पर सुधीर को सभी दरवाजों में नकामयाबी हासिल हुई। जिससे वह काफी हतास हैं, खैर सच क्या है? यह तो सुधीर ही जानेंगे, जितने मुंह उतनी बातें।

## डॉक्टर, डॉक्टर और डॉक्टर के चक्कर में निपट गई महिला डॉक्टर

शीर्षक पढ़कर आपको लग रहा होगा की चार डॉक्टर लिखने की वजह एक डॉक्टर लिखा जा सकता था, लेकिन वास्तव में ये चारों डॉक्टर अलग-अलग पृष्ठ भूमि से हैं। इसलिए यहां पर चार डाक्टरों का उल्लेख किया गया है। राज्य की राजनीति में यूं तो बहुत से डॉक्टर हैं, लेकिन पंद्रह साल मुख्यमंत्री रहे, वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह छत्तीसगढ़ की राजनीति के सबसे बड़े डॉक्टर हैं। वहीं राजनीति से ताल्लुकात रखने वाले दूसरे सबसे बड़े डॉक्टर चरणदास महंत हैं। डॉ. महंत वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष हैं। इसके पहले वह विधानसभा अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री, अविभाजित मध्यप्रदेश में मंत्री, सांसद और न जाने कितने पदों पर आसीन रह चुके हैं। और तीसरे डॉक्टर जानवरों के इलाज करने वाले डॉक्टर हैं। गौर करने वाली बात यह है कि एक डॉक्टर यानि कि नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बजट सत्र के दौरान दूसरे डॉक्टर से यानि कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से तीसरे डॉक्टर यानि की जानवरों के डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। जिस पर पहले डॉ. यानि कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह नें निर्देश दिया था कि वहां पर ठीक-ठाक डॉक्टर की व्यवस्था की जाए। दूसरे डॉक्टर यानि की नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा था कि जानवरों के डॉक्टर आचार संहिता के दौरान बिना छुट्टी के बाहर घूमते रहे, जिसके कारण कई बेजुवान जानवर काल के गाल में समा गए। चूंकि अब एक माह के भीतर फिर विधानसभा का सत्र होना है, इसलिए जानवरों के डॉक्टर को बचाने के चक्कर में एक महिला डॉक्टर यानि की शीर्षक की चौथी डॉक्टर की सेवा समाप्त कर दी गई है। कुल मिलाकर तीन डॉक्टरों के चक्कर में एक महिला डॉक्टर को बलि का बकरा बना दिया गया।

## किस्से और भी हैं

इन दिनों एक अफसर अपने कारनामे की वजह से चर्चा का केन्द्र बिन्दु बने हुए हैं। कभी जिला पंचायत सीईओ रहते हुए इनके वजह से तत्कालीन कलेक्टर ने बाढ़ आपदा के बजट को दूसरे मद में खर्च कर डाला था। कहते हैं कि सीईओ रहते हुए साहब फाइल लेकर कलेक्टर साहब के पास पहुंचे उन्होंने भरोसा करते हुए आंख बंद कर फाइल में साइन कर दिया। बाढ़ आपदा की राशि 40 करोड़ रुपये एक दिन में झर्र हो गई। कलेक्टर साहब दूसरे दिन माथा पकड़ लिए। हालांकि कुछ विशेष मददगार इंड्रस्ट्रियों ने कलेक्टर साहब की लाज बचा ली, दूसरे दिन इंड्रस्ट्रियों से रुपये इकट्ठा करके वापस बाढ़ आपदा में डाले गए। कारनामा इतना ही नहीं है एक जगह और पोष्टिंग के दौरान मिलता-जुलता नाम देखकर साहब ने करोड़ों रुपये ऑनरेरियम की जगह हॉरमोनियम के लिए बांट दिये। अब साहब नए जिले में जाकर नया बखेड़ा खड़ा कर आये।

## जीपी सिंह को फिर एसीबी और ईओडब्ल्यू की कमान?

कैट से राहत मिलने के बाद 1994 बैच के आईपीएस अफसर जीपी सिंह की बहाली को लेकर जल्द फैसला आ सकता है। कैट से जीपी को राहत मिलने के बाद राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार से इस विषय पर सुझाव मांगा है। केन्द्र से जबाब आने के बाद जीपी सिंह को डीजी स्तर का पद मिलना लगभग तय माना जा रहा है। इस बीच वर्तमान डीजीपी अशोक जुनेजा का कार्यकाल भी अगस्त माह में समाप्त हो जाएगा। ऐसे में जुनेजा की जगह डीजीपी के लिए हिमांशु गुप्ता और अरुणदेव गौतम में से किसी एक को मौका मिल सकता है। हालांकि डीजीपी के लिए पवनदेव के नाम की भी चर्चा है। बहरहाल अरुणदेव, हिमांशु गुप्ता और पवनदेव में से किसी एक को डीजीपी की कमान मिलने के साथ ही जीपी सिंह को फिर एसीबी और ईओडब्ल्यू की कमान सौंपी जा सकती है।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# ट्रांसमिशन कंपनी से 13 अधिकारी-कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी से 13 अधिकारी-कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी गई। पॉवर ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने उन्हें प्रतीकात्मक भेंट एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रबंध निदेशक शुक्ला ने अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके योगदान को कंपनी हित में बहुमूल्य निरूपित किया। कंपनी हित में किये गये कार्यों की उन्होंने प्रशंसा की एवं उनके बेहतर कार्यशैली से पॉवर कंपनी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दी। सेवानिवृत्तजनों में अधीक्षण अभियंता सिविल सुशील कुमार बाजपेयी, स्टाफ ऑफिसर विनोद कुमार मेश्राम, अनुभाग अधिकारी दीपक कुमार नायक, अनुभाग अधिकारी अन्नंत कुमार मिस्त्री, अनुभाग अधिकारी उमेश कुमार ब्रम्ह, परीक्षण सहायक श्रेणी -01, प्रयाति सिंह, परीक्षण सहायक श्रेणी-01 नरेंद्र कुमार देवांगन, सिविल सहायक श्रेणी-02 अमर सिंह कंवर, लाइन सहायक 02 मनोहर लाल शेल्के, दफ्तरी उमेश कुमार जोशी, कक्ष सेवक लखपति सिंदूर, माली प्रीतलाल साहू एवं भृत्य एस भानूमति को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने अपनी सफलता के लिए अपने वरिष्ठ अधिकारियों एवं सहकर्मियों का आभार जताया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशकगण के.एस.मनोठिया, एम.एस.चैहान, संजय पटेल एवं मुख्य अभियंता डी.के.तुली, ए.के.अम्बष्ट विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन प्रबंधक( पी.एंड एस.) राजेश सिंह ने किया।

# श्री बालाजी हॉस्पिटल एवं रायपुर प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी हॉस्पिटल एवं रायपुर प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन प्रातः 12 से दोपहर 4 बजे तक प्रेस क्लब, रायपुर में किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में सभी जांच निशुल्क था। इस स्वाथ्य शिविर में प्रमुख रूप से बीपी ब्लड शुगर जांच कराने वाले मरीजों की संख्या अधिक थी। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया एवं जन समस्याओं के बारे में विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया। इस शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अमिनुदीन कुरैशी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शालिनी देवांगन, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हरप्रिया साहू एवं सामान्य चिकित्सा से डॉक्टर ओम बापत और हॉस्पिटल मार्केटिंग टीम से चंद्रकांत श्रीवास, आकाश मानस, राजीव दास एवं सुनील तथा नर्सिंग स्टाफ से मनहरण साहू, आशा लता, लक्ष्मी एवं प्रेस क्लब के अध्यक्ष पफुल ठाकुर, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, महासचिव डॉ वैभव शिव पांडे एवं प्रेस क्लब के समस्त पदाधिकारी गण पत्राकार एवं फोटो जर्नलिस्ट उपस्थित रहे।

प्रेस क्लब के आयोजन कर्त्ताओं द्वारा श्री बालाजी हास्पिटल एवं टीम का आभार प्रकट किया। इस जांच शिविर में लगभग 150 लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया।




## बाल संप्रेक्षण गृह से भागे 10 नाबालिग, तलाश में जुटी पुलिस

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

माना के बाल संप्रेक्षण गृह (किशोर बंदी गृह या बच्चा जेल) से शुक्रवार आधी रात के बाद अलग-अलग अपराध में बंद 10 बच्चे खिड़की तोड़कर भाग निकले हैं। एएसपी ग्रामीण कीर्तन राठौर ने इसकी पुष्टि की है। जो अपचारी किशोर भागे हैं, उनमें से कुछ संगीन अपराध में गिरफ्तार हुए थे और अरसे से जेल में हैं। माना पुलिस ने सभी की तलाश शुरू कर दी है। ज्यादातर मामलों में छोटी जेल से भागे ऐसे अधिकांश किशोर सीधे घर पहुंचते हैं।

## ड्राइविंग लाइसेंस गलत पते के कारण वापस लौटने पर परिवहन कार्यालयों के माध्यम से मिलेंगे

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर आम नागरिकों को एक और नई सुविधा परिवहन विभाग के माध्यम से मिलने जा रही है। ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र आवेदक द्वारा दिए गए पते पर नहीं पहुंचने पर आवेदकों को उनके जिले के क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय और जिला परिवहन कार्यालयों के माध्यम से वितरित किए जाएंगे। परिवहन विभाग द्वारा यह सुविधा एक जुलाई से लागू की जा रही है। मुख्यमंत्री साय के समक्ष यह बात सामने आई कि परिवहन विभाग द्वारा डाक के माध्यम से भेजे गए कई ड्राइविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रमाण पत्र पता सही नहीं होने के कारण नया रायपुर स्थित परिवहन विभाग के मुख्यालय इन्द्रावती भवन में वापस लौट आते थे।

## प्रयास आवासीय विद्यालय एवं यूपीएससी के लिए कोचिंग व्यवस्था की पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने किया तारीफ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय एवं यूपीएससी परीक्षा के लिए किए गए कोचिंग व्यवस्था की राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने तारीफ किया। अहीर की अध्यक्षता में नवा रायपुर स्थित नवीन विश्राम गृह में बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी शामिल हुए। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में पिछड़े वर्गों के लिए संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से जानकारी लिया तथा उनकी प्रशंसा की। पिछड़े वर्गों के लिए राज्य सरकार के साथ-साथ केंद्रीय सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का समुचित पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि शासकीय संस्थाओं के साथ-साथ निजी संस्थाओं में भी पिछड़े वर्गों के लोगों को आरक्षण के तहत लाभ मिले।

## बी.एस.यू.पी. कालोनी में पुलिस का धावा, गुंडे-बदमाशों की तलाश जारी

**रायपुर।** पुलिस की एक बड़ी टीम ने शनिवार सुबह-सुबह बी.एस.यू.पी. कालोनी में छापामार कार्रवाई करते हुए कई घरों में दबिश देते हुए पड़ताल की। गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश, संदिग्ध व्यक्ति, असमाजिक तत्वों, सहित अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ की। इन कालोनियों में निवासरत व्यक्तियों व किरायेदारों का सत्यापन करने के साथ ही बाहर से आए बाहरी व्यक्तियों की पूछताछ कर पहचान सत्यापन किया। वहीं निगरानी बदमाश सहित लगातार अपराधों में संलिप्त युवकों को हिदायत दी गई।

## अब मजदूर के बच्चे भी बनेंगे अफसर, प्रदेश के 10 जिलों में निःशुल्क कोचिंग जुलाई से होगी शुरू

**रायपुर।** श्रमिक हितैषी सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विशेष पहल और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के निर्देश पर जुलाई से मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग शुरू होने जा रही है। इस योजना के तहत पीएससी, व्यापम, बैंकिंग प्रतियोगी परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग की सुविधा श्रमिकों के बच्चों को मिलेगी। प्रदेश के 10 जिलों में इस योजना के तहत निःशुल्क कोचिंग शुरू होने जा रही है। श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने बताया कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजीकृत हितग्राहियों के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना प्रारंभ की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप श्रमिक परिवार के बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए ठोस कदम उठाएं जाएं। श्रमिक परिवार के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर सुविधाओं की जरूरत है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403